RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 09
फरीदाबाद, सोमवार, 12 फरवरी, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



टीम इंडिया का सपना तोड़ आस्ट्रेलिया फिर चैंपियन

पेज - 12

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 22.00°C
न्यूनतम 09.00°C

## क्विक न्यूज

### केजरीवाल-भगवंत मान सोमवार को अयोध्या जाएंगे



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के उनके समकक्ष भगवंत मान सोमवार को अयोध्या जाएंगे और राम मंदिर में रामलला के दर्शन करेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित किया गया था लेकिन उन्होंने कहा था कि वह बाद में अपने माता-पिता, पत्नी और बच्चों के साथ दर्शन करने जाएंगे। सूत्रों ने बताया, केजरीवाल और मान कल अयोध्या जा रहे हैं। उनके साथ उनका परिवार भी होगा।

### प्रख्यात साहित्यकार उषा किरण खान का निधन



**नई दिल्ली।** हिंदी और मैथिली की जानी मानी साहित्यकार उषा किरण खान का रविवार को पटना में निधन हो गया। उन्होंने 82 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थीं। उषा किरण खान को पद्मश्री, साहित्य अकादमी और भारत भारती पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शेर शाह सूरी, दूब धान, गई झुलनी टूट उनकी प्रमुख रचनाएं हैं।

### आर्मी गार्ड बटालियन की रस्मअदायगी संपन्न

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू यहां राष्ट्रपति भवन में तैनात आर्मी गार्ड बटालियन की रस्मी अदला-बदली और औपचारिक परिवर्तन की रविवार को साक्षी बनीं। समारोह के दौरान, रस्मी आर्मी गार्ड बटालियन के रूप में सिख रेजिमेंट की छठी बटालियन ने अपना कार्यकाल पूरा करने पर, पांचवीं गोरखा राइफल्स की पहली बटालियन को कार्यभार सौंप दिया। राष्ट्रपति भवन में सेना की विभिन्न इन्फ्रेंट्री (पैदल सेना की) इकाइयां बारी-बारी से रस्मी आर्मी गार्ड के रूप में सेवा देती हैं।

### चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.18 लाख करोड़ बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.18 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एलआईसी और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। इन कंपनियों का बाजार मूल्यांकन सामूहिक रूप से 218598.29 करोड़ रुपये बढ़ गया। वहीं दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 106631.39 करोड़ की गिरावट आई।

## पहलवान साक्षी मलिक ने उषा, मैरी कॉम पर साधा निशाना

**कहा, कई महीने बीत जाने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला**

**एजेंसी।** तिरुवनंतपुरम



**संन्यास** ले चुकी पहलवान साक्षी मलिक ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर महिला पहलवानों के एक समूह के विरोध प्रदर्शन को समर्थन नहीं देने के लिए देश की जानी-मानी खिलाड़ियों- पीटी उषा और मैरी कॉम पर निशाना साधा है। मलिक ने कहा कि हालांकि उषा और मैरी कॉम को उनकी जैसे खिलाड़ियों द्वारा एक प्रेरणा के रूप में लिया जाता था, लेकिन उन्होंने पीड़ित महिला पहलवानों के समर्थन में कुछ नहीं बोला। ओलंपिक पदक विजेता यहां कनकक्कुन्नू में आयोजित मातृभूमि इंटरनेशनल फेस्टिवल ऑफ लेटर्स (एमबीआईएफएल) 2024 के तहत एक सत्र को संबोधित कर रही थी। अपने आंदोलन को लेकर दिग्गज खेल सितारों की प्रतिक्रिया पर हैरानी जताते हुए उन्होंने कहा कि उन दोनों ने पहलवानों को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया था, लेकिन कोई समाधान निकालने के लिए कुछ नहीं किया। मलिक ने कहा, पीटी उषा मैडम हमारे प्रदर्शन स्थल पर आई थीं। हमने उन्हें अपने मुद्दों के बारे में विस्तार से बताया था। वह हमारा समर्थन कर सकती थीं, लेकिन वह हमें यह आश्वासन देने के बावजूद चुप रहीं कि वह हमारे साथ खड़ी रहेंगी और हरसंभव मदद करेंगी।

दिग्गज पहलवान मैरी कॉम के बारे में बात करते हुए वह थोड़ा भावुक हो गई। मैरी कॉम, बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने और एक रिपोर्ट सौंपने के लिए गठित निरीक्षण समिति की सदस्य थीं। उन्होंने कहा कि जब मैरी कॉम समिति में थीं तो उन्होंने प्रत्येक महिला पहलवान की कहानियां सुनीं। उन्होंने कहा, कहानियां सुनने के बाद वह बहुत भावुक हो गईं। उन्होंने यह भी कहा था कि वह हमारे साथ खड़ी रहेंगी। उन्होंने कहा कि लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला। बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक जैसे शीर्ष पहलवानों ने महिला पहलवानों के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए भूषण की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नई दिल्ली में धरना दिया था।

## सात जिलों में इंटरनेट और पंजाब के रास्ते बंद

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**हरियाणा** के अंबाला से चंडीगढ़ आवागमन की एक-एक लेन खुली है। वह भी कभी भी बंद की जा सकती है। जिले में प्रशासन मुस्तैद नजर आ रहा है और शंभू टोल पर बीएसएफ के जवानों की तैनाती की गई है। जैमर के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान नहीं हो सकेगा। लोगों की आवाजाही पर पूरी तरह से रोक है। शंभू टोल से आगे पुलिस के अलावा कोई नहीं जा सकेगा। पुलिस लाइन में भी मॉक ड्रिल होगी। अब फाइनल रिहर्सल की तैयारी है। पंजाब हरियाणा सीमा पर बीएसएफ और आरएएफ के जवानों को भी तैनात किया गया है। शंभू बॉर्डर पर सीमेंट के बैरिकेड लगाने के बाद सीमेंट में कीलें भी गाड़ दी गई हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से किसानों को रोकने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। वहीं शंभू बॉर्डर बंद होने की वजह से कुछ लोग घग्गर नदी से आवागमन कर रहे हैं।

**गुलाम नबी बोले, मैं न तो भाजपा के नजदीक और न कांग्रेस के**

## भाजपा 400 सीट जीती तो 'इंडिया' जिम्मेदार होगा : आजाद

**कहा, गुज्जरों और बक्करवालों को मिला आरक्षण अछूता रहेगा**

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू



**जम्मू**-कश्मीर के पूर्व सीएम और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के चेयरमेन गुलाम नबी आजाद ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 सीट का आंकड़ा पार करती है तो इसके जिम्मेदार इंडिया के वो नेता होंगे, जो गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं। जम्मू के बाहरी इलाके प्रगवाल में गुलाम नबी आजाद बैठक के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मैं कोई ज्योतिषी नहीं हूं जो बता सकूं कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 का आंकड़ा पार करेगी या नहीं। ऐसा होता है तो इसका जिम्मेदार इंडिया ब्लॉक ही होगा। उन्होंने ये भी कहा कि मैं न तो कांग्रेस के करीब हूं और न ही भाजपा के। अगर भाजपा कुछ भी गलत कर रही है तो मैं उनकी आलोचना करने वाला पहला व्यक्ति हूं। इसी तरह कांग्रेस कुछ भी सही कर रही है तो मैं उनकी तारीफ करता हूं।

9 फरवरी को जम्मू के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि एनडीए इस बार के लोकसभा चुनाव में 400 से ज्यादा जीत सकती है। इस पर नबी ने कहा कि उमर अब्दुल्ला अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री थे, उन्हें शायद अपनी पुरानी वफादारी याद होगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस इंडिया ब्लॉक में शामिल है। आजाद ने कहा कि जब मैं पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में पर्यटन मंत्री था, तब राव ने मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री बनाया था। उनकी उदारीकरण नीतियों ने बाहरी दुनिया के साथ तालमेल बैठाने के लिए उन अर्थव्यवस्थाओं में क्रांति ला दी, जो हमसे आगे बढ़ रही थीं। मैंने हवाई सेवा में एकाधिकार को खत्म करने के लिए उदारीकरण नीति की भी वकालत की। राव सरकार की शुरू की गई उदारीकरण नीति का मोदी सरकार भी अनुसरण कर रही है।

नबी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह सबसे बड़े किसान नेता थे। हमने किसी अन्य नेता को उनके कद के बराबर आते नहीं देखा। देश के लिए उनके योगदान को पहचानने से कृषक समुदाय का मनोबल बढ़ेगा। राष्ट्रहित में दोनों नेताओं के काम को स्वीकार करने के लिए प्रधानमंत्री का आभारी हूं। देशहित में कोई काम हुआ है तो उसकी सराहना होनी चाहिए और अगर मौजूदा सरकार ऐसा कर रही है तो हमें उसकी तारीफ करनी चाहिए।

नबी ने संसद द्वारा संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 पारित करने पर चार समुदायों- गड्डा ब्राह्मण, कोली, पद्दारी जनजाति और पहाड़ी जातीय समूह को जम्मू और कश्मीर में अनुसूचित जनजातियों की सूची में जोड़ा गया है। इस पर आजाद ने कहा कि लोग लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। हमने हमेशा इस शर्त पर उनका समर्थन किया है कि गुज्जरों और बक्करवालों को मिला आरक्षण अछूता रहेगा।

### दोनों देशों के बीच तनाव के लिए पाकिस्तान जिम्मेदार

**गुलाम** नबी आजाद ने पाकिस्तान में हुए चुनाव पर कहा कि चुनावी प्रक्रिया में सेना के हस्तक्षेप के कारण पड़ोसी देशों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव दूर की कौड़ी है। पाकिस्तान के गठन के बाद से ही भारत के साथ उसके साथ मतभेद रहे हैं। दोनों देशों के बीच तनाव के लिए पाकिस्तान जिम्मेदार है। आजादी के तुरंत बाद पाकिस्तान ने हमला किया और हमारे हिस्से को अलग कर दिया, जिसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के रूप में जाना जाता है। हमारे भाई वहां खुश नहीं हैं, जहां भारत को लोकतंत्र मिला और चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से प्रधानमंत्रियों को बदलते देखा। वहीं, पाकिस्तान को तानाशाही मिली और सेना वहां सरकारें चला रही है। जन नेता सेना की दया पर जी रहे हैं, जो तय करती है कि कौन जीतेगा या हारेगा। नबी ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हमारी सेना या कोई और की हमारे चुनावों में दखलअंदाजी नहीं है। यही लोकतंत्र है। हम प्रार्थना करते हैं कि जनता के फायदे के लिए वहां भी ऐसा माहौल बने।

## पेटीएम भुगतान सेवा में चीन से एफडीआई प्रवाह की जांच कर रही सरकार

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**सरकार** वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड की सहायक कंपनी पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) में चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की जांच कर रही है। पीपीएसएल ने नवंबर 2020 में भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। आरबीआई ने हालांकि नवंबर 2022 में पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया और कंपनी को इसे फिर से जमा करने के लिए कहा, ताकि एफडीआई नियमों के तहत प्रेस नोट तीन का अनुपालन किया जा सके। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) में चीनी फर्म एंट ग्रुप कंपनी का निवेश है। इसके बाद, कंपनी ने एफडीआई दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित प्रेस नोट तीन का अनुपालन करने के लिए ओसीएल से कंपनी में पिछले निवेश के लिए भारत सरकार के साथ 14 दिसंबर, 2022 को आवश्यक आवेदन दायर किया।

सूत्रों ने कहा कि एक अंतर-मंत्रालयी समिति पीपीएसएल में चीन से निवेश की जांच कर रही है और उचित विचार तथा व्यापक जांच के बाद एफडीआई मुद्दे पर निर्णय लिया जाएगा। प्रेस नोट तीन के तहत, सरकार ने भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से किसी भी क्षेत्र में विदेशी निवेश से पहले उसकी मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया था। इस कदम का मकसद कोविड-19 महामारी के बाद घरेलू कंपनियों के अवसरवादी अधिग्रहण को रोकना था।

पेटीएम के प्रवक्ता ने संपर्क करने पर कहा कि पीपीएसएल ने ऑनलाइन व्यापारियों के लिए एक ऑनलाइन भुगतान एग्रीगेटर (पीए) का आवेदन किया था। नियामक ने बाद में पीपीएसएल को पिछले निवेश के लिए आवश्यक मंजूरी लेने और आवेदन को फिर से जमा करने को कहा था। प्रवक्ता ने कहा, भुगतान एग्रीगेटर लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले हर व्यक्ति को एफडीआई मंजूरी लेनी होती है, और यह नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। प्रवक्ता ने कहा कि पीपीएसएल ने प्रासंगिक दिशानिर्देशों का पालन किया और निर्धारित समय के भीतर सभी जरूरी दस्तावेज नियामक को सौंप दिए।

### अडाणी पोर्ट्स का जलवायु संबंधी कार्रवाई में शीर्ष स्थान

**नई दिल्ली।** अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) लिमिटेड ने चार वैश्विक रेटिंग एजेंसियों के आकलन में अपने जलवायु संबंधी कार्रवाई और पर्यावरण के प्रति प्रदर्शन में शीर्ष स्थान हासिल किया है। यह आकलन सीडीपी, एसएंडपी, सस्टेनेलिटिक्स और मूडीज ने किया है। एक बयान में कहा गया कि जहां कंपनी ने सीडीपी क्लाइमेट असेसमेंट 2023 में लीडरशिप बैंड हासिल किया, वहीं एसएंडपी ग्लोबल सीएसए 2023 द्वारा परिवहन और परिवहन बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में 324 कंपनियों के बीच पर्यावरण खंड में पहले स्थान पर रही।

## इंडिगो का विमान टैक्सीवे से आगे बढ़ा, रनवे 15 मिनट रहा बाधित

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**विमान को एक ट्रैक्टर की मदद से पार्किंग क्षेत्र में ले जाया गया**

**अमृतसर** से इंडिगो का एक विमान रविवार सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद निकास टैक्सीवे को पार कर गया। इसके कारण एक रनवे 15 मिनट से कुछ अधिक समय के लिए बाधित हो गया और उड़ान संचालन प्रभावित हुआ। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा कि अमृतसर से दिल्ली जा रहा विमान कम दृश्यता के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद टैक्सीवे से बाहर निकलने से चूक गया। टैक्सीवे हवाई अड्डे पर विमानों के लिए एक रास्ता होता है, जो रनवे को एप्रन, हैंगर, टर्मिनल और अन्य सुविधाओं से जोड़ता है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि निर्दिष्ट टैक्सीवे से चूकने के बाद उड़ान संख्या 6ई 2221 का संचालन करने वाला ए320 विमान इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर रनवे 28-10 के अंतिम छोर पर चला गया। सूत्रों ने बताया कि विमान सुबह करीब साढ़े आठ बजे रनवे 28-10 पर उतरा लेकिन निर्धारित टैक्सीवे से बाहर नहीं निकल सका। सूत्रों ने बताया कि इसके परिणामस्वरूप रनवे 15 मिनट से कुछ अधिक समय तक अवरुद्ध रहा। उन्होंने कहा कि विमान को एक ट्रैक्टर की मदद से पार्किंग क्षेत्र में ले जाया गया, जिसके बाद रनवे पर सामान्य संचालन शुरू हो सका।

एक सूत्र ने कहा कि विमान के हवाई अड्डे पर उतरने के बाद, एक हवाई यातायात नियंत्रक ने पायलट को टैक्सीवे के6 पर रनवे खाली करने के लिए कहा। सूत्र ने बताया हालांकि कम दृश्यता के कारण विमान टैक्सीवे पर नहीं जा सका। इंडिगो के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि दृश्यता कम होने के कारण विमान टैक्सीवे से बाहर नहीं निकल पाया।

### प्रमोद कृष्णम 6 साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में पार्टी के नेता और कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार (10 फरवरी) को एक बयान जारी इसकी जानकारी दी। वेणुगोपाल ने कहा कि अनुशासनहीनता और पार्टी के खिलाफ बार-बार बयान देने की शिकायतों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रमोद कृष्णम को तत्काल प्रभाव से निष्कासित करने के उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पार्टी से निष्कासन के बाद प्रमोद कृष्णम ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा- मैं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे कांग्रेस से मुक्ति देने का फरमान जारी किया। क्या कांग्रेस में रहने का मतलब है कि हमें चमचागिरी करना और झूठ बोलना जरूरी है। हाल ही में प्रमोद कृष्णम ने अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की जमकर तारीफ की थी। वे 22 जनवरी को अयोध्या भी गए थे।

## भाजपा ने टीएमसी नेताओं पर महिलाओं के उत्पीड़न का आरोप लगाया, हुआ प्रदर्शन

**एजेंसी।** कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने संदेशखली में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं के खिलाफ महिलाओं के उत्पीड़न और अत्याचार का आरोप लगाते हुए रविवार को कोलकाता के उत्तरी हिस्से में विभिन्न पुलिस थानों के सामने विरोध प्रदर्शन किए। भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने पहले एमहर्स्ट स्ट्रीट में उपायुक्त (उत्तर) के कार्यालय के सामने और फिर श्यामपुकुर पुलिस थाने पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली के स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता लंबे समय से क्षेत्र में महिलाओं को परेशान और प्रताड़ित कर रहे हैं। संदेशखली में महिलाओं ने भी पिछले कुछ दिनों में यह आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया है कि टीएमसी के स्थानीय नेता शेख शाहजहां और उसके गिरोह ने उनका यौन उत्पीड़न करने के अलावा, जमीन के बड़े हिस्से पर बलपूर्वक कब्जा कर लिया है। उन्होंने पिछले महीने से फरार शाहजहां की गिरफ्तारी की मांग की। वह उस वक्त फरार हो गया था जब कथित राशन घोटाले में उसके घर पर छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था।

### बेटे को गोली लगी, रातभर रुई से खून रोकते रहे, सुबह मौत

**हल्द्वानी।** भाई और भतीजे सामने पड़े थे। भाई को सीने में, भतीजे को पेट में गोली लगी थी। उनके बदन से खून निकल रहा था। दोनों सांस ले रहे थे। सोचा हॉस्पिटल ले जाएं, लेकिन बाहर पुलिसवाले पीट रहे थे। इसलिए डर की वजह से घर में रहे। रातभर रुई से खून रोकते रहे। सुबह एंबुलेंस आई, तब हॉस्पिटल ले गए, लेकिन तब तक दोनों जिंदा नहीं बचे।' उत्तराखंड के हल्द्वानी की गफूर बस्ती में रहने वाले मोहम्मद आरिफ ये बताते हुए रोने लगते हैं। गफूर बस्ती में 8 फरवरी को एक मस्जिद और मदरसा तोड़ने के बाद हिंसा भड़क गई थी। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई।

## वोटों की गिनती में इमरान समर्थक सबसे आगे

**एजेंसी।** लाहौर

**पाकिस्तान** में नेशनल असेंबली और प्रांतीय चुनाव के लिए वोटिंग खत्म होने के 67 घंटों बाद सभी सीटों पर वोटों की गिनती पूरी हो गई है। हालांकि, अब तक चुनाव आयोग ने इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की है। नतीजों में किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। इमरान खान के समर्थक निर्दलीय उम्मीदवार 93 सीटों के साथ सबसे आगे हैं। नवाज की पार्टी 75 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर है। इमरान की पीटीआइ और बिलावल की पीपीपी ने कई सीटों पर धांधली के आरोप लगाए थे। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं। इनमें से 265 सीटों पर चुनाव हुए। एक सीट पर चुनाव टाल दिए गए हैं, जबकि एक सीट एनए-88 के नतीजों को खारिज कर दिया गया है। यहां 15 फरवरी को फिर से वोटिंग होगी।

## कांग्रेस को सिर्फ चुनाव के समय गांव-गरीब और किसान याद आते हैं : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी।** झाबुआ



**कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो लोगों को लूटने का काम करती**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार आदिवासियों के हितों के लिए काम कर रही है, जबकि विपक्षी कांग्रेस को सिर्फ चुनाव के समय ही गांव, गरीब और किसान याद आते हैं। प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में आदिवासी समुदाय के लोगों की एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कुछ ही महीनों में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले इस साल प्रधानमंत्री मोदी की मध्य प्रदेश की यह पहली यात्रा है। उन्होंने कहा, हमने वोट के लिए नहीं, बल्कि आदिवासियों के स्वास्थ्य को लेकर सिकल सेल एनीमिया के खिलाफ अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस को केवल चुनाव के समय ही गांव, गरीब और किसान याद आते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो लोगों को लूटने का काम करती है और जब सत्ता से बाहर होती है तो लोगों को लड़वाने का काम करती है। उन्होंने कहा, लूट और फूट कांग्रेस का ऑक्सीजन है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां तक कि संसद में विपक्षी नेता भी अब सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लिए अबकी बार 400 पार बात कह रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कमल चिह्न 370 से ज्यादा सीट जीतेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं झाबुआ में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने नहीं, बल्कि आपका सेवक बनकर आया हूं। हमारी डबल इंजन सरकार मध्य प्रदेश में दोगुनी गति से काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने मतदाताओं से भाजपा को 370 लोकसभा सीट जीतने के लिए पिछले चुनाव की तुलना में प्रत्येक बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट सुनिश्चित करने को कहा।

# देश-प्रदेश में मोदी-मनोहर की लहर है

## गांव भुआपुर में विधायक नागर एवं भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा का हुआ स्वागत



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**तिगांव** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक राजेश नागर का गांव भुआपुर में जोरदार स्वागत हुआ। स्थानीय जनता ने कहा कि विधायक राजेश नागर जैसा विधायक न देखा न सुना। वह आज भी हम सबकी सुनते हैं, इसलिए हम उनको सम्मानित कर रहे हैं।

यहां गांव भुआपुर पहुंचने पर विधायक राजेश नागर का जोरदार स्वागत हुआ। ग्रामीणों ने उन्हें पगड़ी बांधकर और फूलमालाओं से स्वागत किया। नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशन में देश-प्रदेश आगे बढ़ रहा है। विधायक राजेश नागर ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी में भी करोड़ों देशवासियों को वैक्सीन, भोजन देकर उनके प्राणों की रक्षा करने वाला नेतृत्व हमारे पास है।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि विपक्ष हिंदू समाज की भावनाओं का राम मंदिर के नाम पर मजाक उड़ाते थे। कहते थे कि यह भाजपा वाले मंदिर वहीं बनाएंगे का नारा लगाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मंदिर भी बना है और भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। नागर ने कहा कि श्रीराम का नाम लेने से आदमी तर जाता है, लेकिन कांग्रेसी कहते थे कि राम का कोई अस्तित्व ही नहीं है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में बिना पर्ची, बिना खर्ची के नौकरियां लग रही हैं। आज गरीब का बच्चा भी एचसीएस लग रहा है। जिससे हरियाणवीं लोगों में दीवानगी है।

# पुरुष वर्ग में पंजाब स्पोर्ट्स, महिला वर्ग में यूनाइटेड क्लब चैंपियन

**सांसद खेल महोत्सव**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**फरीदाबाद** में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। खेल महोत्सव में फुटबाल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में फरीदाबाद, पलवल जिलों की 36 फुटबाल टीमों ने भाग लिया। जिसमें 28 टीमों ने पुरुष वर्ग और आठ टीमों ने महिला वर्ग में भाग लिया। प्रतियोगिता नौ फरवरी से 11 फरवरी तक आयोजित हुईं। पुरूष वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता फरीदाबाद के नाहर सिंह स्टेडियम में आयोजित की गई।

पुरुष वर्ग का फाइनल पंजाब स्पोर्ट्स क्लब व वीनस फुटबाल क्लब के बीच हुआ। एक घंटा चली प्रतियोगिता में पंजाब स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने वीनस फुटबॉल क्लब की टीम को एक शून्य से मात दी। पंजाब स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से मुकाबले का विजयी गोल पेनल्टी द्वारा किया गया। पंजाब स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने वीनस फुटबॉल की टीम को कांटे के मुकाबले में हराया। वीनस फुटबॉल क्लब की टीम उपविजेता रही। तीसरी पोजिशन के लिए मुकाबला आजाद कोच सेंटर व केएफसी के बीच हुआ। दोनों टीमों के मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद दोनों टीमों को तीसरी पोजिशन पर सामूहिक रूप से विजेता घोषित किया गया। महिला वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन एनएच-4 के आजाद मैदान पर आयोजित किया गया। फाइनल मुकाबला यूनाइटेड फुटबाल क्लब फरीदाबाद व नाहर सिंह फुटबॉल क्लब फरीदाबाद के बीच हुआ। यूनाइटेड फुटबॉल क्लब की महिला टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए नाहर सिंह फुटबॉल क्लब की टीम को तीन शून्य से मात दी।

यूनाइटेड फुटबॉल क्लब की महिला टीम ने तीनों मैदानी गोल किए। यूनाइटेड फुटबॉल क्लब की टीम महिला वर्ग में पहले व नाहर सिंह फुटबॉल क्लब की टीम दूसरे स्थान पर रही। तीसरे स्थान के लिए मुकाबला केएल मेहता दयानंद कॉलेज व दौजी फुटबॉल क्लब पलवल के बीच हुआ। दोनों टीमों के बीच एक घंटा चला खेल बराबरी पर छूटा। बराबरी पर मुकाबला छूटने पर केएल मेहता दयानंद कॉलेज व दौजी फुटबॉल क्लब की महिला टीमों को तीसरे स्थान के लिए सामूहिक रूप से विजेता घोषित किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में पहला स्थान पाने वाली पंजाब स्पोर्ट्स क्लब की टीम को 31000, दूसरा स्थान पाने वाली वीनस क्लब को 21000 रुपये व सामूहिक रुप से तीसरे स्थान पर रहने वाली आजाद कोच सेंटर व केएफसी को सामूहिक रूप से 11000 रुपये की इनामी राशि दी गई।

महिला फुटबाल वर्ग में पहला स्थान पाने वाली यूनाइटेड फुटबाल क्लब की टीम को 31000 रुपये, दूसरे स्थान पर रहने वाली नाहर सिंह फुटबाल क्लब की टीम को 21000 रुपये व तीसरे स्थान पर सामूहिक रूप से रहने वाली केएल मेहता दयानंद कॉलेज व दौजी क्लब की टीमों को सामूहिक रूप से 11000 रुपये की इनामी राशि दी गई। इसकी जानकारी जिला फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मेहता ने दी।

# मेले में पारंपरिक वेशभूषा में कलाकार पर्यटकों का कर रहे मनोरंजन

## मुख्य व छोटी चौपाल पर शानदार प्रस्तुतियों से दर्शक झूमने पर हो रहे हैं मजबूर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद






शिल्प मेले में चौपाल पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते हरियाणवी गायक गजेंद्र फोगाट, चौपाल पर राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत करती कलाकार, कार्यक्रम का आनंद लेती विदेशी कलाकार। फोटो- राजेश पुंजानी।





**37वें** सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में पहुंच रहे पर्यटकों का पारंपरिक वेशभूषा से सुसज्जित लोक कलाकार एक ओर जहां मेला परिसर में निरंतर वाद्ययंत्रों की सुरीली धुनों से अभिनंदन कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर दिनभर मुख्य चौपाल एवं छोटी चौपाल पर देशी व विदेशी कलाकार अपनी समृद्ध संस्कृतियों से ओतप्रोत शानदार प्रस्तुतियों से खूब मनोरंजन कर रहे हैं। पर्यटक भी इन कलाकारों के साथ झूम रहे हैं तथा लगातार कलाकारों का हौंसला बढा रहे हैं।

शिल्प मेला में हर कॉर्नर में बीन पार्टियां, डमरू पार्टियां, नगाड़ा पार्टियां, कच्ची घोड़ी के अलावा अन्य सांस्कृतिक मंडलियां अपने वाद्य यंत्रों से लगातार पर्यटकों का अभिवादन कर रहीं हैं। इन कलाकारों की धुनों पर लोकल पर्यटक ही नहीं, बल्कि विदेशी पर्यटक भी भाषाओं के बंधनों को तोडकर खूब थिरक रहे हैं। मेला क्षेत्र में विनोदनाथ जैसी 12 बीन पार्टियां नागिन धुनों पर पर्यटकों को खूब नचा रहीं हैं। इस पार्टी में बीन, ढोल, तुंबा, चिमटा आदि वाद्य यंत्र प्रयोग किए जा रहे हैं। इस पार्टी में विनोदनाथ के अलावा लक्ष्मण, बनवारी, पप्पू, सोनू, राजेंद्र, शंकर, सुंदर, रोहित आदि कलाकार सुबह से लेकर देर रात तक पर्यटकों का खूब मनोरंजन कर रहे हैं। हर आयु के पर्यटक इन कलाकारों की धुनों पर थिरकते नजर आ रहे हैं।

छोटी चौपाल पर दिनभर देशी व विदेशी कलाकार अपनी संस्कृतियों की झलक बिखेरते शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। दर्शक भी झूमते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का हौंसला बढ़ा रहे हैं। इस चौपाल पर आज हरियाणवी नृत्य के अलावा राजस्थानी, असम, महराष्ट्र व विभिन्न विदेशी कलाकारों की प्रस्तुतियों की धूम रही। हास्य कलाकार मोहन दलाल ने भी हरियाणा की जबरदस्त हाजिर जवाबी का परिचय देते हुए दर्शकों को खूब हंसाया।

इस चौपाल पर दीपक कुमार के नेतृत्व में लावण्य फाउंडेशन की टीम द्वारा हरियाणा में शादी-ब्याह के अवसर पर गाए जाने वाले गीतों, नव विवाहित दूल्हा-दुल्हन के संवाद को सुरों में पिरोकर गाए गीतों पर शानदार समूह नृत्य प्रस्तुत किया। इन कलाकारों ने हरियाणवी पारंपरिक वेशभूषा कुर्ता, दामण व चुंदडी में मनोहारी प्रस्तुति दी। इन कलाकारों ने छोटी सी बनडी, फेरां पै चढगी तथा मेरे घूंघट न मत खोलिए मनै आवे शर्म हया गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। केन्या के कलाकारों ने अपने पारंपरिक लोक गायन व लोक गीतों से दर्शकों को भाव विभोर किया। इनके अलावा इस चौपाल पर सलीम हरियाणवीं की टीम द्वारा शानदार हरियाणवीं नृत्य, राजस्थान के रूप सिंह की टीम द्वारा चकरी नृत्य, पंजाब के रवि एवं टीम द्वारा देश दियां शान भंगडा पंजाब दा पर शानदार भंगडा प्रस्तुत किया। अन्य प्रदेशों व देशों के कलाकारों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

# राष्ट्रीय अवार्डी शिल्पकार महावीर सैनी पीतल पर नक्काशी को दे रहे बढ़ावा

## हाई स्कूल की शिक्षा के दौरान अपनाई नक्काशी की कला



**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में देश-विदेश के शिल्पकार अपनी सर्वश्रेष्ठ कृतियों की ओर पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। मुरादाबाद के राष्ट्रीय शिल्पकार पुरस्कार से सम्मानित महावीर सिंह सैनी पीतल पर नक्काशी की कला को प्रसिद्धि दिलाने में निरंतर प्रयासरत हैं। उन्हें वर्ष 2017 के लिए राष्ट्रीय शिल्पकार अवार्ड प्रदान किया गया है। वर्तमान में पीतल धातु महंगी होने की वजह से आज कल उन्होंने कांसे पर नक्काशी करना शुरू किया है।

महावीर सिंह सैनी मेला परिसर में स्टाल संख्या-1240 पर पीतल पर नक्काशी की कृतियों को प्रदर्शित कर रहे हैं। उन्होंने हाई स्कूल में पढाई के दौरान ही 1988 में पड़ोस में पीतल पर नक्काशी की कला को अपनाने की प्रेरणा ली। माता-पिता ने भी उन्हें इस कला को अपनाकर आत्मनिर्भर होने के लिए प्रोत्साहित किया। आज वे 15 सदस्यों के साथ पूजा हैंडीक्राफ्ट्स समूह के माध्यम से पीतल पर नक्काशी की कला को आगे बढा रहे हैं। इस स्टाल पर 100 रुपये से 45 हजार रुपये तक की पीतल पर नक्काशी की कृतियां उपलब्ध हैं। उन्होंने 55 हजार रुपये की पीतल पर नक्काशी की जिराफ सेट की कृति को मेले के दौरान पर्यटकों को बिक्री किया है।

शिल्पकार महावीर सिंह सैनी का कहना है कि पीतल पर नक्काशी का कार्य इतना आसान नहीं है। धातु को गलाने, मॉल्डिंग और बफिंग की प्रक्रिया के दौरान हानिकारक धुआं व डस्ट उड़ती है, जिससे कैंसर बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। इसके दृष्टिगत वर्तमान में धातु गलाने व बफिंग के कार्य में मशीन का प्रयोग भी शुरू हुआ है।

# पीएम ने चौधरी चरण सिंह की नीतियों पर लगाई मुहर

**फरीदाबाद।** हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की नीतियों पर मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह सच्चे किसान मसीहा थे। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा रविवार को गांव खेड़ी पहुंचकर देश के किसानों के हितेषी पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दे रहे थे।

उल्लेखनीय है कि गांव खेड़ी से किसान और समाजसेवी विजयपाल तेवतिया ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह तेवतिया को भारत रत्न दिलाने पर धन्यवाद हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने शिरकत की। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के पुत्र एवं पूर्व में सीनियर डिप्टी मेयर रहे देवेंद्र चौधरी, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बलदेव अलावलपुर, विनोद चौधरी आदि उपस्थित थे।

# खेल स्पर्धाओं से खिलाड़ियों में बढ़ता है धैर्य : मुथरेजा



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**तीन** दिवसीय सांसद खेल महोत्सव के अंतिम दिन सेक्टर-12 खेल परिसर में हॉकी मैच के तीसरे और चौथे राउंड के मैच खेले गए। जिसमें सरूरपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने भागीदारी की भूमिका निभाई।

पहला मैच सेक्टर-12 स्पोर्ट्स कांप्लेक्स और प्रहलादपुर हॉकी टीम के बीच रोमांचक मैच हुआ। जिसमें अंतिम समय में सेक्टर-12 स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की टीम ने दो गोल करके मैच अपने नाम कर लिया। प्रहलादपुर हॉकी टीम कोई भी गोल अपने नाम नहीं कर पाई। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा का सरूरपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रधान जितेंदर शाह और टीम द्वारा बुके से स्वागत किया गया। इस मौके पर राजन मुथरेजा ने हॉकी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

हॉकी कोच नीरेश ने उन्हें सांसद खेल महोत्सव में हो रहे हॉकी के विभिन्न मैचों के बारे में जानकारी दी। सरूरपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रधान जितेंदर शाह ने राजन मुथरेजा को बताया की हॉकी में विजेता खिलाड़ियों को नकद प्राइज 31000, 21000, 11000 रखा गया है। फाइनल मैच पहले हो चूका है। तीसरे और चौथे राउंड के मैच खेले गए। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा ने बधाई दी।

# शिलोंग कोयर बैंड के नाम रही सांस्कृतिक संध्या

**मुख्य सचिव संजीव कौशल, पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव एमडी सिन्हा, डीसी विक्रम सिंह, एडीसी आनंद शर्मा और टूरिज्म के एमडी नीरज कुमार ने उठाया कार्यक्रम का लुत्फ**

**फरीदाबाद।** 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में बड़ी चौपाल पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में मशहूर बैंड शिलोंग कोयर के कलाकारों के नाम रही। इस सांस्कृतिक संध्या का हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल, पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव एमडी सिन्हा, डीसी विक्रम सिंह, एडीसी आनंद शर्मा व टूरिज्म के एमडी नीरज कुमार, एसडीएम बड़खल अमित मान सहित कई उच्च अधिकारियों ने रंगारंग कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। बता दें कि गत दो फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित किए जा रहे 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में देश के विभिन्न राज्य और करीब 40 देश भागीदार बन रहे हैं। थीम स्टेट गुजरात तथा पार्टनर देश तंजानिया है। वहीं अष्ट लक्ष्मी प्रांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पार्टनर की छटा बिखेर रहे हैं। इन्हीं राज्यों में शामिल देश के सुंदर प्रदेश शिलोंग के मशहूर बैंड शिलोंग कोयर ने मुख्य चौपाल पर अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। बैंड द्वारा बॉलीवुड गाने जैसे तेरी मिट्टी में मिल जावा, गुल बनके खिल जावा, इतनी सी है दिल की आरजू, बार बार देखो, सूरजकुंड देखने की चीज है हमारा दिलरुबा, जाने कहा मेरा फिसल गया जी, अभी अभी यही था किधर गया जी पर अपनी प्रस्तुति देकर भीड़ से खचा-खच भरी चौपाल में दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया।



## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




तेरे अपने तुझे अब याद कर दिन रात रोते हैं
जो जिम्मेदार हैं वो चैन की अब नींद सोते हैं
भगतसिंह जिस जगह पर आपने बंदूक बोयी थी
सियासी आजकल उसपर फसल नफरत की बोते हैं

# लायक बेटे की तरह कर रहा हूं पृथला क्षेत्र की जनता सेवा: नयनपाल रावत

## चंदावली में पृथला परिवार कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन, विधायक का 104 मीटर लंबी पगड़ी पहना किया स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पृथला** विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत द्वारा चंदावली स्थित कार्यालय पर पृथला परिवार कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में समूचे क्षेत्र के 104 गांवों के पंच-सरपंचों एवं गणमान्य लोगों ने भारी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सम्मेलन में जहां युवा-बुजुर्ग ढोल नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए पहुंचे। वहीं महिलाएं भी गीत गाते हुए सम्मेलन स्थल तक पहुंचीं। सम्मेलन में विशेष तौर पर मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव एवं भाजपा नेता अजय गौड़, पिड़ूंरी से निर्दलीय रणधीर गोलन और जेजेपी से विधायक जोगीराम सिहाग मौजूद रहे। परिवार सम्मेलन में क्षेत्र की मौजिज सरदारी द्वारा विधायक नयनपाल रावत को 104 मीटर लंबी पगड़ी पहनाकर उनका मान सम्मान किया गया।

सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि उनके बुलावे पर इतनी बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों का वह सर्वप्रथम अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि पृथला क्षेत्र उनका परिवार है और इस परिवार के अंदर जज्बा, सोच, प्यार, लाड और दुलार सभी है। इसी प्यार की बदौलत एक छोटे से किसान के बेटे को लोगों ने अपना आशीर्वाद देकर चंडीगढ़ तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि विधायक बनने के बाद चार महीने के उपरांत कोरोना महामारी आ गई, जिसके चलते वह काम नहीं कर पाए, लेकिन इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ी। पौने चार साल के दौरान जहां 300 करोड़ की सड़कें बनवाईं जा रही हैं, वहीं 250 करोड़ की लागत से गोल्ड फील्ड अस्पताल बनवाया गया।

इसके अलावा डी प्लान के तहत भी क्षेत्र में संपूर्ण विकास कार्य करवाए गए। उन्होंने कहा कि अभी भी सात महीने उनके पास हैं और वह लोगों की हर समस्या को दूर करवाने का भरसक प्रयास करेंगे और मुख्यमंत्री मनोहर लाल और हरियाणा सरकार के सहयोग से विकास में कोई कमी नहीं रहने देंगे।

श्री रावत ने कहा कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 140 करोड़ उनका परिवार है, मुख्यमंत्री मनोहर लाल के लिए 1.80 करोड़ की जनता उनका परिवार है, उसी तरह पृथला क्षेत्र के पांच-छह लाख लोग उनका परिवार हैं और वह इस परिवार की एक बेटे व भाई के रूप में सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनसेवक कई लोग लिखते हैं, लेकिन मैं जनता के लिए जीता हूं और मुझे याद है कि क्षेत्र के लोगों ने बुरे वक्त में मेरा साथ दिया था और इसी मैदान से हुंकार भरते हुए मुझे रिकार्ड 66 हजार वोट देकर जीताते हुए चंडीगढ़ भेजने का काम किया था। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक केवल वायदे करते हैं, लेकिन मैं काम में विश्वास करता हूं और जनता के सुख-दुख में एक बेटे व भाई की तरह खड़ा रहता हूं। इस दौरान सम्मेलन में मौजूद हजारों लोगों ने दोनों हाथ उठाकर विधायक नयनपाल रावत को 2024 में फिर से विधानसभा भेजने का विश्वास दिलाया।

सम्मेलन को मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से सम्मेलन में पृथला क्षेत्र के कोने-कोने से भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए हैं, उससे साबित हो गया है कि विधायक नयनपाल रावत जमीनी नेता हैं और उन्होंने विधायक बनकर नहीं, अपितु जनसेवक बनकर आपकी सेवा की है। वर्ष 2019 में चुनाव जीतकर उन्होंने मनोहर सरकार को समर्थन किया था और आने वाले चुनावों में भाजपा इन्हें पूरा मान सम्मान देने का काम करेगी। सम्मेलन को पिड़ूंरी से निर्दलीय रणधीर गोलन और जेजेपी से विधायक जोगीराम सिहाग ने भी संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक बेहतर विधायक और इंसान बताया।

पायनियर
हरियाणा, सोमवार, 12 फरवरी, 2024



# यातायात प्रबंधन की प्रदर्शनी को मिला पहला स्थान

## जीवन ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लगाई विज्ञान प्रदर्शनी

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल




**रविवार** को जीवन ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल पलवल में विज्ञान प्रदर्शनी तथा स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी को बाहर स्कूल से आए छात्र तथा छात्राओं ने बहुत सराहा। वहीं छात्रों के साथ आए उनके अभिभावकों ने प्रदर्शनी की जमकर तारीफ की। विज्ञान से संबंधित सभी प्रोजेक्ट्स को इस तरह दिखाया गया था, मानो वह असल रूप में दिख रही हों। सभी अभिभावकों ने इस के संबंध में कहा कि इस तरह विज्ञान से संबंधित प्रदर्शनी से बच्चों में उनके प्रति रूचि भी बढती है तथा बच्चों का मानसिक विकास भी होता है।

स्कूल प्रबंधक विरेंद्र गहलौत ने स्कूल छात्रों द्वारा अध्यापकों के सहयोग से प्रस्तुत की गई विज्ञान प्रदर्शनी की जमकर तारीफ कर छात्रों का हौसला बढाते हुए उनको बधाई दी तथा अपने वक्तव्य में कहा कि जीवन ज्योति स्कूल आज भी हर क्षेत्र में अपना परचम बनाऐ हुए है, जो किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने सभी छात्रों, उनके अभिभावकों तथा अपने सभी अध्यापकों की अथक मेहनत के लिए उनका धन्यवाद किया और आगामी समय में इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में अपने जिले के प्रत्येक छात्र एवं छात्राओं को मेहनत के बल पर मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। वह मुकाम चाहे खेलकूद प्रतियोगिता या अन्य क्षेत्र में ही क्यों न हो।

प्रबंधक ने बताया कि अभी घोषित सीए फाउंडेशन परीक्षा में जीवन ज्योति ग्रुप ऑफ स्कूल्स के तीन छात्रों ने क्वालिफाई कर सीए के लिए अपनी सीट पक्की की है। प्रबंधक ने हर्ष कौशिक, चंचल तथा ललित रावत को सीए फाउंडेशन परीक्षा पास करने पर उन्हें तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी तथा अपने अध्यापकों की भी तारीफ की। जैसा कि विगत है जीवन ज्योति स्कूल पिछले कई वर्षों से स्टेट लेवल में अपनी पहचान बनाता आ रहा है, जो किसी से छिपा नहीं है।

विज्ञान प्रदर्शनी में क्लामेट चेंज, रेनुवेलेबल एनर्जी,इ हाइ्रलिक ब्रिज, सम्राट सिटी, ऐसिड ड्रेन विंग, पॉवर एनर्जी, सोलर सिस्टम, ड्रिप एरिग्रेशन और विंग मेनू लंग्स हामोडालायसिस पर प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि एडवोकेट विरेंद्र व अन्य स्टाफ द्वारा रोड सेफ्टी पर लगाई गई प्रदर्शनी की काफी सराहना करते हुए प्रथम स्थान दिया गया।

स्कूल प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार, अभिनंदन गुप्ता, जितेंद्र फोगाट ने बातचीत में बताया कि आज स्कूल प्रांगण में स्कॉलरशिप टेस्ट में 810 से अधिक छात्रों ने टेस्ट दिया है, जिनका परिणाम अति शीघ्र घोषित कर दिया जायेगा। रिजल्ट के बाद जो भी छात्र अपना दाखिला लेना चाहता है, वह अपना रजिस्ट्रेशन कर कर सीट पक्का कर सकता है। स्कूल चेरयमैन बीरपाल गहलौत, मैनेजर रंजीत गहलौत ने जिले पलवल से आए सभी छात्रों के अभिभावकों का जीवन ज्योति स्कूल में पधारने पर स्वागत कर धन्यवाद किया तथा अच्छी शिक्षा के लिए उन्हें आशान्वित किया। स्कूल की समस्त टीम को भी सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

# पलवल में सीआईए की बदमाशों से मुठभेड़

दो बदमाश गिरफ्तार, एक गोली लगने से घायल



## दो कट्टे और पांच कारतूस बरामद, बाइक जब्त

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**सीआईए** रविवार को सूचना मिलने पर संगीन अपराधों में शामिल रहे बदमाशों को पकड़ने गई। इस दौरान बदमाशों ने टीम पर गोलियां चला दीं। जवाबी कार्रवाई में टीम ने बदमाशों पर गोलियां चलाईं और एक को घायल कर दिया। अंत में टीम ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनसे दो कट्टे और पांच कारतूस बरामद हुए हैं।

सीआईए प्रभारी अजीत नागर ने बताया कि 10-11 फरवरी की रात दो बजे सूचना मिली कि विभिन्न थानों में दर्ज 10-12 संगीन मामलों के फरार बदमाश सुजवाड़ी-किठवाड़ी मार्ग पर पुल के पास मौजूद हैं। उनमें मथुरा यूपी का धीमरी निवासी रावण और भगत जी कॉलोनी पलवल निवासी तेजपाल उर्फ़ तेजन शामिल हैं।

टीम जब उन्हें पकड़ने पहुंची तो आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से टीम पर सीधे दो फायर किए। इनमें से एक गोली सीआईए की गाड़ी की ड्राइवर साइड की खिड़की में लगी। इसके बाद टीम ने अपराधियों को वॉर्निंग देते हुए अपने बचाव में तीन फायर किए। इनमें से एक गोली बदमाश को लगी और वह घायल हो गया। जिसके बाद टीम ने दोनों बदमाशों को दबोच लिया। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीआईए इंचार्ज ने बताया कि एक आरोपी चार मुकदमों में अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किया हुआ है। टीम ने दोनों के कब्जे से एक बाइक भी बरामद की है।

# किताबों में छिपा है बच्चों का उज्ज्वल भविष्य : एमडी सिन्हा

## डीपीएस ग्रेफा में बुक्स एंड बियोंड्स के सोल फेस्ट में पहुंचे दिग्गज

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**किताबों** में बच्चों का उज्ज्वल भविष्य छिपा है, इसलिए वर्तमान के कहानीकारों को अपनी कहानियों को इस तरह से लिखना चाहिए, ताकि वे विद्यार्थियों को किताब पढ़ने पर विवश कर दें। उक्त वाक्य एमडी सिन्हा प्रधान सचिव हरियाणा सरकार ने डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद में बुक्स एंड बियोंड एवं ह्यूमेन फाउंडेशन द्वारा सोल फेस्ट कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आईएएस अधिकारी गरिमा मित्तल मौजूद रहीं। जबकि सम्मानीय अतिथि के रूप में एचपीएसई के प्रदेश अध्यक्ष सुरेशचंद्र के अलावा अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लक्ष्मी अग्रवाल, शिव अरूर, तुहिन सिन्हा, नीरज कुमार, आनंद नीलकंठन, केविन मिसल, दीपा अग्रवाल, शहजाद पूनावाला, सीमा वाही, कपिल पांडे जैसे प्रतिष्ठित वक्ता, लेखक और कहानीकारों ने शिरकत की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रो. वीसी रोहित जैनेंद्र जैन व बुक्स एन बियांड की अध्यक्षा श्वेता अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर रोहित जैनेंद्र जैन, प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा, मुख्याध्यापिका ऋतु जैन और संजना महाजन ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने जमकर तालियां बटोरीं। इस अवसर पर डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के विद्यार्थियों द्वारा सोल सिंफनी सत्र में श्रीमद्‌भगवदगीता की कलातीत शिक्षाओं के माध्यम से जीवन प्रबंधन पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर साहित्यिक व्यक्तित्व परेड दर्शन का आनंद लिया, जिसमें साहित्यिक पात्रों की रचनात्मकता और विविधता प्रदर्शित की गई। इस मौके पर युवा लेखकों से भी अतिथि रूबरू हुए और उन्हें सराहते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर साहित्यिक थीम स्टाल पर विद्यार्थियों व अभिभावकों ने जमकर अपनी मनपसंद किताबें भी खरीदीं। इस मौके पर गरिमा मित्तल ने डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद व बुक्स एंड बियांड के इस प्रयास की सराहना की। वहीं श्वेता अग्रवाल ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया।



# आयुष विभाग ने राष्ट्रीय यूनानी दिवस मनाया

**पलवल।** आयुष विभाग पलवल द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मलाई में राष्ट्रीय यूनानी दिवस का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी पलवल डॉक्टर संजीव तोमर ने बताया कि हकीम अजमल खान साहब के जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे प्रत्येक वर्ष 11 फरवरी को सरकार द्वारा राष्ट्रीय यूनानी दिवस मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य आमजन को यूनानी चिकित्सा पद्धति के बारे में जागरूक करना है। यूनानी चिकित्सा धिकारी डॉक्टर हमीदुल्लाह ने व्याख्यान में उपस्थित जनसमूह को बताया कि यूनानी चिकित्सा पद्धति भारतीय चिकित्सा विधि का ही एक रूप है। जिसमें कफ, बलगम, पीला पित्त और काला पित्त प्रधानता के आधार पर रोग के लक्षणों का पता करके चिकित्सा की जाती है। यूनानी चिकित्सा पद्धति में रोगी के आहार विहार पर मुख्य ध्यान दिया जाता है। यूनानी चिकित्सा पद्धति से मानसिक रोग, गठिया, मधुमेह, त्वचा विकार और शारीरिक कमजोरी में विशेष लाभ मिलता है।

# हर घर प्रकृति योद्धा अभियान के अंतर्गत दिया संदेश



**पलवल।** हर घर प्रकृति योद्धा अभियान के अंतर्गत मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा प्रकृति पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। संस्था सदस्य हर घर से पर्यावरण रक्षक प्रकृति योद्धा तैयार करने का प्रयत्न कर रहे हैं।

ग्रीन एंबेसडर डॉ. आचार्य राम कुमार बघेल ने बताया कि पुरानी बस्ती सल्लागढ़ से मास्टर विनोद कुमार तथा उनकी पत्नी द्वारा प्लास्टिक के व्यर्थ पड़े कबाड़ को सुंदर गमलों का रूप देकर पौधारोपण किया हुआ है। इस प्रकार के सुंदर कार्यों से शिक्षक विद्यार्थियों को भी पर्यावरण को बचाने के लिए जागरूक कर सकते हैं। पौधारोपण व पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना चाहिए। मास्टर विनोद ने बताया कि कोरोना काल में हम सभी घर के सदस्य इन पौधों के पास बैठकर बहुत अच्छा महसूस करते थे। हमारा खाली समय हर रोज पौधों की देखभाल में ही निकलता है। सभी को अपने स्वस्थ जीवन के लिए थोड़ा समय निकालकर प्रकृति की सेवा में जरूर लगाना चाहिए। संस्था ने छोटे बच्चों को पौधा भेंट कर प्रकृति पर्यावरण की सेवा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था सदस्य देव, भरतलाल, राजेश, वेद आदि मौजूद थे।

# पीपीपी से लोगों को घर बैठे मिला सरकारी सुविधाओं का लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने प्रदेश में परिवार पहचान पत्र से बाहर रह गए करीब दस प्रतिशत परिवारों को परिवार पहचान पत्र के दायरे में लाने के लिए अधिकारियों से तेजी से काम करने को कहा है। स्कीम लागू होने के ढाई वर्ष के भीतर ही प्रदेश के 65 लाख परिवारों ने इसका लाभ उठाना शुरू कर दिया है। लोगों को घर बैठे सरकारी सेवाओं और स्कीमों का लाभ देने वाली इस व्यवस्था में ढाई करोड़ से अधिक लोग शामिल हो चुके हैं। लाभार्थियों को अब न तो सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, कर्मचारियों की चिरौरी से भी मुक्ति मिल गई है और दस्तावेज जमा कराने के झंझटों से भी निजात मिल गई है। लोग केवल एक आईडी से प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों की साढ़े पांच सौ से अधिक सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ ले रहे हैं।

प्रदेश के नागरिकों को अब बुजुर्ग सम्मान पेंशन के लिए साठ वर्ष की आयु पार करते ही पेंशन स्कीम में उन्हें शामिल कर लिया जाता है। इसके लिए दफ्तरों के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं होती। परिवार पहचान पत्र में दर्ज व्यक्ति के साठ वर्ष पूरा होने के तुरंत बाद सरकारी प्रतिनिधि स्वत: उनकी पेंशन के लिए सारी कार्रवाई पूरी करने उसके घर पहुंच जाता है। सितंबर 2021 से लागू हुई परिवार पहचान पत्र स्कीम में अब तक प्रदेश के 65 लाख अधिक परिवारों के 2.57 करोड़ से अधिक सदस्यों को पीपीपी में पंजीकृत किया जा चुका है। पीपीपी में दर्ज होने के तुरंत बाद प्रदेश के नागरिक सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के हकदार हो जाते हैं। पलवल के कालू राम, सुरेश कुमार, फरीदाबाद के नरेश ने बताया कि पीपीपी के तहत उन्हें घर बैठे सरकार की सुविधा मिल रही है। सरकार का यह सराहानीय कदम रहा है। सोनू ने बताया कि उसका नाम घर बैठे बीपीएल सूची में शामिल हो गया है।

पीपीपी मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरदर्शी सोच से उपजी स्कीम है। इससे पहले लोगों को सरकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे। दस्तावेज जमा कराने के लिए खिड़की-खिड़की भटकना पड़ता था और कर्मचारियों-अधिकारियों के पीछे पीछे घूमना पड़ता था। पात्र होने के बावजूद लोगों को अपनी सुविधा के लिए भटकना पड़ता था।

# लीगल लिटरेसी में पलवल की टीम का रिकॉर्ड प्रदर्शन

## जिला शिक्षा अधिकारी ने बधाई देकर टीम को किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**डिविजनल** लेवल लीगल लिटरेसी प्रतियोगिताओं में पलवल जिले की टीम द्वारा नाटक में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान सहित 15 पुरस्कार जीतने पर जिला शिक्षा अधिकारी पलवल अशोक बघेल ने बधाई दी।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला कोऑर्डिनेटर योगेश सौरोत ने बताया फरीदाबाद में आयोजित नाटक प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, होडल ने प्रथम, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होडल ने द्वितीय स्थान, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलावलपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता वाचन में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिडूकी की खुशी ने प्रथम स्थान, राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय होडल के लविश ने द्वितीय स्थान, स्लोगन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय असावटा के रवि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय असावटा ने द्वितीय स्थान, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलावलपुर के चिंटू ने तृतीय स्थान, डिबेट में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहीन की खुशी तथा गौरी ने प्रथम स्थान, राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय धतीर की ज्योति और भावना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

क्विज प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहीन की छात्रा कीर्ति व निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहीन की अंजली ने तृतीय स्थान, डॉक्यूमेंट्री फिल्म में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होडल की गायत्री ने प्रथम स्थान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंचारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त करके लाखों की इनाम राशि जीतकर जिले का नाम रोशन किया है।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को 5100, द्वितीय को 3100, तृतीया को 2100 का नकद पुरस्कार प्राप्त होगा। खंड शिक्षा अधिकारी मामराज रावत, किरण बाला, सगीर अहमद, अमर सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रभुदयाल हंस, शारदा पाराशर, नरेंद्र, राम अवतार, विष्णु गौड आदि ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# विधायक नीरज शर्मा ने किया निर्माण कार्य का शुभांरभ

**फरीदाबाद।** एनआईटी फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने एनआईटी विधानसभा की संजय कॉलोनी में गली नंबर-27, 28, गली नंबर 246, गली नंबर 24ए, 24बी, गली नंबर 42 के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि विधायक आदर्श नगर योजना स्कीम 2023-24 के अंतर्गत पर्वतीय कॉलोनी डिस्पोजल गली नंबर एक से लेकर गली नंबर छह तक एवं संजय कॉलोनी एफ ब्लॉक में तीन गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इन सभी गलियों की स्थिति काफी समय से खराब थी, अब इन गलियों के बनने से लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि विधायक आदर्श योजना के तहत वर्ष में दो करोड़ सरकार द्वारा दिए जाते हैं।

# संक्षिप्त समाचार



## शिविर में दिव्यांगों को निशुल्क उपकरण भेंट किए

**पलवल।** अलायंस क्लब पलवल सिटी हार्ट द्वारा तीन दिवसीय विशाल निशुल्क सहायता शिविर में दूसरे दिन भी दिव्यांगों ने भरपूर फायदा उठाया। इस शिविर में अभी तक 226 लोग लाभ ले चुके हैं व 347 उपकरण बांटे गए। जिसमें 49 व्हील चेयर, 125 पोलियो कैलिपर, लेग 54, बैसाखी 37 जोड़े, कान की मशीन 58, बेंत स्टील 24 जरूरत के हिसाब से दी गई। इस शिविर को सफल बनाने में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता शिविर की टीम की मेहनत भी काबिले तारीफ रही। कई दिव्यांगों द्वारा भी इस शिविर की सराहना की। शिविर में किसी दिव्यांग को परेशान या भटकना नहीं पड़ रहा है व पूरी तसल्ली से उपकरण फिट किये जा रहे हैं। क्लब के प्रधान धनेश मंगला ने बताया कि सभी दिव्यांग व उनके सहयोगियों को खाने व चाय की पूरी व्यवस्था की गई है। शिविरके चेयरमैन सुरेंद्र मंगला ने कंपनी व सभी दानदाताओं का आभर व्यक्त किया। इस शिविर में क्लब के सदस्य मनीष जैन, महेश सिंह, देविंदर अधाना, सचिन सिंगला, संदीप सिंगला, कपिल गोयल, प्रदीप मंगला, मनीष सिंगला, दीपक सिंगला, पार्षद हरिकिशन तेवतिया, अनिल बंसल, होशियार सिंह, हरकेश शर्मा आदि ने अपना सहयोग दिया।

## गलत दिशा में गाड़ी चलाने पर की कार्रवाई

**फरीदाबाद।** डीसीपी ट्रेफिक अमित यशवर्धन के निर्देशानुसार बाटा से हार्डवेयर चौक की तरफ जाते समय भारी वाहनों की अवैध पार्कि और गलत दिशा में वाहनों के आवागमन के कारण उत्पन्न होने वाली ट्रेफिक जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए यातायात पुलिस द्वारा ऐसे वाहन चालकों के मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद यातायात पुलिस द्वारा सड़क पर अवैध पार्कि, रांग साइड ड्राइविंग, रेड लाइट जंप व अन्य यातायात नियमों की उल्लंघनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ट्रेफिक पुलिस की टीम द्वारा को हार्डवेयर चौक के पास सड़क पर अवैध पार्कि करने वाले भारी वाहनों के चालान किए गए और उन्हें सड़क से हटवाया गया। साथ ही बताया कि अवैध पार्किंग करने वाले भारी वाहनों और गलत दिशा में वाहन चलाने वाले चालकों के ई चालान एवं पोस्टल चालान सहित कुल 42 चालान तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 386 वाहन चालकों के चालान किए गए हैं। इसके साथ-साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति संवेदनशीलता विकसित की जा सके है।

## खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



**पलवल।** तीसरे सांसद खेल महोत्सव का आयोजन नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल में किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एवं जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अनुपमा अरोड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय किया और उनको हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस सांसद खेल प्रतियोगिता में 16 खेलों का आयोजन किया गया है, जिसमें से वालीबॉल स्मेसिंग व शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल और बाकी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन सेक्टर-12 फरीदाबाद के स्टेडियम में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विजेता टीमों को सांसद कृष्णपाल गुर्जर द्वारा पुरुस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेल बच्चों के लिए आवश्यक है, इससे उनकी छुपी हुई प्रतिभा निकलकर सामने आती है। इसमें वालीबॉल स्मेसिंग की 38 टीमें व शूटिंग की 11 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी अनिल सैनी, वालीबॉल टीम में कोच भूषण, ललित, सुनील कुमार, सुरेंद्र, पवन, सन्नी, राहुल मावी, काजल व सुरेंद्र मौजूद रहे।

## ब्लॉक की सड़कों पर लगाए स्पीड ब्रेकर



**फरीदाबाद।** ब्लॉक डीटू की सड़कों पर एक दर्जन स्पीड ब्रेकर ब्लॉक की तरफ़ से लगाए गए हैं। पूरे ब्लॉक में एक दर्जन स्पीड ब्रेकर लगने से ब्लॉक के छोटे बच्चे व बुजु़र्ग सुरक्षित हो गए हैं। ब्लॉक के प्रधान जगजीत सिंह ने कहा कि ब्लॉक के अंदर कई बड़ी दुर्घटनाएं होते होते बची हैं। जिसकी वजह से ब्लॉक की कार्यकारिणी को निर्णय लेना पड़ा कि ब्लॉक की हर सड़क पर लगभग चार चार स्पीड ब्रेकर लगाए गए हैं। इनको लगवाने का ठेका दिल्ली की एक निजी प्राइवेट कंपनी को दिया गया है, जो इन स्पीड ब्रेकर को लगा रही है। इनके लगने से वाहनों की गति भी कम हो गई है। ब्लॉक महासचिव अनूप वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि स्पीड ब्रेकर के अंदर रिफ्लेक्टर लगे हुए हैं, जो रात के अंधेरे में वाहन चालक को दूर से दिख जाती है। जिसकी वजह से वाहन चालक वाहन को धीमा कर लेता है। ब्लॉक के संरक्षक राजेंद्र सिंह बीसला, पूर्व विधायक व वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि इस ब्लॉक को सुरक्षित रखने के लिए इन स्पीड ब्रेकर का लगाना बहुत जरूरी था। इससे पहले ब्लॉक में धीमी गति के एक दर्जन गति सीमा साइन बोर्ड लगाये जा चुके हैं। इस मौके पर ब्लॉक के कोषाध्यक्ष सतीश अग्रवाल, टीटू मौजूद थे।

## कंपनी के गोदाम से चोरी करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी पाली प्रभारी पी-एसआई अमरजीत की टीम द्वारा चोरी की एक वारदात को सुलझाते हुए एक गोदाम से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक कबाड़ी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि टीम आरोपी फिरोज वासी गांव गोंछी फरीदाबाद को पाली के एरिया से गिरफ्तार किया गया और अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड हासिल किया गया। दूसरे आरोपी जाहुल खान उर्फ राहुल खान वासी गांव शाह चौक थाना पुन्हाना जिला मेवात को भी पाली के एरिया से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा सामान, 4700 रुपये व वारदात में इस्तेमाल रिक्शा रेहडा बरामद किया गया। आरोपियों से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी फिरोज पाली स्थित गोदाम में एक सिक्योरिटी गार्ड प्रोवाइडर कंपनी के तहत करीब 5-6 महीने से सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहा था। आरोपी के मन में ज्यादा पैसा कमाकर जल्दी अमीर बनने का लालच आ गया और एक दिन आरोपी ने दूसरे कबाड़ी आरोपी जाहुल खान उर्फ राहुल खान के साथ मिलकर पूर्व नियोजित तरीके से रात के समय कंपनी से लाखों के सामान चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

# जैन समाज में बच्चों, बड़ों, महिलाओं को दिया सीपीआर प्रक्रिया का ज्ञान

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**कार्डियोपल्मोनरी** रिससिटेशन (सीपीआर) एक आपातकालीन प्रक्रिया है, जिसमें छाती को अक्सर कृत्रिम वेंटिलेशन देकर, मुंह से मुंह तक मैन्युअल रूप से मस्तिष्क को संरक्षित किया जाता है।

सीपीआर प्रक्रिया व्यक्ति को उस समय दी जा सकती है, जब उसका ब्रेन और सांसें थम गई हों। ऐसी अवस्था में व्यक्ति को सीपीआर के माध्यम से जीवनदान मिल सकता है। यह अहम जानकारी दी गई यहां जैन बारादरी जैकमपुरा में जैन परिवारों के सदस्यों को। जैन समाज ने रेड क्रास सचिव विकास कुमार का आभार जताया, जिन्होंने कम समय में यह कार्यशाला आयोजित कराई। जैन बारादरी जैकमपुरा में चक्रवर्ती सेना द्वारा जिला रेड क्रास सोसायटी गुरुग्राम के सहयोग से यह फर्स्ट एड एवं सीपीआर जागरुकता वर्कशाप आयोजित की गई। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के पूर्व निदेशक डा. एनके जैन ने कहा कि हमारा लाइफ स्टाइल बदल गया है। खान-पान बदल गया है। कार्डिक अरेस्ट तुरंत आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीपीआर तकनीक ऐसी आपातकाल प्रक्रिया है, जिससे व्यक्ति का जीवन 67 प्रतिशत तक बचाया जा सकता है।

### दोबारा से जीवन दे सकती है सीपीआर तकनीक : डॉ. एनके जैन



गुरुग्राम स्थित जैन बारादरी में सीपीआर प्रणाली की जानकारी देते रेडक्रॉस सोसायटी के सीपीआर विशेषज्ञ विक्रम भटनागर।

जैन समाज के प्रवक्ता अभय जैन एडवोकेट ने बताया कि जैन समाज धर्म के साथ समाज को ऐसा ज्ञान भी देना चाहता है, जो उनके जीवन में लाभकारी हो। इस अवसर पर चक्रवर्ती सेना के प्रधान पवन जैन, महामंत्री राजीव जैन, देव जैन, राकेश जैन, राजू जैन, संजय जैन, मनु जैन ने हर किसी को इस प्रक्रिया के बारे में सीखने का आग्रह किया।

रेडक्रॉस की ओर से पहुंचे सीपीआर विशेषज्ञ रमेश ने आपातकालीन समय में बिना संसाधनों के व्यक्ति की सहायता के लिए कई अहम जानकारियां दी। सीपीआर विशेषज्ञ विक्रम भटनागर ने बारीकी से सीपीआर का ज्ञान भी दिया और प्रेक्टिकल करके भी दिखाया। एक डमी पर उन्होंने सीपीआर की प्रक्रिया करके दिखाई। उन्होंने कहा कि हमें सीपीआर देने के लिए बहुत ही सावधानी भी बरतनी चाहिए। हार्ट और फेफड़े अगर काम नहीं कर रहे हैं तो सीपीआर दी जा सकती है। अगर दोनों सही हैं तो सीपीआर ना दें। उन्होंने बताया कि एक दिन से एक साल के बच्चे, एक साल से 12 साल के किशोर और 12 साल से अधिक की उम्र के लिए सीपीआर की प्रक्रिया थोड़ी भिन्न होती है। इसलिए इसकी जानकारी होना जरूरी है। सीपीआर हमेशा व्यक्ति को जमीन पर ही लिटाकर देनी चाहिए। रमेश भटनागर ने बताया कि सीपीआर में बच्चे की छाती को दो उंगलियों से दबाना चाहिए। किशोर की छाती को एक हाथ से और बड़ी उम्र के लोगों की छाती को दोनों हाथों से दबाना चाहिए। साथ ही मुंह से उन्हें कृत्रिम सांस देनी चाहिए। सीपीआर करने वाले व्यक्ति हमेशा घुटनों के बल ही बैठें, तभी वह सही काम कर पाएंगे।

# गुरुग्राम में एचसीएस एवं एलाइड सर्विसेज की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न



गुरुग्राम में एचसीएस व एलाइड सर्विसेज की परीक्षा के दौरान जांच करते एडीसी हितेश कुमार मीणा।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**रविवार** को एचसीएस एवं एलाइड सर्विसेज की परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। इस दौरान नकल का कोई मामला सामने नहीं आया। जिला प्रशासन की ओर से नोडल अधिकारी एडीसी हितेश कुमार मीणा ने स्वयं परीक्षा केंद्रों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। सभी केंद्रों के आसपास पुलिस सुरक्षा का कड़ा बंदोबस्त रहा।

हरियाणा लोक सेवा आयोग के तत्वावधान में जिला में एचसीएस एवं एलाइड सर्विसेज की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान बाहरी तत्वों के प्रवेश सहित नकल व अनुचित संसाधनों पर रोक लगाने के लिए प्रशासन की ओर से कड़े प्रबंध किए हुए थे। परीक्षार्थियों का एडमिट कार्ड देखकर व उनकी तलाशी लेने के बाद ही उन्हें सैंटर में अंदर प्रवेश करने दिया गया। सभी उपस्थित उम्मीदवारों की बायोमीट्रिक हाजिरी लगवाई गई। महिला व पुरूष उम्मीदवारों के मोबाइल फोन, पर्स, गजेट्स, गहने, बेल्ट, पेन आदि सामान को बाहर रखवाया गया। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने गुरूग्राम के अनेक परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बायोमीट्रिक हाजिरी, सेंटर के अंदर का सीटिंग प्लान, प्रश्नपत्र वितरण, जैमर, सीसीटीवी कैमरों आदि की जांच की। एचसीएस की परीक्षा के लिए 56 शैक्षणिक भवनों में 69 सेंटर बनाए गए थे।

### दो सत्रों में आयोजित की गई परीक्षा

इनमें 18 हजार 456 उम्मीदवारों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। सुबह दस से बारह बजे तक हुई जनरल स्टडीज के पेपर में 7789 तथा शाम को तीन से पांच बजे तक सीसैट के पेपर में 7069 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र व उत्तरपुस्तिकाओं को सैंटर तक पहुंचाने एवं आंसर शीट वापस ट्रेजरी में जमा करवाने के लिए 35 पेपर डिस्ट्रीब्यूटर अधिकारियों की पुलिस सुरक्षा के साथ ड्यूटी लगाई गई थी। जिला प्रशासन की ओर से परीक्षा केंद्रों के अंदर और बाहर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 13 ड्यूटी मैजिस्ट्रेट लगाए गए थे। सैंटरों के आसपास दो सौ मीटर के दायरे में धारा 144 लागू रही व फोटोस्टेट की दुकानों को बंद रखा गया। इस दौरान पुलिस अधिकारी व कर्मचारी परीक्षा केंद्रों के समीप तैनात रहे।

एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि हरियाणा लोक सेवा आयोग के नियमानुसार पेपर बांटने से लेकर उम्मीदवारों के सेंटर में प्रवेश व उत्तरपुस्तिकाएं सीलबंद बक्सों में जमा करवाए जाने आदि सभी कार्यों को समय पर पूरा किया गया। इस दौरान किसी परीक्षार्थी को नकल करते हुए नहीं पाया गया। नकल रोकने के लिए प्रशासन ने पर्याप्त इंतजाम किए हुए थे।

# गुरुग्राम के 35 सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को मिलेगी स्मार्ट शिक्षा

### संपर्क फाउंडेशन ने की निपुण हरियाणा मिशन में डिजिटल पहल

### स्कूलों को वितरित किए गए 42 इंच एलईडी व संपर्क एस बॉक्स

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**जिले** के ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक सरकारी विद्यालयों में बच्चों को स्मार्ट क्लासरूम के माध्यम से शिक्षा देने के लिए व निपुण हरियाणा मिशन को मजबूत करने के लिए सम्पर्क फाउंडेशन ने एक अनोखी पहल की है।

गुरुग्राम एवं पटौदी ब्लॉक के 35 प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट एलईडी टीवी व संपर्क एस बॉक्स दिए गए हैं, जिससे बच्चों को आधुनिक शिक्षा मिल सकेगी। मुख्य अतिथि के रूप में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज दहिया ने शिरकत की।



गुरुग्राम के ग्रामीण अंचल के स्कूल में संपर्क फाउंडेशन की ओर से एलईडी व बॉक्स वितरित करती जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज दहिया।

जिले के 35 प्राथमिक सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम बनाए गए हैं। इस कार्य में हरियाणा शिक्षा विभाग व संपर्क फाउंडेशन द्वारा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज कुमारी के अध्यक्षता में 35 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट एलईडी टीवी तथा संपर्क टीवी दिया गया है। जिसके माध्यम से कक्षा कक्ष को स्मार्ट बनाया जायेगा। बच्चे टीवी के जरिए भी पढ़ाई कर सकेंगे। गत वर्ष जनवरी 2022 में भी संपर्क फाउंडेशन ने गुरुग्राम जिले के सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में यानी 366 विद्यालयों में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत संपर्क एस बॉक्स दिए गए थे। ये बॉकस विद्यालय के डिजिटल बोर्ड व पुराने एजुसेट टीवी से जुडक़र कक्षा कक्ष को स्मार्ट क्लासरूम में बदल देता है।

संपर्क फाउंडेशन के जनरल मैनेजर सुजय विश्वास ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया। कार्यक्रम के संचालक रहे अंकित पाठक ने बताया कि संपर्क फाउंडेशन के संस्थापक विनीत नायर के शिक्षा के प्रति सिद्धांतों एवं लक्ष्यों एवं कैसे संपर्क फाउंडेशन नवाचारों के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला चुका है। अंकित पाठक ने संपर्क एस बॉक्स की खासियत के बारे में बताते हुए कहा कि इसमें कक्षा बाल वाटिका से लेकर कक्षा 5 तक सभी विषयों का पाठ्यक्रम कंटेंट है। जोकि शिक्षक अपनी कक्षा कक्ष में बच्चों को पढ़ाते हैं।

इसमें सारे वीडियो कार्टून फॉर्म में दिए गए हैं। सभी पाठ के वीडियो एवं ऑडियो इसमें पहले से ही फीड है। राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित जिला समन्वयक मनोज कुमार लाकड़ा ने संपर्क टीवी के बेहतरीन उपयोग के तरीके व उसमें पाए जाने वाले रिसोर्स के बारे में अध्यापकों को अवगत कराया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज कुमारी ने कहा कि संपर्क टीवी व एस बॉक्स शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति लेकर आया है। शिक्षकों को पढ़ाना और आसान हो गया है। संपर्क फाउंडेशन द्वारा दिए जा रहे इस स्मार्ट एलईडी का प्रयोग सभी अध्यापक करेंगे व बच्चों को स्मार्ट रूप से पढ़ाएंगे।

# ओपीएस बहाली की मांग पर जींद में गुरुग्राम के कर्मचारी गरजे



ओपीएस बहाली की मांग को लेकर जींद में संकल्प महारैली में पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी।

**गुरुग्राम।** ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) की बहाली की मांग को लेकर संकल्प महारैली रविवार को हरियाणा की राजनीति के गढ़ जींद में हुई। प्रदेशभर के कर्मचारियों की रैली में गुरुग्राम के विभिन्न विभागों से कर्मचारियों ने शिरकत की। कर्मचारियों ने जींद पहुंचकर जुलूस निकालते हुए रैली में पहुंचे। जींद के एकलव्य स्टेडियम में कर्मचारियों ने लाखों की संख्या में एकजुट होकर अपनी ताकत दिखाई। राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने भी रैली में पहुंचकर कर्मचारियों की इस मांग का समर्थन किया।

कर्मचारियों ने कहा कि पड़ोसी राज्यों में जब कर्मचारियों को पेंशन दी जा रही है तो फिर हरियाणा के कर्मचारियों के साथ भेदभाव क्यों हो रहा है। एक पेंशन ही किसी भी कर्मचारी की रिटायरमेंट के बाद उसका सहारा होती है।

कर्मचारियों को पेंशन के हक से वंचित रखा जा रहा है। अलग-अलग जिलों से पहुंचे कर्मचारी इस रैली में एकजुट नजर आए। कोई एक-दूसरे को जानता भी न था, फिर भी एक होकर सभी ने अपनी मांगों को लेकर सिंह गर्जना की। खास बात यह रही कि इस रैली में महिलाओं की अच्छी-खासी संख्या थी। सर्दी के बीच सुबह ही अपने घरों से महिलाएं पूरे जोश के साथ इस रैली में पहुंची। चारों तरफ नारी शक्ति का जलवा था। सिर पर पुरानी पेंशन लिखी टोपियां और मुट्ठियां बंद करके अपनी मांगों के लिए महिला कर्मचारी बदस्तूर नारेबाजी करतीं रहीं।

# नप सौर ऊर्जा लाइटों को लगाने के लिए छोड़ेगी अलग से ठेका

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना।**

**नगर** परिषद जल्द ही सौर ऊर्जा से चलने वाली लाइटों को लगाने की कवायद शुरु करेगी। सौर ऊर्जा वाली लाइटों को लगाने के लिए ठेका छोड़ने की प्रक्रिया शुरु कर दी है।

नगर परिषद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र को रात के समय में जगमग करने के लिए भरस्क प्रयास तेज कर दिए है। नगर परिषद के सभी 13 गांव व 50 हजार की आबादी वाले शहर में स्थापित करीब 40 कॉलोनियों की प्रत्येक सड़क, रास्ता, चौक-चौराहे और गलियों को लाइटों से जगमग किया जाएगा। सामान्य व तिरंगा लाइट के बाद नगर परिषद प्रशासन ने अब सौर ऊर्जा लाइटें लगाने की प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाना शुरु कर दिया है। जिससे परिषद को बिजली बचत के साथ-साथ आर्थिक बजट भी कम होगा।

**1600 सौर ऊर्जा लगेंगी :** नगर परिषद ने पहले चरण में शहरी और ग्रमीण क्षेत्र में सौर ऊर्जा लाइटें लगाने की योजना बनाई है। जहां-जहां सामान्य स्ट्रीट लाइटें खराब होगी। वहा-वहा पर अब सौर ऊर्जा लगाई जाएगी। परिषद द्वारा 1600 सौर ऊर्जा खरीद कर ली है। सौर ऊर्जा लाइट की सामान्य लाइटों से रोशनी अधिक होती है। दूसरा इन पर बरसात, आंधी या बिजली आपूर्ति कट का भी स्ट्रीट लाइट पर प्रभाव नहीं पड़ेगा।




सोहना नगर परिषद का कार्यालय।

> **सौर** ऊर्जा वाली लाइटें पोल पर पैनल के साथ लगती है। इसलिए इन्हें लगाने के लिए ठेका छोड़ना होगा। ताकि सही से पैन को इंसटाल होने सके। लगाने के दौरान खराब न हो सके।
> **( सुमन लता-ईओ नगर परिषद )**

# ओसवाल बुक्स के एमडी नरेश जैन को फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स द्वारा पब्लिशिंग में बेहतरीन बदलाव लाने के लिए सम्मानित किया गया

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**फेडरेशन** ऑफ इंडियन पब्लिशर्स (एफआईपी) ने 10 फरवरी को द डोम, ताज एम्बेसडर, सुजान सिंह पार्क, दिल्ली में हुए एक विशेष कार्यक्रम में ओसवाल बुक्स के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेश जैन को पब्लिशिंग उद्योग में उनके बेहतरीन काम के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया।

कार्यक्रम में माननीय विदेश एवं शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जिन्होंने शिक्षा और पब्लिशिंग के क्षेत्र में इनोवेशन के प्रति नरेश जैन के शानदार नेतृत्व और काम करने के जुनून की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कार दिया। इस सम्मान को दिए जाने से शैक्षिक सामग्री में ओसवाल बुक्स की अहमियत सभी को दिखाई दी साथ ही देश भर के छात्रों को सीखने के अनुभव को और भी बेहतर करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों और पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया गया। इस विशेष कार्यक्रम में इंटरनेशनल पब्लिशर्स एसोसिएशन की प्रेसिडेंट सुश्री कैरिन पांसा ने अपनी मौजूदगी से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



सम्मान लेने के बाद दिए गए अपने भाषण में नरेश जैन ने सम्मान के लिए आभार प्रकट किया और एजुकेशनल पब्लिशिंग क्षेत्र में बेहतरीन बदलाव लाने में ओसवाल बुक्स टीम में सभी के एक साथ मिलजुल कर काम करने और बेहतर परिणाम लाने की बात को बताया। साथ ही उन्होंने छात्रों और शिक्षकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार इनोवेशन होने के महत्त्व और समय की हिसाब से ढलने पर जोर दिया। कार्यक्रम का आयोजन न केवल ओसवाल बुक्स के लिए बल्कि पूरी भारतीय पब्लिशिंग इंडस्ट्री के लिए बहुत बड़ी सराहना की बात है, जो एक मील का पत्थर साबित हुई है। फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स से मिली मान्यता सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देती है। शिक्षा और पब्लिशिंग के क्षेत्र में लगातार सुधार करने के लिए नरेश जैन जैसे व्यक्तियों के काम के प्रति सच्ची लगन और कड़ी मेहनत की भावना को उजागर करती है।


# 14 फरवरी को होगा शहर में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन

**फिरोजपुर झिरका ।** आगामी 14 फरवरी बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शहर के नवजीवन ज्योति विद्या मंदिर परिसर में श्री शक्ति प्रजापति समाज मंडल के सौजन्य से नौ जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी क्षेत्रीय प्रधान थावरिया राम ने देते हुए बताया कि 14 फरवरी को यानी बसंत पंचमी के अवसर पर प्रजापति समाज द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन करवाया जा रहा है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त नूह धीरेंद्र खड़गटा होंगे। वहीं इसी कार्य में विशिष्ट अतिथि के रूप में रामकिशन और हीरालाल होंगे। उन्होंने बताया कि श्री शक्ति प्रजापति समाज के अंतर्गत हरियाणा और राजस्थान के 18 मंडल लगते हैं और इनमें 500 से अधिक गांव आते हैं। दोनों राज्यों के लोगों के रिश्ते प्रगाढ़ और मजबूत बने इसलिए रिश्तेदारियां जोड़ी जा रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला की संदिग्ध हालत में जहर खाने से मौत

**सोहना।** रायपुर निवासी 24 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध हालत में जहर खा लेने से मौत हो गई। मृतक के भाई ने पति समेत जेठ, सास व ससुर पर जहर खिलाकर हत्या कर देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक महिला के भाई की शिकायत पर चार नामजद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शहर थाना सोहना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को गांव रायपुर निवासी 24 वर्षीय विवाहिता मिशकीना को संदिग्ध हालत में जहर खा लिया था। जिसे परिजनों ने गंभीर हालत में नूंह के नल्हड़ अस्पताल में दाखिल कराया था। जहां उपचार के दौरान मिशकीना की शनिवार की देर रात में मौत हो गई। मृतक महिला अपने पिछले एक बेटा को छोड़ गई। जिसकी गांव रायपुर थाना शहर सोहना निवासी नशीम के साथ 2016 में शादी हुई थी।



मृतक विवाहिता का फाइल फोटो।

**भाई ने लगाया जहर देने का आरोप :** मृतक महिला के भाई जफर निवासी गांव रेवासन जिला नूंह थाना रोजका मेव ने महिला के पति नशीम, ससुर हंसन, सास मरियम तथा जेठ लुकमान पर जहर खिलाकर मिशकीना की हत्या कर देने का आरोप लगाया है। जफर ने पुलिस को बताया कि नशीम के अन्य महिला के साथ भी अवैध संबंध है। जिसकी शिकायत मिशकीना ने कई बार पिता के घर आने पर उनसे की थी। नशीम को उसने तथा उसके परिजनों ने कई बार समझाया था। लेकिन नशीम अपने हरकतों से बाज नहीं आया और अब सभी आरोपियों ने उसकी बहन मिशकीना को जहर देकर मार दिया है। **क्या कहते है जांच अधिकारी :** मामले की जांच कर रहे एसआई बलबीर सिंह ने बताया कि मृतक महिला के शव का सोमवार को पोस्टमार्टम होगा। मृतक महिला के परिजनों ने अपनी शिकायत देने में देर कर दी। जिसके कारण रविवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है।

### गौरव जैन बने भाजपा जिला नूंह मीडिया प्रभारी

**फिरोजपुर झिरका।** प्रदेश भाजपा हाई कमान एवं भाजपा जिला शीर्ष नेतृत्व की टीम ने पार्षद गौरव जैन को भाजपा जिला नूंह मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया है। जबकि आपको बताते चले इससे पूर्व पार्षद गौरव जैन भाजपा जिला नूंह आईटी सेल के जिला संयोजक रहकर आईटी सेल का कार्य कुशलता पूर्वक निभाने का कार्य किया है। जिसके कारण पार्षद गौरव जैन को भाजपा जिला शीर्ष नेतृत्व की टीम ने जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए कहा कि आज प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक से आगे निकलकर सोशल मीडिया तक पहुंच गया है। इन्हीं तमाम माध्यमों से आप फलक पर छा सकते हो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जल्दी ही टीम के मीडिया प्रभारी के साथ मिलकर रोड मैप बनाने, ऑनलाइन डिजिटल के लिए अलग से रणनीति बनाने, रिसर्च टीम का गठन, खबरों का बैंक बनाने का कार्य किया जाएगा। जिसमें भारतीय जनता पार्टी की गतिविधियां, प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं एवं प्रधानमंत्री के पांच के सालों के कार्यकाल के माध्यमों में हुए जनकल्याण हेतु कार्यकाल को जिले के लोगों को अवगत कराया जाएगा। इसके अलावा पर्दे के पीछे रहकर भारतीय जनता पार्टी को जिले नूंह में मजबूत बनाने का कार्य किया जाएगा। वहीं पार्षद गौरव जैन ने प्रदेश भाजपा सरकार एवं नूंह जिला शीर्ष नेतृत्व की टीम को आभार प्रकट किया है।



# सब्जी आढ़तियों ने हड़ताल के पहले दिन मानी हार रविवार को आढ़तें खोलीं, शुरू किया कारोबार

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**स्थानीय** मंडी में सब्जी आढ़तियों ने एक दिन की हड़ताल के बाद कामकाज शुरु कर दिया। शनिवार की देर शाम लिया गया फैसले के कारण किसानों को आढ़ती हड़ताल समाप्त होने की सूचना नहीं दे सके। जिसके कारण रविवार को मंडी में सब्जी की आवक कम रही। सब्जी आढ़तियों की एक मुस्त टैक्स जमा कराने के विरोध में शनिवार की हड़ताल के बाद रविवार को कामकाज शुरु हो गया। सब्जी आढ़तियों ने शनिवार की देर रात से रविवार को कामकाज शुरु करने की तैयारियां करना शुरू कर दिया था। ताकि रविवार को सब्जी आवक और बिक्री का कार्य समय पर शुरु हो सके।

**सब्जी की आवक कम :** रविवार को किसानों द्वारा 40 से 50 फीसदी ही सब्जी लेकर पहुंचे। क्योकि सभी किसानों को आढ़ती शनिवार को हड़ताल समाप्त करने की सूचना नहीं दे सके। शनिवार को हड़ताल अनिश्चितकालिन होने की आशंका से किसानों ने शनिवार को खेतों में सब्जी लेकर जाने की तैयारी नहीं की। जिसके कारण रविवार को आवक कम रही। पालक, फूल व बंद गोभी, गाजर, बथूवा, सरसों, मूली आदि की आवक नाममात्र रही।

**कीमतों में उछाल :** रविवार को मंडी में सब्जी की आवक कम होने के कारण कीमतों में उछाल रहा। आलू, प्याज, लहसुन को छोड़ अन्य साब्जियों की संख्या कम थी। आवक कम होने के कारण सब्जी छोटे दुकानदारों के हिस्सा में कम आई। कीमतें अधिक होने से ग्राहकों ने भी खरीदारी कम की।



रविवार को सोहना की मंडी में सब्जी कंडी हुई शुरु।

> **रविवार** को मंडी में सब्जी की खुली बोली सामान्य दिनों की तरह से लगी। हड़ताल शिनवार को समाप्त देर शाम समाप्ती के कारण कम ही किसान सब्जी लेकर पहुंचे। जिससे रविवार को आवक कम रही।
> **( राजकुमार-मंडी सुपरवाइजर )**

# प्रदेश और केंद्र सरकार किसानों की आवाज को दबाने में जुटी है : खटाना

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**आम** आदमी पार्टी गुरुग्राम के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र खटाना ने कहा कि एमएसपी के मुद्दे को लेकर किसानों के दिल्ली कूच को कुचलने की तैयारी खट्टर सरकार ने कर ली है। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार सभी को है। खट्टर सरकार की किसानों के ऊपर तानाशाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र खटाना ने कहा कि जब जब किसानों ने अपने हकों के लिए आवाज उठाई है। केंद्र सरकार और खट्टर सरकार ने लाठियों के दम पर किसानों की आवाज को दबाने का काम किया है। एक बार फिर खट्टर सरकार किसानों को कुचलने की तैयारी कर रही है। किसान आंदोलन में भी हरियाणा सरकार ने किसानों को रोकने की पूरी कोशिश की थी। जिसमें सरकार विफल हुई थी। उन्होंने कहा कि देश का किसान एमएसपी की गारंटी को लेकर परेशान है। आज से तीन साल पहले लंबा आंदोलन चला जिसमें 750 से ज्यादा किसानों ने शहादत दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों से माफी मांगते हुए तीनों काले कानून वापस लिए थे और वादा किया था कि फसलों पर एमएसपी लागू करेंगे। लेकिन अभी तक सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया। अब सरकार को वही वादा याद दिलाने के लिए देश का अन्नदाता दिल्ली आना चाहता है।



आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र खटाना का फाइल फोटो।

### हक मांगने में बाधा बनी प्रदेश सरकार

**आम** आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष खटाना ने कहा कि किसानों को रोकने के लिए हरियाणा सरकार सीमेंट की बैरिकेडिंग और कंटीली तार लगा रही है। पहले अंबाला पुलिस ने एक चेतावनी जारी करते हुए किसानों के प्रदर्शन में शामिल होने से मना किया और किसानों की प्रॉपर्टी व बैंक डिटेल मांगी। किसानों को चेतावनी दी गई कि अगर प्रदर्शन में शामिल हुए तो आपकी प्रॉपर्टी और बैंक अकाउंट सील कर दिए जाएंगे। अब कैथल पुलिस ने किसानों को चेतावनी दी है। प्रदर्शन में शामिल हुए तो आपका पासपोर्ट और आर्म लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं प्रदेश सरकार ने राज्य के 8 जिलों में नेटवर्क सेवा का भी ठप रखने के आदेश जारी कर दिए है। यह प्रदेश की भाजपा सरकार की तानाशाही ही तो है।

# मुख्यमंत्री भावांतर भरपाई योजना और बागवानी बीमा योजना का लाभ उठाएं किसान : उपायुक्त

**बाजार में सब्जी, फलों व मसालों की फसल का सही दाम नही मिलने व प्राकृतिक आपदाओं के नुकसान पर भरपाई करेगी प्रदेश सरकार**



**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**किसानों** की आय में वृद्धि करने व फसल विविधीकरण के तहत लगाई गई बागवानी फसलों में होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भावांतर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है।

इस योजना के माध्यम से जिला के बागवानी खेती करने वाले किसान फसल की खेती के दौरान व उसके उत्पादन के बाद होने वाले जोखिमों को कम कर सकते है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई भावांतर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना बागवानी किसानों के लिए एक अभूतपूर्व योजना है। यह योजना किसानों को सब्जियों व फलों के भाव से जोखिम मुक्त कर उन्हें फसल का उचित दाम दिलाने में कारगर साबित हो रही है।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया की कई बार यह देखने मे आया है कि किसान जब अपनी बागवानी की फसल को मंडी में बेचने जाता है तो उसको फसल का सही दाम नही मिल पाता। जिससे किसान हतोत्साहित होकर फिर से पारंपरिक खेती करने का विचार करता है। ऐसे किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार फसल में लगने वाले घाटे ( नुकसान ) को कम करने के लिए भावांतर भरपाई योजना के अंतर्गत मुहावजा व मूल्य के रूप में प्रोत्साहन धनराशि प्रदान करेगी। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत निम्नलिखित फसलों आलू, फूल गोभी, गाजर, मटर,टमाटर, प्याज, शिमला मिर्च, बैंगन भिंडी मिर्च, करेला, बंदगोभी, मूली, किन्नू, अमरूद, चीकू,आड़ू, आलूबुखारा, आम, नाशपाती, लीची, आंवला, बेर, लहसुन व हल्दी आदि को सूचीबद्ध किया गया है।उन्होंने बताया कि उपरोक्त सभी फसलों के संरक्षित मूल्य सरकार द्वारा पहले से निर्धारित किए गए है। इस योजना के तहत सरकार द्वारा निर्धारित संरक्षित मूल्यों से कम बिक्री होने पर जो नुकसान होगा उसकी भरपाई प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को की जाएगी। उत्पादन से पूर्व होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत उत्पादक किसान उपरोक्त फसलों का बीमा भी करवा सकते हैं।

उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सब्जियों व मसालों पर 30000 रूपए प्रति एकड़ का बीमा किया जाएगा जिसके लिए किसान को 750 रुपये प्रति एकड़ भुगतान करना होगा। वहीं फलों की खेती पर 1000 रूपए प्रति एकड़ का प्रीमियम देखकर किसान 40000 रुपए प्रति एकड़ का बीमा करवा सकता है। योजना का लाभ लेने के लिए उत्पादक का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर रजिस्ट्रेशन होने अनिवार्य है। जिला में इस योजना का लाभ उठाने के इच्छुक किसान इस विषय में और अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला बागवानी अधिकारी के कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## जन सहायक हैल्प का उठाएं लाभ, एक क्लिक पर मिलेगी सरकारी सेवाओं की जानकारी

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा दी जाने वाली सेवाएं और सूचनाएं अब एक ही एप के माध्यम से मोबाइल पर ही प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा जन सहायक हेल्प मी एप शुरू किया हुआ है। इस एप के माध्यम से आम नागरिकों को सभी सरकारी सेवाएं और सूचनाएं मोबाइल फोन पर ही उपलब्ध होंगी। यह जानकारी देते हुए डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि यह सेवाएं आप घर पर मौजूद रहते हुए ही एप के माध्यम से देख सकते हैं और योजनाओं का फायदा उठा सकते हैं। इसके लिए जिलावासी मोबाईल पर जनसहायक एप डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 112 आपातकालीन सेवाएं, 100 पुलिस, 108 एंबुलेंस, 101 अग्निशमन, 104 स्वास्थ्य, 1091 महिला हेल्पलाइन, 1098 बाल हेल्पलाइन, 1075 कोविड-19 हेल्पलाइन सहित अन्य सेवाओं के रूप में निविदाएं, बिल भुगतान, यात्रा, नौकरियां, खेल, आधारभूत संरचना व कौशल विकास और सरल सेवाएं, विभागवार सेवाएं, यूजर्स सेवाएं व जन शिकायत एवं आरटीआई आदि सभी प्रकार की सेवाएं व सूचनाएं जन सहायक एप पर उपलब्ध हैं।

# नशामुक्त हरियाणा अभियान के तहत पुलिस का जागरूकता अभियान जारी

**गांव बाबा लदाना में रक्तदान कैंप के दौरान ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों बारे करवाया अवगत**

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल



नशे के नुकसान बताते हुए पुलिस की टीम।

**नशा** मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत रविवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार द्वारा गांव बाबा लदाना में ब्लड डोनेशन कैंम्प में ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान युवाओं सहित अन्य ग्रामीणों को बताया कि नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके हैं। नशे से शरीर व घर दोनों का नाश होता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। युवाओं को खेल या अन्य गतिविधि में बेहतरीन कार्य करके अपने माता पिता, गांव समाज का नाम रोशन करना चाहिए। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे।

पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है।

# नूंह में यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह



शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेड़ी के परिसर में बरगद का पौधा लगाते हुए कॉलेज की छात्राएं व रेडक्रॉस टीम।

**हरियाणा** राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी के महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल के निर्देशन एवं उपायुक्त कम अध्यक्ष धीरेंद्र खडग़टा तथा सचिव रेडक्रास देवेंद्र चहल के कुशल मार्गदर्शन में पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर 9 से 13 फरवरी तक शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेरी के परिसर में संचालित है।

इस शिविर के तीसरे दिन रेड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूना को माल्यार्पण एवम पुष्प अर्पित करते हुए किया। महिला थाना नूंह की महिला कांस्टेबल पिंकी ने महिला सुरक्षा, दुर्गा शक्ति एप के बारे बताया कि सभी महिलाओं एवम लड़कियों को अपनी सुरक्षा हेतु शारीरिक एवम मानसिक रूप से मजबूत होना चाहिए। मिशन पकृति बचाओ के तहत पर्यावरण सचेतक समिति पलवल के ग्रीन मैन आचार्य डॉ. रामकुमार बघेल एवम उनकी टीम के सदस्य मास्टर माणिक चंद, सुरेश भार्गव, ईश्वरराज ने जल बचाने, पौधा लगाने, जीव जंतुओं की सुरक्षा करने आदि बारे में जागरूक किया तथा बरगद के पोधा, घोंसला भेट किया साथ ही महाविद्यालय प्रांगण में बरगद का पौधा लगाया। समाजसेवी बिक्रम सिंह यात्री ने नैतिक शिक्षा, सामाजिक मूल्यों, बुजुर्गों का सम्मान तथा मोबाइल का प्रयोग एवम दुरुपयोग बारे सभी प्रतिभागियों को जागरूक किया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने किसी दुर्घटना एवम आपदा के समय आपदा प्रबंधन के बारे में एवम नीतू सिंह ने दिल की धडक़न रुकने एवम सांस बंद होने की स्थिति में सी.पी.आर. दे कर दुबारा धडक़न चालू करने के बारे में सभी प्रतिभागियों को प्रयोगात्मक रूप से करके दिखाया। सभी प्रतिभागियों के मध्य म्यूजिकल चेयर रेस भी कराई गई जिसमे प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय आने वाले प्रतिभागिओ का चयन किया गया। शिविर के सफल आयोजन में विभिन्न महाविद्यालयों से आए काउंसलर डॉ कविता यादव, डा अदिती भोला, डा शमीम अहमद, मनिंदर सिंह, जिला रैड क्रॉस सोसायटी नूंह से राजेश शर्मा, नरेश डागर, आरिफ, वसीम आदि का सहयोग रहा।

# राष्टीय यूनानी दिवस पर मालब में यूनानी चिकित्सा कैंप आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा। मेवात**



**आयुष** विभाग, द्वारा आज हकीम अजमल खां के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय यूनानी दिवस के उपलक्ष्य में अल-हिदाया मॉडल स्कूल मालब में फ्री यूनानी चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया गया।

इस कैम्प का शुभारंभ डा. कमरुदीन जाकिर सेवानिवृत जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, डा.यशबीर गहलावत, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी नूंह, सरंपच ग्राम मालब अलताफ हुसैन, मौलाना सिद्दीक अहमद वरिष्ठ नागरिक गांव मालब, नोडल अधिकारी डा. नसीम रजा, डा. मौ. अरसद द्वारा दीज प्रज्जवलित कर किया गया व हकीम अजमल खां की फोटो पर पुष्प अर्पित किए। इस कैम्प में यूनानी, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, योग व पंचकर्म पद्वति द्वारा सभी प्रक की जटिल की बीमारियों फ्री ईलाज किया गया और फ्री दवाईयों का वितरण किया गया।

इस कैंप में खासतौर पर बच्चों व महिलाओं का ईलाज किया गया जिसमें 35 मरीजों को खून की कमी के लिए भी दवाईयां दी गई। इस कैम्प में बी.पी. व शुगर आदि चैक किया गया। इस कैम्प में कुल 380 लोगों को लाभान्वित किया गया। इस कैम्प में डा. तरुण शर्मा पंचकर्मा स्पेशलिस्ट द्वारा पंचकर्मा व प्रियंका बैरवा व बबीता दलाल योग प्रशिक्षक द्वारा योगा कराया गया व इसके लाभों के बारे में आमजन का बताया गया। कमरुदीन जाकिर ने बताया कि यूनानी चिकित्सा पद्वति पुरानी बीमारियो में कारगर साबित होती हैं और बीमारियों को जड़ से समाप्त करती है। डा. नसीम रजा व डा. मौ. अरसद ग्यास ने बताया कि मसीहुल मुंल्क हकीम अजमल खां एक सर्वश्रेष्ठ यूनानी चिकित्सक एवं महान स्वतंत्रता सेनानी भी थे, उन्होने दिल्ली में आयुर्वेदिक एण्ड यूनानी तिब्बिया कालेज की स्थापना की।

डा. यशबीर गहलावत ने बताया कि यूनानी चिकित्सा पद्धति जीवन शैली से सम्बंधित विकारों को दूर करती है। इस कैम्प में डा. असलम अली, डा. मौ. कासिम, डा. जुबेर अहमद, डा. असलम, डा. नजीब अहदम, डा. राशिद, जफर अहमद सहित अन्य आयुष स्टाफ उपस्थित रहा।

## शुगर मील में गन्ना लेकर आने वाले किसान स्थानीय मार्गों से पहुंचें शुगर मील

**सोनीपत।** संयुक्त किसान मोर्चा व अन्य किसान संगठनों द्वारा एमएसपी सहित अन्य मांगों को लेकर 13 फरवरी को जीटी रोड़ स्थित हलदाना बोर्डर से कुण्डली बोर्डर होते हुए दिल्ली कूच करने के आह्वान कि संदर्भ में उपायुक्त मनोज कुमार ने सोनीपत व गोहाना क्षेत्र के गांव आहुलाना शुगर मील में गन्ना लेकर आने वाले किसानों की सुविधा व उनकी सुरक्षा को लेकर सोनीपत व आहुलाना शुगर मील के प्रबंध निदेशकों को आदेश जारी किए हैं।

## 12 व 13 फरवरी को पेट्रोल पंपों पर खुले में तेल बेचने पर रहेगी पाबंधी

**सोनीपत।** संयुक्त किसान मोर्चा व अन्य किसान संगठनों द्वारा एमएसपी सहित अन्य मांगों को लेकर 13 फरवरी को दिल्ली कूच करने के आह्वान कि संदर्भ में उपायुक्त मनोज कुमार ने लोगों की सुरक्षा व जिला में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला के सभी पेट्रोल पंपों को आदेश जारी किए है।

उन्होंने अपने आदेशों में कहा कि जिला के सभी प्रेट्रोल पंपों पर 12 व 13 फरवरी को पेट्रोल व डीजल बोतल, केन, ड्रम आदि खुले में बेचने पर पाबंधी रहेगी। इसके साथ ही इन दिनों में ट्रैक्टरों में 10 लीटर से ज्यादा तेल डालने पर भी पाबंधी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि इन आदेशों की सख्ती से पालना की जाए। अगर कोई पैट्रोल पंप इन दिनों तेल को खुले में बेचता पाया गया तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# आगामी 9 मार्च को नूंह में मनाए जाने वाले शहीद राजा हसन खाँ मेवाती शहीदी दिवस की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ट ने ली बैठक**

**बैठक में चौधरी जाकिर हुसैन सहित भाजपा नेता व पदाधिकारी हुए शामिल**

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात



**आगामी** 9 मार्च को नूंह में शहीद राजा हसन खाँ मेवाती-दिवस मनाया जाएगा। इस बार खास बात यह है कि नूंह की अनाज मंडी में शहादी-दिवस का आयोजन होगा, इसमें हरियाणा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी मुख्य अतिथि होंगे।

रविवार को सर्किट हाऊस नूंह में शहादत-दिवस की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ट ने मेवात क्षेत्र के भाजपा नेताओं व पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी समय सिंह भाटी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, पूर्व विधायक चौश नसीम अहमद, जिला प्रमुख जान मौश, जिला महामंत्री शिव कुमार बंटी, जिला उपाध्यक्ष दलबीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, वरिष्ठ समाजसेवी व ऐमिनेंट पर्सन संजय गर्ग बिट्ठू, जिला महामंत्री, श्रीपाल शर्मा, चेयरमैन मनीष जैन, हाफिज शाद, इमरान सरपंच, वकील सरपंच टेरकपुर, जिला विस्तारक बलविन्द्र सिंह जोगी, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष केशव पंडित, रमेश मानुवास, राहुल सोरोत, पार्षद तौफीक खान, शारिक मालब आदि के अलावा सैंकड़ों भाजपा पदाधिकारीगण व सामाजिक गणमान्य मौजूद रहे। मुकेश वशिष्ट ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि हमारे लिए बड़े सौभाग्य कि बात है कि मेवात के इतिहास को जिंदा रखने के लिए यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री का हमेशा से ही मेवात क्षेत्र व यहाँ के लोगों से विशेष लगाव रहा है। आगामी 9 मार्च को नूँह में मनाए जाने वाला शहादी-दिवस ऐतिहासिक होगा, जिसमें मेवात क्षेत्र के लाखों लोग इस कार्यक्रम के गवाह बनेंगे। उन्होंने कहा कि शहीद राजा हसन खाँ मेवाती की कुर्बानियों को भुलाया नहीं जा सकता। उनकी यादों को जिंदा रखने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने बहुत आवश्यक हैं जिससे आने वाली पीढ़ियों को हमारे इतिहास के बार में पता चल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### नागरिक अस्पतालों में लंबी लाइनों से बचने के लिए स्वस्थ हरियाणा एप का इस्तेमाल करें : डीसी



**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के लिए आने वाले आमजन से भीड़ व लंबी लाइनों से बचने के लिए स्वस्थ हरियाणा एप का इस्तेमाल करने का आह्वान किया। इस एप के माध्यम से मरीज प्रदेश के किसी भी नागरिक अस्पताल में इलाज करवाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकता है। डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि यह एप गूगल प्ले स्टोर पर भी उपलब्ध है। इस एप के माध्यम से अस्पताल में जाने से पहले मरीज घर बैठे अपना एडवांस रजिस्ट्रेशन करवा पाएंगे, जिससे अस्पतालों में लोगों की भीड़ का सुव्यस्थित तरीके से प्रबंधन किया जा सकेगा। मरीज को लाइन में नहीं लगना पड़ेगा, वह सीधा जाकर अपने डाक्टर के पास इलाज करवा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि डाक्टर द्वारा लिखे टेस्ट और जो भी रिपोर्ट होगी मरीज उसे इस एप के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाइल पर देख सकेगा। इस एप में मरीज की पूरी हिस्ट्री स्टोर रहेगी। इस मोबाइल एप में और भी कई सुविधाएं हैं, जिनमें ब्लड बैंक की जानकारी, जच्चा बच्चा देखभाल और टीकाकरण संबंधी जानकारी भी उपलब्ध रहेगी।

### वरिष्ठ नागरिक समिति की मीटिंग में मनाया सदस्यों का जन्मदिन



**कैथल।** वरिष्ठ नागरिक समिति की एक मीटिंग वरिष्ठ नागरिक भवन में समिति के प्रधान रामनारायण रावल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग में मंच संचालन समिति के महासचिव रोहित शर्मा ने किया। सर्वप्रथम गायत्री मंत्र का तीन बार उच्चारण किया गया। उसके पश्चात सभी सदस्यों ने दिवंगत सदस्य जगरूप सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया तथा 2 मिनट का मौन रख के उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद रोहित शर्मा ने एक भजन सुनाया। प्रदीप शर्मा एडवोकेट ने कपालभाति योग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। सुरेंद्र मोहन हरित ने महाभारत पर आधारित एक कविता सुनाई। आज की मीटिंग में समिति के सदस्य चंद्र प्रकाश शर्मा, प्रदीप शर्मा एडवोकेट, जगत सिंह पूनिया, करमचंद जिंदल, भले राम कठवाड़ तथा सतपाल भारद्वाज का जन्मदिन मनाया गया व उन्हें शुभकामनाएं देकर उपहार भेंट किये। आज की मीटिंग में मुख्यत बी गुप्ता, जीएल चावला, यशपाल चौधरी, प्रदीप शर्मा एडवोकेट, केएल रंगा, कृष्ण लाल चौहान, राम पाल सिंगला, सतपाल धीमान व सुभाष मक्कड़ उपस्थित थे।

### रेलवे स्टेशनों पर जिलाधीश ने नियुक्त किए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट

**सोनीपत।** संयुक्त किसान मोर्चा व अन्य किसान संगठनों द्वारा एमएसपी सहित अन्य मांगों को लेकर 13 फरवरी को दिल्ली कूच करने के आह्वान के दृष्टिगत जिला में पडऩे वाले रेलवे स्टेशनों पर शांति, कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधीश मनोज कुमार ने भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 22(1) व 23(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किए है। जिलाधीश ने अपने आदेशों में राठधना, हरसाना कलां, सोनीपत, सांदल कलां, राजलू गढ़ी व गन्नौर स्थित रेलवे स्टेशन क्षेत्र में हरियाणा राज्य परिवहन विभाग सोनीपत के यातायात प्रबंधक संजय कुमार को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसके अलावा गोहाना व मुण्डलाना रेलवे स्टेशन क्षेत्र में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपमण्डल अधिकारी सर्वजीत सिंह को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

### नगरखेड़ा के जीर्णोद्धार पर किया हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन



**शाहाबाद मारकंडा।** नगरखेड़ा के जीर्णोद्धार पर हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पंडित विशाल, योगेश, मुकेश एवं पंडित अमित ने मुख्य यजमानों से पूर्ण विधि विधान से हवन यज्ञ कराया। यज्ञ में मुख्य यजमान राजेश सिंगला सराफ, मनमोहन कंसल, वैभव कंसल, मुकेश बंसल, नवीन मित्तल, नरेंद्र गर्ग, आरडी गुप्ता, अमन सिंघल एवं देवेंद्र सिंगल सराफ ने परिवार सहित पूजा अर्चना की। इस मौके पर पंडित विशाल ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा की एकमात्र नगर खेड़ा ऐसा है जहां प्रत्येक व्यक्ति की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि रविवार के दिन प्रात- काल से ही भक्तों का आना शुरू हो जाता है और यहां का माहौल मेले जैसा होता है। हवन यज्ञ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया । इस अवसर पर अरुण कंसल, विनोद अग्रवाल व प्रवेश सिंगला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### रामचरित्र व छात्र जीवन विषय पर व्याख्यान का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संस्कृत एवं प्राच्यविद्या संस्थान व संस्कृत पालि व प्राकृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में रामचरित्र व छात्र जीवन विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्नातकोत्तर कक्षा की छात्रा सिमरन ने वाग्देवी की आराधना से किया। कार्यक्रम की आयोजिका संस्कृत एवं प्राच्यविद्या संस्थान की निदेशिका व संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्षा प्रोफेसर कृष्णा देवी ने मुख्य वक्ता व समस्त अतिथियों का स्वागत किया। इस व्याख्यान में आनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे मुख्य वक्ता जगतगुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के सहायकाचार्य डॉ. शास्त्री कौसलेंद्र दास ने बताया कि राम के समक्ष संपूर्ण जीवन में अनेक कष्ट और चुनौतियां विद्यमान रही फिर भी उन्होंने धैर्य का त्याग नहीं किया व कभी भी मर्यादा विहीन नहीं हुए। वेद में प्रतिपादित धर्म के संपूर्ण अंगों का अपने जीवन में राम ने विधिवत परिपालन किया व एकाग्रता के साथ अल्पकाल में ही समस्त विधाओं का अध्ययन कर लिया था। आज के समय में विद्यार्थियों के लिए राम के चरित्र से यह ग्रहण करना आवश्यक है कि केवल अध्ययन ही छात्र जीवन की मर्यादा है। उन्होंने बताया कि राम के चरित्र से सीता के चरित्र का स्वत- ही ग्रहण हो जाता है।

पायनियर
क्लासीफाइड


नाम परिवर्तन

I, Sukhvinder Singh Gulati S/o Ujjal Singh R/o H.No. 1G/15, NIT, Faridabad, have changed my name to Sukhvinder Singh.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## श्वेतपत्र बनाम ब्लैक पेपर

**इसके** पहले कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार संसद में संयुक्त प्रगतिशील मोर्चा (यूपीए) सरकार के 2004 से 2014 तक चले डॉ. मनमोहन सिंह के दो कार्यकाल के कामकाज को लेकर श्वेत पत्र लेकर आती, कांग्रेस ने एक बड़ा दांव खेलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के कामों पर आधारित ब्लैक पेपर जारी कर दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को बजट पेश करते हुए इसका ज़िक्र किया था। उन्होंने कहा था कि यूपीए की सरकार के कारण देश को जो नुकसान हुआ था, उससे अब वह मोदी सरकार



के कामों के बूते उबर चुका है। हालांकि इसका अंदाजा सभी को था कि अगले तीन माह के भीतर होने जा रहे लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र भाजपा सरकार ऐसा करने जा रही है, परन्तु भाजपा को आभास नहीं रहा होगा कि कांग्रेस उससे अधिक फुर्ती से उसी के खिलाफ ब्लैक पेपर लेकर आ जायेगी। बहरहाल, 8 फरवरी को ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2014 के पहले की भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़ा श्वेत पत्र पेश किया, जिसमें यूपीए सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के बारे में बताया गया। श्वेत पत्र में बताया गया है कि तत्कालीन सरकार आर्थिक क्रियाकलापों को सुचारू रूप से चलाने में विफल रही। उसकी जगह पर सरकार की ओर से लिए गए निर्णय देश को और पीछे की ओर ले गए। इसमें यूपीए सरकार पर एक बड़ा आरोप लगाया गया कि यूपीए काल के शासक न केवल अर्थव्यवस्था में गतिशीलता लाने में विफल रहे, बल्कि उन्होंने अर्थव्यवस्था को इस तरह लूटा कि हमारे उद्योगपतियों ने रिकॉर्ड पर कहा कि वे भारत के बजाय विदेश में निवेश करना पसंद करेंगे। इस श्वेत पत्र में यूपीए के दस साल बनाम एनडीए के दस साल की तुलना की गई है और कहा गया कि तब, हम %नाज़ुक पांच% अर्थव्यवस्थाओं में से एक थे; अब, हम %शीर्ष पांच% अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैं।केंद्र सरकार ने आर्थिक फैसलों में पिछली सरकार से ज्यादा अंक लेने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेस इससे पहले ही 10 साल, अन्याय काल शीर्षक से ब्लैक पेपर लाकर बढ़त बनाती दिखी। अपने 10 वर्षों में तमाम तरह के मोर्चों पर नाकाम रही मोदी सरकार के पास पुरानी कांग्रेस को कोसने और उसकी कमियां दिखाने के अलावा शायद कोई और चारा ही नहीं बचा है। देश ने पूरे एक दशक तक प्रधानमंत्री मोदी को संसद के दोनों सदनों में और चुनावी-गैर चुनावी दोनों ही मंचों से कांग्रेस, नेहरू परिवार तथा यूपीए के कामों की आलोचना करते हुए देखा-सुना है।यह भी विसंगति है कि एक ओर तो उनकी सरकार डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल को लेकर श्वेत पत्र ले आई, वहीं दूसरी ओर श्री मोदी उन्हीं मनमोहन सिंह के योगदान की गुरुवार को आत्मीयता से तारीफें कर रहे थे। यह अवसर था राज्यसभा के 56 सदस्यों की सेवानिवृत्ति होने का, जिनमें डॉ.मनमोहन सिंह भी शामिल थे। श्री मोदी का कहना था कि डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने संसदीय कार्यकाल में प्रधानमंत्री से लेकर सदन में विपक्षी दल के नेता के रूप में अपने अमूल्य विचारों से चर्चाओं को समृद्ध किया है। उन्होंने इस बात का विशेष उल्लेख किया कि संख्या बल के आधार पर उनके दल की पराजय को जानते हुए भी वे (सिंह) व्हीलचेयर पर बैठकर वोट करने आये थे। श्री मोदी के अनुसार %वे किसी पार्टी को नहीं बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने आये थे।% यह अलग बात है कि जिस अवसर का श्री मोदी सन्दर्भ दे रहे थे, वह उनके खिलाफ पिछले एक सत्र में विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव था। यह भी नहीं भूलना चाहिये कि मनमोहन सिंह की जिस बात के लिये नरेन्द्र मोदी प्रशंसा कर रहे हैं उसे लेकर सोशल मीडिया में भाजपा समर्थकों ने खिल्ली उड़ाई थी। वैसे यह भी कौन भूल सकता है कि इन्हीं डॉ. मनमोहन सिंह को लेकर स्वयं श्री मोदी ने अनेक अभद्र टिप्पणियां की थीं। इनमें %रेनकोट पहनकर नहाने% वाली बात का तो अब तक उल्लेख होता है। इसी यूपीए सरकार एवं मनमोहन सिंह के खिलाफ तथ्यहीन किस्से गढ़ कर मोदी-भाजपा सत्तानशीं हुए हैं, जिनका सच कालांतर में उजागर होता गया है।आत्ममुग्ध व गहन असुरक्षा के भावों से ग्रस्त मोदी सरकार ने यूपीए सरकार पर श्वेत पत्र में महंगाई, घोटालों और विकास को लेकर जो तथ्य दिए हैं, उनमें एक बार फिर देश को गुमराह करने का खेल नजर आ रहा है। वहीं कांग्रेस द्वारा जारी किये गये ब्लैक पेपर में मोदी कार्यकाल में महंगाई, बेरोजगारी, किसानों, मजदूरों व महिलाओं की बदहाली का तो ज़िक्र है ही, साथ ही यह बतलाया गया है

# नीतीश की राजनीतिक मजबूरी

**नीतीश के पाला बदल से 'इंडिया' समूह को झटका लगा है। इससे निपटने के लिए कांग्रेस को लचीलापन प्रदर्शित कर सहयोगियों को ज्यादा स्थान देना चाहिए।**



**के.एस. तोमर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत में अनेक लेखकों व स्तंभकारों ने नीतीश कुमार के 'पालाबदल' की अनेक प्रकार से आलोचना की है। लेकिन मेरा मानना है कि बिहार के इस चालाक राजनेता ने अपनी विरल गुणवत्ता का परिचय दिया है। उन्होंने 16वीं शताब्दी के इतालवी राजनेता निकोलो मैकियावेली की सोच 'साध्य को उचित ठहराने वाले साधन', चार्ल्स डारविन के सिद्धान्त 'सर्वोत्तम की उत्तरजीविता' तथा स्वर्गीय जार्ज फर्नान्डीज़ की 'अनुमान से परे प्रकृति' का एकसाथ प्रदर्शन किया है। इन गुणों के कारण वे रिकार्ड नवीं बार मुख्यमंत्री बनने में सफल हुए हैं। मैकियावेली ने बताया था कि राजनीति अनैतिक होती है, इसलिए राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने और उसे बनाए रखने के लिए धोखा, षडयंत्र और हिंसा का प्रयोग किया जा सकता है। भारतीय संदर्भ में देखें तो प्रतिबद्ध समाजवादी स्वर्गीय जार्ज फर्नान्डीज 15 जुलाई, 1979 को मोराजी देसाई सरकार गिराने के जिम्मेदार थे। उन्होंने विद्रोह के साथ ही कुछ मंत्रियों के साथ इस्तीफा दे कर मोरारजी देसाई को धोखा दिया था।

मजेदार बात है कि फर्नान्डीज ने 14 जुलाई, 1979 को संसद में सरकार की प्रशंसा की थी, पर अगले दिन उन्होंने 'पल्टू राम' की भूमिका निभाते हुए सरकार का पतन सुनिश्चित कर दिया। फर्नान्डीज़ के सच्चे अनुयाई की तरह नीतीश कुमार ने उनकी प्रतिभा का कई बार प्रदर्शन किया। इस कारण भाजपा ने उनका दिल खोल कर स्वागत किया, जबकि उसने पहले घोषणा की थी कि 'पल्टू राम' के लिए सारे दरवाजे बंद हैं। वर्तमान राजनीतिक पालाबदल के 18 महीने पहले नीतीश कुमार ने भाजपा को धोखा दे कर राजद और कांग्रेस से हाथ मिला लिया था तथा बिहार में अपनी सरकार बनाई थी। हालांकि, विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में व्याप्त मौजूदा अस्थिरता के लिए कांग्रेस पार्टी सबसे ज्यादा जिम्मेदार है। विशेषज्ञों का मानना है कि एक अखिल भारतीय पार्टी होने के नाते कांग्रेस की जिम्मेदारी गठबंधन बनाने तथा सीट साझा सुनिश्चित करने की थी, लेकिन अब तक वह इसमें दयनीय रूप से विफल रही है। इस कारण जदयू सुप्रीमो नीतीश कुमार को गठबंधन छोड़ना पड़ा तथा ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल जैसे नेताओं को अपना स्वतंत्र 'आत्मघाती' रास्ता तय करने पर मजबूर होना पड़ा। आलोचक इसका दोषी राहुल गांधी को मानते हैं जिन्होंने अपनी 'न्याय यात्रा' पुन: शुरू कर दी तथा मल्लिार्जुन खड़गे को राज्यों में सहयोगियों के साथ मतभेद दूर करने व सीट-साझा समझौतों की जिम्मेदारी दे दी। अपने खराब स्वास्थ्य के कारण सोनिया गांधी पूर्णत: सक्रिय नहीं हैं और उन्होंने पूरी जिम्मेदारी राहुल गांधी पर डाल दी है। ऐसे में प्रियंका गांधी का अमेरिका चला जाना उचित नहीं कहा जा सकता है, जबकि उनका कांग्रेस में बहुत महत्व है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बिहार में भाजपा और जदयू एक ही नाव में सवार थे। यह बात 2019 के लोकसभा चुनाव तथा 2020 के विधानसभा चुनावों से स्पष्ट है जिसमें राजग के वोटों में कमी आई तथा महा गठबंधन-एमजीबी के वोट बढ़े। भाजपा और जदयू 2019 के चुनाव में एकसाथ थे और उनको क्रमश: 25.58 प्रतिशत तथा 21.81 प्रतिशत वोट मिले थे। 2020 के विधानसभा चुनाव में इनमें क्रमश: 2.35 प्रतिशत तथा 8.19 प्रतिशत कमी आई थी। संभवत: इसी कारण उन्होंने हाथ मिला लिए हैं ताकि 2024 में अपना प्रदर्शन दुहरा सकें। नीतीश कुमार द्वारा 'इंडिया' गठबंधन छोड़ने के बिहार की राजनीति पर गंभीर प्रभाव पड़ सकते हैं क्योंकि भाजपा, जदयू व एलजेपी 2024 में बहुत मजबूत गठजोड़ बनाएंगे। राजग को 2019 में 53.25 प्रतिशत वोट मिले थे जिसमें भाजपा को 25.58 प्रतिशत, जदयू को 21.8 प्रतिशत तथा एलजेपी को 7.88 प्रतिशत वोट शामिल हैं। इसके उलट एमजीबी में राजद को 2020 में 23.11 प्रतिशत तथा कांग्रेस को 9.48 प्रतिशत वोट मिले थे। जदयू ने 16 सीटों पर विजय पाई थी और वह केवल एक सीट हारी थी, जबकि भाजपा ने सभी 17 सीटों पर विजय पाई थी। इसी प्रकार एलजेपी को सभी 6 सीटों पर विजय मिली थी। वर्तमान स्थित में भाजपा को सीधा लाभ मिलेगा क्योंकि वह चिराग पासवान की पार्टी तथा छोटे समूहों से मिल कर ज्यादा सीटें जीत सकती है।

नीतीश को भी भाजपा से हाथ मिलाने का लाभ मिलेगा क्योंकि वे अपनी मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाने में सफल हुए हैं तथा 2025 के विधानसभा चुनाव के बाद रिकार्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री बनने की उनकी संभावनायें प्रबल हैं। नीतीश कुमार हमेशा लालू परिवार के साथ असहज अनुभव करते रहे हैं क्योंकि भ्रष्टाचार के आरोपों में ईडी उसकी जांच कर रहा है। ऐसे में यदि मोदी 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हैं तो नीतीश कुमार के खिलाफ भी जांच एजेंसियां सक्रिय हो सकती थीं। नीतीश ने भाजपा से हाथ मिला कर स्वयं को सुरक्षित कर लिया है। यह राज्यों में अनेक राजनीतिक विरोधियों के मामलों से स्पष्ट है जिनको ईडी व अन्य जांच एजेंसियों के शिकंजे से राहत मिली है। कहा जाता है कि नीतीश कुमार अपनी पार्टी के 6 सांसदों की भाजपा से मिलीभगत से सशंकित थे जो 2024 के चुनाव के पहले उनको छोड़ सकते थे।

इसका कारण यह है कि वे 2019 में भाजपा-जदयू गठबंधन के जातीय समीकरणों के अंतर्गत जीते थे। वर्तमान स्थितियों में उनके जीतने की संभावनायें घट गई थीं क्योंकि प्रधानमंत्री द्वारा अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद बिहार में नरेन्द्र मोदी और हिंदुत्व का प्रभाव बढ़ा था। जदयू सांसदों ने इस तथ्य पर भी गौर किया था कि लोग संसदीय चुनावों मं अलग तरीके से वोट करते हैं, इसलिए 2020 विधानसभा चुनाव का पैटर्न 2024 पर लागू होना जरूरी नहीं था। इस चुनाव में मोदी राजग का चेहरा हैं और 'इंडिया' गठबंधन के किसी नेता की तुलना में वे अजेय दिख रहे हैं, खासकर इसलिए भी कि गठबंधन ने अभी अपना प्रधानमंत्री उम्मीदवार तय नहीं किया है। ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल इस पूरे प्रकरण में दो खलनायकों की तरह उभरे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों ने ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल को नीतीश कुमार को गठबंधन का समन्वयक न बनने देने का पूरा श्रेय दिया है। नीतीश ने पिछले साल कठोर परिश्रम कर 23 जून, 2023 में पटना में 'इंडिया' की सफल बैठक की थी जिसने 2024 में भाजपा को सत्ता से हटाने की प्रतिज्ञा की थी। लेकिन ममता द्वारा खड़गे का नाम प्रस्तावित करने और केजरीवाल द्वारा उसका समर्थन करने से नीतीश को हाशिए पर धकेल दिया गया।


नीतीश कुमार ने 'इंडिया' में वर्तमान संकट की जिम्मेदारी कांग्रेस पर डाली है, लेकिन लालू यादव व उनके बेटे तेजस्वी भी बिहार में इस स्थिति के जिम्मेदार हैं। वे जदयू के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह के माध्यम से जदयू पर कब्जे की जल्दबाजी में थे। ललन सिंह ने ही तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने का विचार पेश कर जदयू को तोड़ना शुरू कर दिया था। इससे आहत नीतीश कुमार ने ललन सिंह को बाहर का रास्ता दिखाया और भाजपा से हाथ मिला लिया। नीतीश को केवल अपने अस्तित्व की चिन्ता है। नीतीश कुमार को इस बात की चिन्ता नहीं है कि उनको भारतय इतिहास में 'गिरगिट', 'पल्टू राम' या 'आया राम गया राम' के नाम से याद किया जाएगा। उन्होंने मैकियावेली का सिद्धान्त अपनाया और इसी कारण वे महागठबंधन को छोड़ कर नवीं बार मुख्यमंत्री बनने में सफल हुए। नीतीश ने भाजपा से हाथ मिलाया जो 2024 में बिहार में अधिकतम सीटें जीतना चाहती है।

2025 विधानसभा चुनाव के बाद नीतीश के दसवीं बार मुख्यमंत्री बनने की संभावना है। भाजपा का भी 'इस्तेमाल करो और फेंको' की राजनीति में विश्वास है। लेकिन उसे उन नेताओं की चिन्ता करनी चाहिए जो अपनी राजनीतिक प्रासांगिकता बनाए रखते हैं। इनमें कई ऐसे नेता भी शामिल हैं जो राहुल गांधी को छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि कांग्रेस लचीलापन दिखाए तथा ममता और केजरीवाल का महत्व और प्रभुत्व क्रमश: पश्चिम बंगाल व दिल्ली में स्वीकार कर ले तो नीतीश कुमार द्वारा धोखा देने के बावजूद 'इंडिया' गठबंधन को बचाया जा सकता है।

# दलित-वंचित समाज बनाम हिंदुत्व

> **"2024 का लोकसभा चुनाव बेहद करीब है?। सत्तापक्ष यानी नरेंद्र मोदी के मंसूबों लिए यह चुनाव बेहद खास है। जबकि विपक्ष के लिए करो या मरो की स्थिति है।"**

**- प्रो. रविकान्त**



यह चुनाव गोदी मीडिया के नैरेटिव पर लड़ा जाएगा? विपक्ष की एकजुटता में आई दरार के बावजूद यह चुनाव मोदी के लिए कतई आसान नहीं है। यही कारण है कि भाजपा अपने नए-पुराने तमाम साथियों को साधने में लगी है। दरअसल, यह देश के दलितों और वंचितों के अस्तित्व की लड़ाई का सबसे बड़ा चुनाव होने जा रहा है। दूसरे शब्दों में, 2024 का चुनाव यह तय करेगा कि दलितों वंचितों का भविष्य सुरक्षित रहेगा या नहीं।

2024 का लोकसभा चुनाव बेहद करीब है?। सत्तापक्ष यानी नरेंद्र मोदी के मंसूबों लिए यह चुनाव बेहद खास है। जबकि विपक्ष के लिए करो या मरो की स्थिति है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक पांच महीने तक अनवरत (7 सितंबर,2022 से 26 जनवरी 2023) पैदल चलते हुए राहुल गांधी ने 4000 किमी की भारत जोड़ो यात्रा की। नरेंद्र मोदी की भय, नफरत और विभाजन की राजनीति के बरक्स राहुल गांधी ने सौहार्द्र और प्रेम का संदेश दिया। इस यात्रा से उपजे माहौल में विपक्षी दल एकजुट होने लगे। मई 2023 में विपक्ष की पहली बैठक पटना में हुई। इसके बाद बंगलौर, मुंबई और दिल्ली में इंडिया अलाइंस बनकर तैयार हुआ। लेकिन जनवरी 2024 तक आते-आते राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं और निजी स्वार्थ टकराने लगे। गठबंधन की शुरुआत करने वाले नीतीश कुमार अब फिर से नरेंद्र मोदी के पाले (पहलू) में जा चुके हैं। इंडिया गठबंधन से विपक्ष का मजबूत नैरेटिव बना था। नीतीश कुमार के जाते ही मोदी की गोदी में बैठा मीडिया रात दिन इसे कमजोर बताने में लगा हुआ है।





क्या यह चुनाव गोदी मीडिया के नैरेटिव पर लड़ा जाएगा? विपक्ष की एकजुटता में आई दरार के बावजूद यह चुनाव मोदी के लिए कतई आसान नहीं है। यही कारण है कि भाजपा अपने नए-पुराने तमाम साथियों को साधने में लगी है। दरअसल, यह देश के दलितों और वंचितों के अस्तित्व की लड़ाई का सबसे बड़ा चुनाव होने जा रहा है।दूसरे शब्दों में, 2024 का चुनाव यह तय करेगा कि दलितों वंचितों का भविष्य सुरक्षित रहेगा या नहीं। डॉ आंबेडकर ने 1940 में ही इस चुनौती को समझ लिया था। उन्होंने अपनी किताब %पाकिस्तान = द पार्टीशन आफ इंडिया% में स्पष्ट तौर पर लिखा था कि अगर हिंदू राष्ट्र बनता है तो यह करोड़ों दलितों के लिए बड़ी आपदा साबित होगी।

इसलिए किसी भी कीमत पर इसे रोका जाना चाहिए। उन्होंने यह भी जोड़ा कि हिंदू राष्ट्र ब्रिटिश हुकूमत से भी ज्यादा क्रूर होगा। आज एक तरफ तमाम बाबा और हिंदुत्ववादी संगठन भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का ऐलान कर रहे हैं तो दूसरी तरफ सत्तातंत्र के जरिए बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान को धीरे-धीरे कुतरा जा रहा है। भाजपा के कतिपय नेताओं से लेकर प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष विवेक गोयनका संविधान को बदलने की बात कह चुके हैं।

गांधी, नेहरू और आंबेडकर के समय से मौजूद हिन्दुत्ववादियों के मंसूबे जगजाहिर हैं। हिंदुत्व के नायक सावरकर ने आजादी के आंदोलन में खुलेआम अंग्रेजों का साथ दिया। भारत छोड़ो आंदोलन और सुभाषचन्द्र बोस की आजाद हिन्द फौज के संघर्ष के समय सावरकर ने अंग्रेजी सेना का सहयोग किया। आजादी और नया संविधान हिन्दुत्ववादियों को कतई नहीं भाया। इसलिए वे विभाजन के समय सांप्रदायिक उन्माद पैदा करने के लिए खासकर पाकिस्तान से आने वाले हिंदुओं और सिक्खों को उकसाने में लगे रहे। गांधीजी की शहादत भी इसी साज़िश का हिस्सा थी। लेकिन इसके बाद लंबे समय तक हिंदुत्ववादी हाशिए पर रहे।

कांग्रेसी सत्ता के सामने विपक्ष के साथ झूठ और फरेब करके हिंदुत्ववादी अपने आपको खड़ा करने की कोशिश करते रहे। अपनी असलियत को छुपाकर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के बीच धर्म के नाम घुसपैठ करते रहे। 90 के दशक में पहली बार उन्हें कामयाबी मिली। मंदिर आंदोलन के उभार के बावजूद वे अल्पमत में रहे। लेकिन 2014 में कारपोरेट के रथ पर सवार होकर झूठ की दुकान सजाकर नरेंद्र मोदी पूरे बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में दाखिल हुए। इसके बाद आरएसएस ने अपने एजेंडे को लागू करना शुरू किया। पहले पांच साल में खासकर मुस्लिम अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कुचला गया। उनके खिलाफ सरेआम नफरत और हिंसा हुई। दूसरे कार्यकाल में मोदी संघ के असली एजेंडे की तरफ बढ़े। दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के अधिकारों और अवसरों को कुचला जाने लगा।

जाति-व्यवस्था के पेंच कसे जाने लगे और हिन्दू राष्ट्र बनाने की मुनादी की जाने लगी। उस संविधान को हटाने की बात होने लगी, जिसने वंचितों की सदियों की गुलामी से मुक्त किया। मनुस्मृति, गीता और रामचरित मानस का महिमा मंडन किया जाने लगा। जाहिर तौर पर इन धर्मग्रंथों के जरिए वर्ण और जाति-व्यवस्था को जायज ठहराने की साज़िश की जा रही है। ध्यातव्य है कि बाबासाहेब आंबेडकर दलितों, शूद्रों और स्त्रियों की गुलामी के लिए धर्मग्रंथों को ही सबसे बड़ा जिम्मेदार मानते थे क्योंकि इनके जरिए उस व्यवस्था को ईश्वरीय विधान बनाया गया। इसीलिए उन्होंने कहा था कि धर्मग्रंथों को विस्फोटक से उड़ा देना चाहिए।

# लद्दाखी नाराज, चाहिए पूर्ण राज्य का दर्जा

**पूर्ण** राज्य का दर्जा देने तथा लोकसभा की सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर मंगलवार को सड़कों पर हजारों की संख्या में उतरे लद्दाखी निवासियों ने साबित कर दिया है कि 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर में लागू अनुच्छेद 370 को हटाना भारत सरकार की बड़ी भूल थी और उसके कारण जम्मू-कश्मीर व लद्दाख तीनों हिस्सों के नागरिक नाराज़ हैं।

पूर्ण राज्य का दर्जा देने तथा लोकसभा की सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर मंगलवार को सड़कों पर हजारों की संख्या में उतरे लद्दाखी निवासियों ने साबित कर दिया है कि 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर में लागू अनुच्छेद 370 को हटाना भारत सरकार की बड़ी भूल थी और उसके कारण जम्मू-कश्मीर व लद्दाख



तीनों हिस्सों के नागरिक नाराज़ हैं। इसका कारण यह है कि जो सब्ज़ बाग दिखाये गये थे, वे तो पूरे हुए ही नहीं, उल्टे सभी इलाकों में दुश्वारियां बढ़ी हैं। विशेषकर कश्मीर तथा लद्दाख के लोग उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। केन्द्र सरकार को चाहिये कि लद्दाखियों की बात सुने एवं अनुकूल फैसला करे। जैसी कि मांग हो रही है इस क्षेत्र के साथ तीनों को पहले जैसा पूर्ण राज्य का दर्जा दे।

उल्लेखनीय है कि जब अनुच्छेद 370 को हटाया गया था, तो पूरे राज्य को दो केन्द्र शासित राज्य में बांट दिया गया है। लद्दाख को भी एक केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। शून्य से नीचे के तापमान वाले इस प्रदेश में हुए प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। इसका नेतृत्व एपेक्स बॉडी ऑफ लद्दाख एवं कारगिल डेमोक्रेटिक एलायंस ने संयुक्त रूप से किया। उनकी मांगें इस प्रकार हैं- लद्दाख को पूर्ण राज्य बनाना, वहां संविधान की छठीं अनुसूची को लागू करना, इस अनुसूची के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों में स्वायत्त जिले बनाने का प्रावधान करना। चूंकि लद्दाख में कई तरह की जनजातियां रहती हैं, यह मांग पहले भी कई बार उठती रही है। दरअसल यह मोर्चा निकालकर पूर्ण राज्य की मांग करना नौकरशाहों के अंतहीन शासन से मुक्ति पाने का प्रयास है। हालांकि केन्द्र सरकार ने पहले घोषणा की थी कि लेह अपेक्स बॉडी एवं कारगिल डेमोक्रेटिक एलायंस के साथ दूसरे चरण की बातचीत की जायेगी परन्तु सम्भवत- लद्दाखवासियों का विश्वास केन्द्र सरकार पर से उठता जा रहा है तथा उनमें नौकरशाहों के नियंत्रण से मुक्ति पाने की व्यग्रता है जिसके चलते उस बातचीत के पहले ही यह विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया।

इसे लेकर लद्दाख के प्रसिद्ध पर्यावरणवादी एवं लोक शिक्षक सोनम वांगचुक ने कहा है कि यह लद्दाख में लोकतंत्र की बहाली के लिये अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन है। याद हो कि वांगचुक ने पिछले वर्ष के इसी महीने में लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर अनशन भी किया था। उनका दावा था कि केन्द्र शासित प्रदेश में ऐसी मांग करने की भी स्वतंत्रता नहीं रह गयी है। लद्दाख की जो मांग व स्थिति है, प्रकारान्तर से वही कश्मीर एवं जम्मू की भी है। तीनों ही प्रांतों के लोग अलग-अलग मौकों पर तथा भिन्न-भिन्न तरीकों से अनुच्छेद 370 को हटाने का विरोध कर चुके हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी की हिन्दूवादी विचारधारा इसके आड़े आती रही है। मुस्लिम बहुल होने के कारण कश्मीर भाजपा व उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आंखों की किरकिरी बना हुआ है। इतिहास के अधकचरे ज्ञान, मुस्लिमों के प्रति नफ़रत तथा विभाजनकारी सोच के चलते अनुच्छेद हटाया गया था। इसके साथ ही प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू तथा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को कोसने का वह साधन मात्र रहा। आतंकवाद के उन्मूलन के नाम पर इसके जरिये भाजपा-संघ द्वारा ध्रुवीकरण वैसा ही बढ़ाया गया जैसा और कई प्रकार के मुद्दों के जरिये किया जाता है।

अनुच्छेद 370 के हटाये जाने के 5 वर्षों के बाद आज परिस्थितियां देखें तो पहले से भी बदतर हैं। वहां लम्बे समय तक लोगों को एक तरह से घरों में ही कैद करके रखा गया था। कई-कई दिनों तक इंटरनेट एवं संचार के अन्य माध्यम ठप कर दिये गये जिससे वहां की खबरें बाहर तक न आ पायें। वहां नौकरशाहों के जरिये प्रशासन संचालित होता है जिसके कारण नागरिकों की आजादी सीमित हो गयी है। हालांकि केन्द्र सरकार व स्थानीय प्रशासन वहां स्थिति सामान्य होने के दावे करते हैं लेकिन सच्चाई कुछ और ही है। विशेषकर कश्मीर में चुनाव कराने की स्थिति में केन्द्र सरकार नज़र नहीं आती। लोगों को उम्मीद थी कि 2023 के अंत तक सरकार चुनाव कराएगी ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बहाल किया जा सके। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस वर्ष के सितम्बर तक चुनाव कराने के लिये केन्द्र को निर्देश दिये हैं। देखना यह होगा कि ऐसा होता है या नहीं। कश्मीर के साथ जिस तरह से जम्मू व लद्दाख को भी एक अदूरदर्शिता पूर्ण निर्णय में लपेटा गया है, वह सचमुच दुर्भाग्यजनक है। जिस समय यह कदम उठाया गया था, उस वक्त इसके पक्ष में हवा बांधने की कोशिश की गयी थीं। जिस तरह से वहां आतंकवाद खत्म होने, शांति बहाली तथा रोजगार आदि बढ़ने के बड़े-बड़े दावे किये गये थे, वैसा कुछ होता नज़र नहीं आ रहा है। उल्टे, वहां के लोगों में एक तरह से मुख्य भूमि से अलग-थलग होने का भाव ही सघन हुआ है।

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# न सड़कों पर किसान, न जाम, फिर भी किया जा रहा आमजन को परेशान




नलवी-ठेल रोड को मारकंडा नदी पर आरसीसी की दीवार बनाकर पक्का नाका लगा कर बंद करते पीडब्लूडी कर्मचारी। मारकंडा पुल पर स्थिति का जायजा लेते डीसी एवं एसपी।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

**रविवार** को न तो सड़कों पर कहीं किसान नजर आए और न ही किसी भी रोड पर जाम है, फिर भी न जाने क्यों पुलिस आमजन को परेशान करने में लगी रही। संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा समेत 26 किसान संगठन 13 फरवरी को दिल्ली कूच करेंगे और अभी पंजाब के किसान शंभू बॉर्डर, डबवाली और खनौरी बॉर्डर पर एकत्रित होना शुरू हुए है, जिन्हे बार्डरों पर ही बैरियर लगा कर रोका गया है।

अभी वहां से किसान आगे कूच नहीं कर रहे है और न ही सड़कों पर कहीं किसान दिखाई दे रहे है। मगर पुलिस द्वारा रविवार सुबह दिल्ली से होकर अम्बाला, चंडीगढ़, राजपुरा और अमृतसर वाया शाहाबाद जाने वाले वाहनों को मारकंडा पुल के बाद नेशनल हाईवे से डायवर्ट करके साहा रोड के रास्ते पंचकूला साइड भेजा जा रहा है। हालांकि अम्बाला छावनी और अम्बाला सिटी तक अभी कुछ नहीं है, लेकिन न जाने पुलिस ऐसा क्यों कर रही है। यहां पुलिस ने वाहनों को सुबह से दोपहर तक साहा रोड की तरफ डायवर्ट किया, लेकिन बाद दोपहर नाका खोल दिया गया और वाहन पुनः अम्बाला की ओर जाने लगे। उधर, पीडब्ल्यूडी विभाग ने आरसीसी की 6 फीट की दीवार बना कर और पक्का नाका लगा कर नलवी-ठेल रोड को मारकंडा पुल पर बिलकुल बंद कर दिया है। सीमेंट के बैरीगेट्स के ऊपर लोहे की तारें लगा कर पक्का नाका तैयार किया जा रहा है। नलवी-ठेल सहित उस रोड पर रहने वाले सभी ग्रामीणों को जाने-आने में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**अगर किसानों ने शंभू बॉर्डर तोड़ा, तो मारकंडा पुल पार करना होगा मुश्किल :** रविवार शाम उपायुक्त कुरुक्षेत्र शांतनु शर्मा और पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र सुरिंदर सिंह भोरिया ने भी मारकंडा पुल पर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस द्वारा की गई तैयारी के मुताबिक अगर किसान शंभू बॉर्डर सहित अन्य किसी बॉर्डर से निकल कर अंबाला के रास्ते दिल्ली कूच करेंगे, तो शाहाबाद में मारकंडा पुल पर उन्हें पुलिस रोकेगी। इसके लिए मारकंडा पुल की दोनों तरफ पुलिस ने पक्के सीमेन्टेड बेरिगेट्स और रेत के कट्टों को रख दिया है। कांटेदार तारों के साथ लोहे के बेरिगेट्स सड़क किनारे रखें गए है, जिनको समय आने पर जेसीबी की मदद से नेशनल हाईवे के बीचो-बीच रख दिया जाएगा।



नेशनल हाईवे को दोनों तरफ से बंद करने की तैयारी में रखे गए बेरिगेट्स।

**किसान नहीं, पुलिस कर रही परेशान :** रविवार को आदेश अस्पताल में अपनी पत्नी का इलाज करवा कर लोटे नवजोत सिंह ने बताया कि जब सुबह आदेश अस्पताल जाना था, तो पुलिस ने उन्हें साहा रोड की तरफ डायवर्ट कर दिया। उनका जो सफर शाहाबाद से मात्र 10 किलोमीटर था, वह उन्हें साहा रोड पर गांवो के रास्ते 30 किलोमीटर तय करना पड़ा, जबकि वापसी के समय पूरे नेशनल हाईवे पर कुछ नहीं था। अम्बाला से लौटे रमेश शर्मा ने बताया कि न जाने पुलिस ने उन्हें सुबह शाहाबाद से साहा रोड की तरफ डायवर्ट क्यों किया, क्योंकि वापसी में उन्हें सब ठीक-ठाक मिला। उन्होंने बताया कि व्यर्थ में उन्हें 20 किलोमीटर का सफर 42 किलोमीटर में तय करना पड़ा।

# जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियुक्त किए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**संयुक्त** किसान मोर्चा व अन्य किसान संगठनों द्वारा एमएसपी सहित अन्य मांगों को लेकर 13 फरवरी को दिल्ली कूच करने के आह्वान के दृष्टिगत जिला में शांति, कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधीश मनोज कुमार ने भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 22(1) व 23(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला के विभिन्न क्षेत्रों में ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। इस दौरान सभी ड्यूटी मैजिट्रेटों के साथ पुलिस अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

जिलाधीश ने अपने आदेशों में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी को जिला में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए ओवर ओल इंचार्ज नियुक्त किया है। इसके साथ ही उपमंडल अधिकारी (ना0) गन्नौर, गोहाना, खरखौदा, सोनीपत को अपने-अपने क्षेत्र में ओवर ओल इंचार्ज नियुक्त किया है। इसके अलावा जीटी रोड स्थित हलदाना बोर्डर, सोनीपत व पर्यवेक्षण अधिकार क्षेत्र में तहसीलदार गन्नौर मनोज कुमार को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया। उनके साथ पुलिस विभाग से एसीपी गन्नौर गोरखपाल की ड्यूटी लगाई गई है। गन्नौर फ्लाईओवर के प्रारभिंक बिंदू व पर्यवेक्षण क्षेत्र में उप-आबकारी कराधान आयुक्त (जीएसटी) समीर यादव को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट तथा उनके साथ पुलिस विभाग से एसीपी मुरथल संदीप धनखड़ की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार जीटी रोड स्थित केजीपी व केएमपी के जीरो प्वाइंट व पर्यवेक्षण अधिकार क्षेत्र में जिला उद्यान अधिकारी राकेश कुमार को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट लगाया गया है। उनके साथ पुलिस विभाग से एसीपी राई मुकेश कुमार की ड्यूटी लगाई है।

जिलाधीश ने सोनीपत शहर-1 पर्यवेक्षण अधिकार क्षेत्र में जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक बिंसल सहरावत को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। उनके साथ पुलिस विभाग से एसीपी सोनीपत शहर-1 नरसिंह की ड्यूटी लगाई गई है। पर्यवेक्षण अधिकार क्षेत्र गोहाना जोन में सिंचाई विभाग में एक्सईएन गोहाना अश्वनी फौगाट को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट तथा उनके साथ पुलिस विभाग से एसीपी गोहाना सोमबीर की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार थाना क्षेत्र गन्नौर में बिजली विभाग से एसडीओ सचिन दहिया को ड्यूटी मैजिट्रेट लगाया गया है। उनके साथ पुलिस विभाग से गन्नौर थाना प्रबंधक मनोज कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। औद्योगिक क्षेत्र बड़ी स्थित थाना के क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ रविन दत्ता को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट लगाया गया है। उनके साथ पुलिस विभाग से थाना बड़ी प्रबंधक महेश की ड्यूटी लगाई गई है।

मुरथल थाना क्षेत्र में औद्योगिक एवं स्वास्थ्य सुरक्षा विभाग के सहायक निदेशक वकील पुनिया को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट तथा उनके साथ पुलिस विभाग से मुरथल थाना प्रबंधक जसपाल सिंह की ड्यूटी लगाई गई है। बहालगढ़ थाना क्षेत्र में आंकलन केन्द्र के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उनके साथ बहालगढ़ थाना प्रबंधक राजीव कुमार की ड्यूटी लगाई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुरानी पेंशन की मांग को लेकर कर्मचारियों ने जींद रैली के लिए किया कूच : विनोद शर्मा



**सोनीपत।** हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के सभी कर्मचारी पुरानी पेंशन की मांग को बहाल कराने को लेकर पीबीएसएस की ओपीएस महासंकल्प रैली को सफल को सफल बनाने को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सर्कल कार्यालय गोहाना रोड सोनीपत से ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा की अगुआई में सुबह बसों में सवार होकर एकलव्य स्टेडियम जींद के लिए कूच किया। ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने कहा कि उपमुख्यमंत्री हरियाणा सरकार द्वारा 2019 के विधानसभा चुनाव में कर्मचारियों से पुरानी पेंशन को बहाल करने को लेकर कर्मचारियों से अपने घोषणापत्र में लागू करने का वादा किया था। इसी कड़ी में राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ में सरकार द्वारा पुरानी पेंशन की मांग को पूरा कर चुकी है। प्रदेश का कर्मचारी भी हरियाणा सरकार से कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन की मांग कर रही है। आज की ओपीएस रैली के लिए संगठन के जिला प्रधान विष्णु दत भारद्वाज, ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा, ब्रांच कार्यकारिणी से अमित कुमार, राजबीर सिंह टांक, सुरेश शर्मा, नरेश शर्मा, रोहतास, नरेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, भगवान सिंह, धर्मेन्द्र, महेंद्र सारसर, सुरेश पहलवान, बेदपाल, करमबीर, विनोद कुमार, रमेश कुमार, संजय, सुंदर सिंह चौहान, जगदीश, राजेश आदि काफी संख्या में कर्मचारियों ने सोनीपत से जींद रैली को सफल बनाने को लेकर कूच किया।

### बदमाशों के साथ सख्ती से पेश आया जाएगा : जैन

**सोनीपत।** अज्ञात लुटेरों द्वारा बहालगढ़ में किरयाणा के होलसेल व्यापारी राजेश कुमार को गोली मारकर सवा लाख रुपए लूटने की घटना से गुस्साए दुकानदारों ने अपनी दुकान बंद कर रोष प्रकट करते हुए प्रदर्शन किया। दुकानदारों में इस बात को लेकर भी रोष था कि आए दिन चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। दुकानदारों के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन, सहायक पुलिस आयुक्त संदीप कुमार तथा बहालगढ़ थाना इंचार्ज राजीव कुमार ने दुकानदारों से बातचीत की और जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। राजीव जैन ने कहा कि पुलिस की गश्त भी बढ़ाई जाएगी और बदमाशों के साथ सख्ती से पेश आया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपराधियों के पकड़ने में ढील हुई तो वह स्वयं व्यापारियों के साथ धरना देंगे, तब जाकर दुकानदार दुकान खोलने पर सहमत हुए। राजीव जैन निजी अस्पताल में भर्ती घायल राजेश कुमार का हाल-चाल जानने पहुंचे और कहा कि बिल्कुल भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन व सरकार पूरी तरह से साथ है। राजीव जैन ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों को न तो पुलिस प्रशासन और न ही राजनीतिक संरक्षण मिलता है और हर वारदात की गुत्थी सुलझाकर अपराधियों को पकड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि गोहाना में मातुराम हलवाई की दुकान पर हुई फायरिंग की घटना में शामिल युवक देर में सही लेकिन सभी को गिरफ्तार कर वारदात को अंजाम देने में शामिल हथियार भी पकड़े गए। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कानून की सख्त से सख्त धाराओं में पर्चा दर्ज किया जाता है।

### भाजपा-जजपा के राज में प्रदेश का हर वर्ग परेशान



गांव कलसाना में ग्रामीणों को संबोधित करते डॉ. राजिंदर सिंह भट्टी।

**शाहाबाद मारकंडा।** शाहाबाद हलके के गांव कलसाना में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कुरुक्षेत्र विद्यालय के पूर्व चेयरमैन एवं डीन डॉ राजिंदर सिंह भट्टी ने घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान की शुरुआत की। सर्वप्रथम ग्रामीणों ने डॉ राजिंदर भट्टी का गांव आगमन पर स्वागत किया और उनके बाद जनसंवाद कार्यक्रम शुरू हुआ। डॉ भट्टी ने सभी ग्रामीणों को कांग्रेस पार्टी के संकल्प पत्र वितरित किए और कांग्रेस पार्टी की जन कल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं से भी अवगत करवाया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में हुए विकास कार्यों को याद करवाते हुए स्थानीय लोगों को नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस से जुडकर पार्टी को मजबूत करने और आगामी लोकसभा एवं विधानसभा में चुनाव में कांग्रेस को वोट देने का आह्वान किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि ग्रामीण हलके की कालोनियों के विकास के मामले में हालात बेहद खराब है और हलके के गांवों व कालोनियों के लोगों को मूलभूत जरूरी सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। कालोनियां विकास कार्य नहीं होने से स्थानीय लोगों में मौजूदा गठबंधन सरकार के प्रति रोष बना हुआ है। डॉ. भट्टी ने कहा कि आज प्रदेश में भाजपा-जजपा सरकार से हर वर्ग परेशान है और उनका दावा है कि आगामी चुनाव में जनता इस बार भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार को सत्ता से बाहर करके कांग्रेस की सरकार बनाएगी। इस मौके दर्जनों ग्रामीणों ने डॉ. भट्टी को शाल इत्यादि पहनकर सम्मानित भी किया।

# फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की नई जिला कार्यकारिणी घोषित



कार्यकारिणी गठन की बैठक में उपस्थित एसोसिएशन के प्रतिनिधि।

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**फेडरेशन** ऑफ प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की आम बैठक नई कार्यकारणी के गठन को लेकर एक होटल में हुई। बैठक में निसा के राष्ट्रीय प्रधान डॉ. कुलभूषण शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। एसोसिएशन के वरिष्ठ उप-प्रधान डॉ. अमित मेहता ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकरत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के महासचिव डॉ. वरुण जैन ने की।

मंच का संचालन एसोसिएशन के सचिव महिपाल कौशिक ने किया। हरपाल आर्य ने आए हुए अथितियों का स्वागत किया। नवनियुक्त प्रधान सुरेश कुमार सहित सभी गणमान्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चरणों में दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। सुपार्श्व जैन स्कूल की छात्रों ने सरस्वती वंदना पर शानदार प्रस्तुति दी। कुलभूषण शर्मा ने नवनियुक्त कार्यकारणी को बधाई दी और कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि नई कार्यकारणी स्कूलों के हितों को लेकर पूरी निष्ठा से कार्य करेगी व प्राथमिकता के आधार पर स्कूलों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उचित मंचों पर उठाने का कार्य करेगी। सुरेश कुमार ने नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। नई कार्यकारणी के अंतर्गत लाभ सिंह लेलर को चेयरमैन घोषित किया गया।

हरपाल आर्य, सुनील रसीना, सुरेंदर अरोड़ा व कृष्ण बंदराना को मुख्य संरक्षक जगजीत माजरा को महासचिव, अजय कुमार को कोषाध्यक्ष व सतपाल शर्मा को सह-कोषाध्यक्ष, वेद प्रकाश व सोहन लाल पाडला को उप-प्रधान, राहुल और रामदिया कुंडू को सचिव, एडवोकेट सुरेंदर सिंह को कानूनी सलाहकार का पद दिया गया। आईटी सेल की जिम्मेदारी अनिल को दी गई। पवन शर्मा, मंगल सिंह, सुखदेव शर्मा, राम निवास, करनैल, जोहर सिंह, सुरेश नौच, गुरुदेव को जिला कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में चुना गया।

# लोकसभा चुनाव में ब्राह्मण समाज उम्मीदवार उतारेगा

**पानीपत।** इसराना में रविवार को हुए ब्राह्मण परिवार मिलन समारोह के माध्यम से ब्राह्मण समाज ने राजनीतिक भागीदारी मांग करनाल लोकसभा सीट से समाज की उम्मीदवारी के साथ साथ प्रदेश के चौधर के लिए भी दावेदारी ठोकने का काम किया। समारोह की अध्यक्षता ने की व संचालन बलराम शर्मा ने किया। मंच से डॉ अंकित शर्मा व रामरतन शर्मा ने कहा कि जो भी राजनीतिक दल लोकसभा चुनाव में ब्राह्मण समाज से उम्मीदवार उतारेगा समाज उसकी का तह दिल से साथ देगा। उन्होंने प्रदेश के सीएम पद पर भी दावेदारी जताते हुए कहा कि हरियाणा में अस्तित्व में आने के बाद पंडित भगवत दयाल शर्मा को छोड़ आज तक समाज से कोई भी सीएम नहीं बन पाया। समाज को भी राजनीति में हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। मंच से चाणक्य पंडित, संदीप भारद्वाज, बलराम शर्मा, सुरेंद्र गौड़, नीरज भंडारी समेत सभी वक्ताओं ने लोकसभा सीट पर ब्राह्मण समाज की दावेदारी का समर्थन किया।

# अमेजन डॉट इन की होम शॉपिंग स्प्री के साथ अपने लिविंग स्पेस को बनाएं और भी खूबसूरत

**नोएडा।** लंबा इंतजार अब खत्म हुआ, और अमेजन डॉट इन की होम शॉपिंग स्प्री होम, किचन और आउटडोर उत्पादों के विशाल संग्रह पर बेमिसाल डील्स और ऑफर के साथ वापस आ गई है।

अगर आप अपने घर को आधुनिक बनाने के लिए साज-सज्जा से लेकर किचन अप्लायंसेस, पर्दे, बेडशीट, गद्दे आदि खरीदना चाहते हैं, तो आपके लिए टॉप ब्रांडों जैसे अवनी, बजाज, पिजन, प्रेस्टीज, सेलबेल, बोरोसिल, वेगा के शानदार प्रोडक्ट खरीदना का शानदार मौका है। होम शॉपिंग स्प्री 8 फरवरी से 11 फरवरी, 2024 तक रहेगी जारी। न्यूनतम 5000 रुपये के लेनदेन पर सिटी बैंक के साथ पाएं 10 प्रतिशत का इंस्टेंट डिस्काउंट। होम, किचन और आउटडोर उत्पादों के टॉप ब्रांडों पर पाएं न्यूनतम 40 प्रतिशत की छूट। सिटी बैंक क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड पर अधिकतम 1000 रुपये की छूट और 1250 रुपये की ईएमआई लेनदेन पर प्राप्त करें और न्यूनतम 1500 रुपये की खरीदारी पर 300 रुपये की अतिरिक्त छूट पाएं।

# ऑर्किड्स स्कूल ने विश्व रोगी दिवस पर योग और बागवानी कार्यशाला का आयोजन किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**विश्व** रोगी दिवस के अवसर पर ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने एक परिवर्तनकारी योग और बागवानी कार्यशाला की मेजबानी करके विश्व रोगी दिवस मनाया।

प्रतिवर्ष 11 फरवरी को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य और उपचार को बढ़ावा देने के लिए समर्पित लोगों के बीच समुदाय और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देते हुए बीमारी से जूझ रहे व्यक्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों को पहचानना है। स्कूल ने इस वर्ष योग और बागवानी के तत्वों को शामिल करके एक अनोखा दृष्टिकोण अपनाया, जिससे इस दिन के लिए एक आध्यात्मिक आयाम जुड़ गया। प्रतिभागियों को योग विधियों को पुनर्जीवित करने और बागवानी की उपचारात्मक शक्तियों की खोज करने, शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के कल्याण को बढ़ावा देने का संतुष्टिदायक अनुभव प्राप्त हुआ।

ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल बच्चों के माता-पिता छात्रों ने समग्र स्वास्थ्य प्रथाओं के प्रति अपने उत्साह और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया इस अवसर पर ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल विभा गुप्ता ने कहा, हम विश्व रोगी दिवस के अवसर पर इस सार्थक कार्यशाला की मेजबानी करके रोमांचित हैं। योग और बागवानी को मिलाकर, हमारा लक्ष्य एक समग्र अनुभव प्रदान करना है जो न केवल शरीर को फिर से जीवंत करता है बल्कि आत्मा को भी पोषण देता है। माता-पिता और छात्रों की उत्साही भागीदारी ने हमारे समुदाय में कल्याण को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित किया है। ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल का कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को समग्र प्रथाओं की उपचार शक्ति की याद दिलायी, जिसने उपस्थित सभी लोगों पर स्थायी प्रभाव डाला, शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में स्कूल की प्रतिष्ठा को मजबूत किया।

# इंटरनेट की सेवाओं को बंद करना लोकतंत्र पर हमला है

**कैथल।** जन शिक्षा अधिकार मंच का धरना आज 503वें दिन भी जारी रहा। आज धरने की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान शिव चरण ने की।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा इंटरनेट की सेवाओं को बंद करना लोकतंत्र पर हमला है। एक जिम्मेदार और नैतिक तथा संवैधानिक सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि लोगों ने इंटरनेट की सेवाओं का लाभ लेने के लिए पैसा दिया है और लोकतांत्रिक और संवैधानिक देश में जिम्मेदार सरकारों का दायित्व बनता है कि वे लोगों की आवाज को सुने तथा उनकी समस्याओं का समाधान भी करें।

# डेट नाइट डन राइट! इस वैलेंटाइन-डे पर अमेजन फैशन के साथ बनाइए हर पल फैशनेबल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**प्यार** का मौसम जैसे-जैसे हमारे दिलों पर छाने लगा है, वैसे-वैसे अपने प्यार के इजहार के लिए वैलेंटाइन डे एक आदर्श मौके के रूप में सामने आ रहा है। यह प्यार का त्योहार है और आप उनसे कितना प्यार करते हैं, इसका इजहार करने के लिए कुछ बेहतरीन लफ्जों और कुछ खास गिफ्ट्स की जरूरत होती है।

इस मौके पर अमेजन फैशन आपके गिफ्टिंग के अनुभव को और भी बेहतरीन बनाने के लिए एक खास जगह है। अमेजन फैशन पर 1200 से अधिक ब्रांडों की ओर से पेश किए गए 45 लाख से अधिक स्टाइल्स के साथ विशाल संग्रह उपलब्ध है। चाहे आप सदाबहार खूबसूरती की तलाश में हों, या कैजुअल परिधान या ट्रेंडी



प्रोडक्ट खरीदना चाह रहे हों, अमेजन फैशन ने आपके लिए एक ऐसा संग्रह तैयार किया है जो आपकी विभिन्न प्रकार की पसंदों और प्राथमिकताओं को पूरा करता है। चाहे आपका सबसे पसंदीदा इंसान आपका जीवनसाथी हो, प्रिय मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य हो, आप उसके लिए एक ऐसा बेहतरीन गिफ्ट खरीदें, जो उनकी अनूठी स्टाइल और व्यक्तित्व को दर्शाता हो। आप अमेजन स्टोर पर वेरो मोडा, टॉमी हिलफिगर, क्लार्कस, हश पपीज, फॉसिल, कैसियो, लवी, जौक आदि टॉप ब्रांडों के परिधान, जूते, हैंडबैग, घड़ियों पर 70 फीसदी तक की छूट का आनंद ले सकते हैं। आप अपना सामान और अपने प्रियजन का हर पल फैशनेबल बनाने के लिए वैन ह्यूसेन, एरो, मोची, ट्रेसमोड, जीआईवीए, वॉयला, नीमन्स, अरमानी एक्सचेंज और ह्यूगो बॉस जैसे टॉप ब्रांडों के परिधान, बैग, एक्सेसरीज, घड़ियां और फ्रेगरेंस की एक विस्तृत श्रृंखला में से खरीदारी कर सकते हैं।

इस वैलेंटाइन डे, अमेजन फैशन के साथ फैशन की खास भाषा के साथ अपने प्यार का इजहार करें, जिससे आपके लिए यह प्यार का त्योहार हमेशा के लिए यादगार और स्टाइलिश बन जाए।

# आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुआ विदाई समारोह का आयोजन




मिस आर्य एवं मिस्टर आर्य के साथ स्कूल की प्राचार्या।

**शाहाबाद मारकंडा।** आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रविवार को विदाई समारोह का बड़ी धूमधाम से आयोजन किया गया। 11वीं 12वीं के बच्चों को विदाई एवं शुभकामनाएं दी।

बच्चों ने इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रों ने 12वीं कक्षा की छात्रों के लिए नीडल थ्रेड गेम का आयोजन किया। जिसमें प्रथम स्थान सोनिया ने द्वितीय स्थान सृष्टि और तृतीय स्थानीय ने प्राप्त किया। बैलून ब्रष्ट गेम में खुशी ने प्रथम, सूजान द्वितीय व रिया ने तृतीय स्थान पर रही। पेपर डांस गेम में साहिल व सम्मनदीप ने प्रथम, कपीश व विकास ने द्वितीय एवं गुरमीत व अक्षय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर मिस्टर आर्य मिस आर्य कॉन्टेस्ट में रनरअप अमित व स्वाति रहे जबकि हर्ष मिस्टर आर्य व प्रभदीप मिस आर्य को बनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रेखा सेतिया ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बोर्ड में अच्छे अंक लेकर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

## आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13(2) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13(4) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **राम पाल चौधरी,** योगेश सिंह, यशवीर, मूर्ति<br>खाता सं. LNHIS02920-210156167 | 07 फरवरी 2024<br>₹ 1078075/-<br>06 फरवरी 2024 | संपत्ति स्थित खेवत नं. 26 खतौनी नं. 44 से 224 सिवनी, तहसील सिवनी, भिवानी, हरियाणा 127046 **क्षेत्रफल 148 वर्ग गज** |
| **राम कुमार,** हरि राम, विश्वास, राज कुमारी<br>खाता सं. LNYMN03719-200139801 | 07 फरवरी 2024<br>₹ 1058523/-<br>06 फरवरी 2024 | संपत्ति स्थित खेवत/खतोनी नं. 191/211 खसरा नं. 109 (0-10) में 1/2 शेयर मौजा पंसारा एचबी नं. 127, यमुना नगर, तेह जगाधरी, जिला यमुना नांगर 135001 **क्षेत्रफल 150 वर्ग गज** |
| **सलोचना सलोचना,** चरण सिंह<br>जमानतदार: कृष्ण कुमार<br>खाता सं. LNKNL03720-210175011 | 07 फरवरी 2024<br>₹ 772228/-<br>06 फरवरी 2024 | आवासीय संपत्ति स्थित गांव काकोट, आबादी डेह / लाल डोरा के अंदर, तहसील और जिला कैथल, वीडियो स्थानांतरण विलेख दिनांक 06/06/2018, नं. 1609/1 136027 **क्षेत्रफल 84.60 वर्ग गज** |
| **सुनील कुमार,** सपना सपना<br>खाता सं. LNAMB00321-220213215 | 07 फरवरी 2024<br>₹ 2331737/-<br>06 फरवरी 2024 | एएस/सेल डीड भूमि पर एचबी नं.-135, इंतकाल नं. -2145-2130-2235, खेवत / खेतोनी नं.-5 मिन 56, केएच नं. -174(3-0) समान हिस्सा खेवत नं.-92, नायब सिंह केएच नं.- 19//26/2(5-0), 19//27/1(2-2) कुल रकबा (2-7) दर्शन सिंह 19//26/1(2-7) गांव ढकोला पिन: 133101 **क्षेत्रफल 139 वर्ग गज** |
| **प्रेम देवी,** सुरेश सुरेश, नरेश कुमार एन<br>खाता सं. LNRHT03622-230245068 | 07 फरवरी 2024<br>₹ 2197268/-<br>06 फरवरी 2024 | खसरा नं. 2022, 2023, 2028 मौजा रोहतक, भिवानी रोड, वेयर हाउस राजेंद्र कॉलोनी, रोहतक 152 वर्ग गज का प्लॉट **क्षेत्रफल 152 वर्ग गज** |
| **पुन्ना लाल,** मैना देवी, राकेश कुमार, रानी रानी<br>खाता सं. LNHIS17723-240294340 | 07 फरवरी 2024<br>₹ 366545/-<br>07 फरवरी 2024 | संपत्ति अर्थात, संपत्ति के संबंध में सर्टिफिकेशन/डीड ऑफ टाइटल/ऑनरशिप नं. 8335 दिनांक 06 09 2021 के अनुसार संपत्ति, प्लॉट/हाउस एलजीडी नं. 604490465 और यूआईडी नं. 604490EPAS100PHO465A, **क्षेत्रफल 119.625 वर्ग मीटर,** स्थित ग्राम बिगहर तहसील लाल डोरा और जिला फतेहाबाद पिन: 125050 **क्षेत्रफल 119.625 वर्ग मीटर** |

स्थान : जयपुर    दिनांक 12.02.2024    प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आगाज

पायनियर समाचार सेवा। बिलासपुर/यमुनानगर





**रविवार** को आदि बद्री यमुनानगर में 31 कुंडीय हवन यज्ञ और मंत्रोच्चार के बीच अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2024 का पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ आगाज हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल सहित अन्य महानुभावों ने पौधारोपण किया। सरस्वती सरोवर को हजारों द्वीपों से सजाया गया। महोत्सव में शंख नाद के साथ सरस्वती जी की आरती भी की गई।

उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि सरस्वती नदी की धारा को धरातल पर बहाने के लिए बनाई गई कार्य योजना अंतिम चरण में हैं जिसके तहत आदिबद्री क्षेत्र में सरस्वती जल भंडारण बांध बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरस्वती देवी बुद्धि, शिक्षा व विवेक की देवी है। उन्होंने कहा कि ऋषि-मुनियों ने सरस्वती नदी के किनारे अनेको धर्म ग्रंथों की रचना की है। उन्होंने कहा कि प्रकृति की स्वाभाविक अदला बदली से सरस्वती नदी लुप्त हो गई जिसे पुनः धरा पर लाया जाएगा जिसके लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री और केंद्रीय जल मंत्रालय प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी के किनारे भारत की सभ्यता व संस्कृति विकसित हुई। उन्होंने सरस्वती शोध संस्थान के संस्थापक, स्वतंत्रता सेनानी एवं पद्मभूषण स्वर्गीय दर्शन लाल जैन के सरस्वती नदी के प्रति उनकी आस्था और इसके पुर्नउद्धार के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयासों को स्मरण किया गया।

यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि वैज्ञानिकों ने दोबारा सरस्वती नदी की खोज की और उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि आदिबद्री में ही सरस्वती नदी का उद्गम स्थल है। उन्होंने कहा कि आदिबद्री क्षेत्र में जल भंडारण बांध के साथ माता मंत्रा देवी तक जाने वाला झूला रज्जुमार्ग बनाया जाएगा और इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा ताकि आदिबद्री क्षेत्र व सरस्वती नदी का महत्व का सभी का पता चल सके।

सरस्वती महोत्सव में सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमिच ने उपस्थित महानुभावों व लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि माताओं, देवियों व नदियों में श्रेष्ठ सरस्वती हैं। शास्त्रों में उल्लेख है कि अनेकों ऋषि मुनियों ने सरस्वती नदी के तट पर ही यज्ञ किए हैं। उन्होंने कहा कि आज खुशी का विषय है कि सरस्वती उद्गम स्थल पर सभी एकत्रित होकर 31 कुंडीय यज्ञ हवन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिबद्री क्षेत्र व सरस्वती उद्गम स्थल को पर्यटन की दृष्टि से विश्व के मानचित्र पर लाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में बिलासपुर के विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। हरियाणा कला परिषद कुरुक्षेत्र की ओर से रजनी शर्मा व अमित स्वामी ने रागनी प्रस्तुत की।

# 10 वर्ष पहले बने आधार कार्ड में डॉक्यूमेंट अपडेट कराएं नागरिक

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**जिला** के सभी नागरिकों को पिछले 10 वर्ष पहले बने आधार कार्ड में डॉक्यूमेंट अपडेट करवाने होंगे। किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए नागरिक जल्द से जल्द अपने आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेट करवाएं। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिला के नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार कार्ड में आगामी 14 मार्च 2024 तक मुफ्त ऑनलाइन आधार दस्तावेज अपडेशन की सुविधा मुहैया की है। इस दौरान

### नागरिक स्वयं भी आधार पोर्टल पर कर सकते हैं डॉक्यूमेंट अपडेट

### माई आधार पोर्टल या माई आधार एप के माध्यम से किया जा सकता है आधार में डॉक्यूमेंट अपडेट

आधार में पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के ऑनलाइन अपडेशन के लिए निवासियों का किसी प्रकार का शुल्क नहीं लगेगा।



वही आधार केंद्र पर 50 रुपए शुल्क देना होगा। ऐसे में नागरिक खुद भी आधार पोर्टल से अपने डॉक्यूमेंट अपडेट करवा सकते है । उन्होंने ने बताया कि इससे पहले लोगों को आधार पोर्टल पर अपने दस्तावेज को अपडेट करने के लिए 25 रुपए का भुगतान करना पड़ता था ये सेवा केवल आधार पोर्टल पर मुफ्त हैं। उन्होंने बताया कि आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ माई आधार पोर्टल (myaadhaar.uidai.gov.in) और माई आधार ऐप के माध्यम से लिया जा सकता है, जहां पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी उपलब्ध है। ऐसे में वे सभी नागरिक जिनके आधार कार्ड 10 साल पहले बने थे वह अपना आधार कार्ड मे दस्तावेज अपडेट जरूर करवाएं। विभिन्न प्रकार की सरकारी सेवाओं के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। ऐसे में किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए नागरिक जल्द से जल्द अपने आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेट करवाएं।

# सड़क सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जागरूक



विद्यार्थियों को जागरूक करते उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा।

**कुरुक्षेत्र।** उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सोम कान्वेंट गुरुकुल में पर्यावरण संरक्षण, साइकिल चलाओ पर्यावरण बचाओ, सड़क सुरक्षा और साइबर अपराध से कैसे बचे पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान देकर विद्यार्थियों को जागरूक किया। विद्यालय की प्राचार्या ऋतु शर्मा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। विद्यार्थियों को सड़क पर स्वयं सुरक्षित रहने के साथ साथ अन्य लोगों को सुरक्षित करने बारे विस्तार पूर्वक जागरूक किया। पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा की छोड़ो शर्माना, अच्छा स्वास्थ्य चाहिए तो साइकिल से करो आना जाना। विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशे की समस्या गहन चिंता का विषय है और यह लोग शौंक में करते हैं।

# हरियाणा के पेंशनरों के लिए बुढ़ापा पेंशन देने की भामस की मांग

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के सरकारी पेंशनर ईपीएफ पेंशन कम मिलने के कारण प्रदेश सरकार द्वारा दी जाने वाली बुढ़ापा पेंशन की ओर आकर्षित हुए हैं। हरियाणा में करीब सवा लाख कर्मचारी ऐसे हैं, जिनकी ईपीएफ की पेंशन राशि राज्य की बुढ़ापा पेंशन से भी काफी कम है। हालांकि प्रदेश में ओल्ड पेंशन स्कीम बहाल करने की मांग को लेकर आंदोलन चल रहा है और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने अपनी सरकार बनते ही ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने का चुनावी वायदा किया है। भारतीय मजदूर संघ ने भी ओल्ड पेंशन नीति बहाल करने की मांग की है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार एक जनवरी 2024 से राज्य में तीन हजार रुपये मासिक बुढ़ापा पेंशन दे रही है, जबकि ईपीएफ से पेंशन की राशि एक हजार रुपये से लेकर दो

### ओल्ड पेंशन स्कीम भी बहाल करने पर जोर

हजार रुपये मासिक तक ही मिल पा रही है। भारतीय मजदूर संघ ने वित्त मंत्री मंत्रालय भी संभाल रहे मुख्यमंत्री मनोहर लाल को बजट पर एक सुझाव पत्र सौंपा है। जिसमें मांग की गई है कि जिन कर्मचारियों को ईपीएफ पेंशन बुढ़ापा पेंशन से भी कम मिल रही है।

उन कर्मचारियों को बुढ़ापा पेंशन योजना का लाभ दिया जाना चाहिए। भारतीय मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री को 10 बिंदुओं पर अपने सुझाव भेजे हैं। पहले सुझाव में कहा गया है कि आउटसोर्स पॉलिसी-2 के अंतर्गत सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को चिरायु आयुष्मान योजना में शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही ऐसे कच्चे कर्मचारी जो, सरकार के प्रत्यक्ष रोल पर कार्यरत हैं, उन्हें महंगाई भत्ते के लाभार्थियों की श्रेणी में शामिल किया जाए।

भारतीय मजदूर संघ ने कहा है कि सभी कर्मचारियों को 58 साल की आयु तक रोजगार की सुरक्षा दी जाए। पॉलिसी पार्ट-1 व पार्ट-2 तथा हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत काम करने वाले सभी कर्मचारियों को एलटीसी एवं ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाए।

बोनस कानून के अंतर्गत आने वाले कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा का प्रावधान जरूरी है। सभी स्कीम वर्कर्स के अंतर्गत काम करने वाले कामगारों के लिए राज्य सरकार को सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था बजट में करनी चाहिए।भारतीय मजदूर संघ ने ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योगों के विस्तार की जरूरत बताते हुए कहा कि इससे ग्रामीण युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार मिलेगा और काम के लिए उन्हें शहरों में पलायन नहीं करना पड़ेगा।

# सिंह गुरुद्वारा सभा हरीपुर में लगाया निःशुल्क मेडिकल कैंप, 242 मरीजों ने कराई जांच



पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**डीआर** जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के सौजन्य से गुरुद्वारा सिंह सभा हरीपुर में फ्री स्वास्थ्य चैक अप व परामर्श शिविर लगाया गया। कैंप में 242 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। इसमें मुख्य अतिथि डॉ चित रंजन दयाल सिंह कौशल निदेशक संस्कृत प्रकोष्ठ हरियाणा साहित्य एवं संस्कृत अकादमी पंचकूला, विशिष्ट अतिथि डॉ हिमांशु जैन, डॉ संजय शर्मा, श्रीप्रकाश मिश्रा कार्यक्रम में पधारे।

डॉ सीडी कौशल ने कहा कि गांव गांव तक डॉ हिमांशु जैन की टीम ने सेवा का एक उदाहरण पेश किया है, जो लोग उन तक नहीं आ पा रहे, उन तक स्वयं आकर फ्री इलाज उपलब्ध करवाया। डॉ हिमांशु जैन ने हाथ व पैरों में झनझनाहट के कारण, लक्षण व उपचार पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि शरीर में विटामिन की कमी, नसों में दबाव का आना, एक ही अवस्था में बैठना, रक्त संचार की कमी का हो जाना, टाइपिंग, कई बार गर्भवती महिलाओं के पैरों में भी झनझनाहट महसूस होती है। ऐसा उन महिलाओं के साथ होता है, जिनके पैर के तलवे सपाट होते है, हाथ, पैर, कलाई और शरीर में झनझनाहट होने के कई और कारण भी हैं जैसे- शराब का अधिक सेवन करना, झटके से उठना बैठना, विषाक्त पदार्थों का सेवन करना, और हाइपोथायरायडिज्म आदि। डॉ हिमांशु जैन ने हाथ पैरों की झनझनाहट से बचने के लिए उपाय बताते हुए कहा कि आप अपनी डाइट में बदलाव करके भी इस समस्या को दूर कर सकते हैं।

डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में 1895वां कैंप का आयोजन किया गया, इसमें 242 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हीमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। गुरुद्वारा के ग्रंथी नैब सिंह, प्रधान गुरनाम सिंह, सरपंच मोहन लाल, समाजसेवी धर्मपाल सैनी ने डॉ हिमांशु जैन ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन, डॉ रूचि जैन स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ गुरविर कौर एमडी मेडिसिन, डॉ संजय शर्मा आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं एक्सपरटाइज मेडिकल कैंपस, डॉ भूमिका खन्ना झाम्ब बी.डी.एस. डेंटल सर्जन, डॉ शालू एवं सहयोगियों को सिरोपा देकर सम्मानित किया कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्मपाल सैनी समाजसेवी, राज सिंह, अजायब सिंह, भजन सिंह, रजनी, वंश सैनी, राखी,रजनी, प्रवीण, अंजू, उमेश इत्यादि मौजूद रहे।

# पॉवर हाउस चौक अब स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा चौक के नाम से जाना जाएगा



महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा चौक के नामकरण पर खुशी मनाते समाज के लोग।

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**शहर** के पं नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के सामने वाले पॉवर हॉउस चौक का नाम महान स्वतंत्रता सेनानी पं नेकीराम शर्मा के नाम पर रखा गया है।

राष्ट्रीय ब्राह्मण समाज के उपाध्यक्ष रणधीर भारद्वाज ने बताया शनिवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लोकेश बल्हारा और पूर्व पार्षद अशोक खुराना ने चौक का विधिवत उदघाटन किया। प्राचार्य ने कहा कि चौक के नामकरण की कॉलेज के छात्रों और सामाजिक लोगों की ये बहुत पुरानी मांग थी जिसको नगर निगम ने पूरा किया।उन्होंने कहा कि चौक का नामकरण करके स्वतन्त्रता सेनानी पं नेकीराम शर्मा को सरकार के द्वारा सच्ची श्रद्धांजलि दी गयी है। इस अवसर पर लड्डू बांटकर खुशी मनाई गयी।

पं नेकीराम शर्मा के पौत्र दिनेश शर्मा ने बताया कि चौक को नगर निगम में पास करवाने में रणधीर भारद्वाज और नवीन शर्मा की अहम भूमिका रही है।उन्होंने बताया कि चौक का सौंद्रियकरण समाजसेवी प्रवीण कौशिक ने किया है। इस मौके पर दिनेश शर्मा,पुष्पेंद्र, रणधीर भारद्वाज, नवीन शर्मा, प्रवीण कौशिक, साहिल देशवाल, श्रीभगवान कौशिक, प्रवेश कुमार,डॉ सतबीर, शिवकुमार शर्मा, गोविंद कुमार व कॉलेज के स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

# किसानों का दिल्ली कूच रोकने के लिए हरियाणा में पुख्ता बंदोबस्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा के अंबाला से चंडीगढ़ आवागमन की एक-एक लेन खुली है। वह भी कभी भी बंद की जा सकती है। जिले में प्रशासन मुस्तैद नजर आ रहा है और शंभू टोल पर बीएसएफ के जवानों की तैनाती की गई है। जैमर के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान नहीं हो सकेगा। लोगों की आवाजाही पर पूरी तरह से रोक है। शंभू टोल से आगे पुलिस के अलावा कोई नहीं जा सकेगा। पुलिस लाइन में भी मॉक ड्रिल होगी। अब फाइनल रिहर्सल की तैयारी है। पंजाब हरियाणा सीमा पर बीएसएफ और आरएएफ के जवानों को भी तैनात किया गया है। शंभू बॉर्डर पर सीमेंट के बैरिकेड लगाने के बाद सीमेंट में कीलें भी लगा दी गई हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से किसानों को रोकने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। वहीं शंभू बॉर्डर बंद होने की वजह से कुछ लोग घग्गर नदी से आवागमन कर रहे हैं।

**सात जिलों में इंटरनेट बंद** : हरियाणा व पंजाब के किसान संगठनों के 13 फरवरी के दिल्ली कूच के आह्वान के बाद तीनों राज्यों में अलर्ट है। किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए हरियाणा सरकार ने पंजाब से लगने वाले सभी बॉर्डर सील कर दिए हैं। 12 जिलों में धारा 144 लागू कर सात जिलों में इंटरनेट सेवाओं को भी बंद करने का फैसला लिया है।

# अपहरण हुआ या हत्या, नहीं सुलझ रही युवती की मौत की गुत्थी

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**झज्जर** से गायब युवती का रोहतक के पास रेलवे ट्रक पर मिले टुकड़ो में शव की गुत्थी रेलवे पुलिस के लिए सिरदर्द बनती जा रही है कि मामला हत्या का है या आत्म हत्या का। परिजनों का युवती के अपहरण कर दुष्कर्म व हत्या करने का आरोप है। लेकिन युवती के अपहरण कर दुष्कर्म के बाद हत्या करके शव रोहतक की रेलवे लाइन पर फेंकने के मामले में नया खुलासा हुआ है।

युवती के पिता द्वारा दर्ज करवाई गई एफआईआर सामने आई है। जिसमें खुलासा हुआ है कि आरोपी युवक के पास मृतका युवती की वीडियो थी। जिसके कारण आरोपी युवक ने न्यायालय में युवती के साथ झगड़ा किया था। जिसके बाद आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया। वहीं एक दूसरे खुलासे में पुलिस का दावा है कि युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या नहीं की गई, बल्कि उसने आत्महत्या की है। पुलिस का दावा है कि जांच टीम को घटनास्थल के पास की सीसीटीवी फुटेज मिली है, जिसमें मंगलवार शाम 6:46 बजे युवती हाथ में बैग लेकर रेलवे लाइन के बीचों-बीच चल रही है। उसने जींद की ओर मुंह कर रखा है। एक मिनट बाद ट्रेन आई और युवती का शव पांच टुकड़ों

### आरोपों के साथ वीडियो के साक्ष्यों से मामले में नया मोड़

में बंट गया। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं युवती के परिजनों ने सवाल उठाए कि उनकी बेटी गांव से 20 किमी दूर रोहतक कैसे पहुंची। अगर उसे आत्महत्या करनी थी तो उनके घर के पास ही रेलवे लाइन है, वह यहां आत्महत्या कर लेती।

जीआरपी के मुताबिक, मंगलवार रात करीब 9 बजे सूचना मिली कि सिंहपुरा गांव के पास डाउन लाइन पर शत-विक्षत हालत में 19 साल की युवती का शव पड़ा है। एएसआई राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और शव को आत्महत्या या हादसा मानकर शव पीजीआई के डेड हाउस में रखवा दिया। वहीं परिजन और ग्रामीणों का आरोप था कि दो युवकों ने पहले युवती का अपहरण किया, इसके बाद दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी। शव को गांव से 20 किलोमीटर दूर रोहतक-जींद रेलवे लाइन पर सिंहपुरा के पास फेंक दिया। पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म व हत्या का मामला दर्ज किया था, लेकिन अब मामला आत्महत्या का निकला है। मामले की जांच कर रही टीम यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर झज्जर जिले के गांव से 20 किलोमीटर दूर आकर युवती ने आत्महत्या क्यों की। उसे कौन लेकर आया। अगर वह आत्महत्या करना चाहती थी तो गांव के नजदीक ही रेलवे लाइन है। यह गुत्थी सुलझाने के लिए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। जीआरपी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। आरोपी कह रहे हैं कि जिस समय हादसा हुआ, उस समय वह गांव में थे। इसकी लोकेशन पुलिस को सौंपी है। उन पर गलत आरोप लगाए गए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है, साथ ही आत्महत्या के लिए मजबूर करने के दृष्टिकोण से भी केस की जांच की जा रही है।

जीआरपी पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी मोहित व सौरभ के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म व हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर रखा है। जीआरपी थाना प्रभारी सोहताज ने बताया अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। अभी तक की जांच में आरोपों की पुष्टि नहीं हो पा रही। जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### युवाओं ने 5000 किलोमीटर की यात्रा 84 दिन में की पूरी



**करनाल।** नेशनल सोशल आर्गेनाईजेशन द्वारा आयोजित के.टू.के. पद यात्रा हरियाणा से दीपक यादव और राजस्थान से हीरालाल द्वारा संपन्न की गई। जितेंद्र नरवाल ने कहा इस यात्रा का उद्देश्य स्वस्थ युवा - स्वस्थ भारत था, जो कि नशा मुक्त भारत का संदेश देना था व पेस्टिसाइड के खिलाफ जागरूकता संदेश देना था। कश्मीर से कन्याकुमारी तक की ये यात्रा 17 नवम्बर 2023 को लाल चौक श्रीनगर से शुरू होकर जो कि 84 वे दिन कन्याकुमारी पहुंच कर सम्पन हुई। यह यात्रा कश्मीर के लाल चौक से शुरू होकर पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक होते हुए तमिलनाडु के कन्याकुमारी पहुँची। इस यात्रा को हर राज्य में बहुत ही बढ़िया सहयोग मिला और जगह जगह पर स्वागत किया गया। यात्रा समाप्त करने पर दोनों साथी दीपक यादव और हीरालाल दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचे जहां पर नेशनल सोशल आर्गेनाईजेशन के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर संस्था से जितेंद्र नरवाल, पंकज शर्मा, बलराज खुड़िया, रवींद्र मलिक, विश्वास वालिया, कुलदीप राजा, यतिन सैनी, विक्की, आदेश आदि मोजूद रहे।

### इंटरनेट बंद करने से नहीं होगा समस्या का समाधान

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस ओबीसी सेल के प्रदेश संयोजक व जिला प्रभारी पानीपत प्रवीण कश्यप दयालपुर ने कहा कि किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए प्रदेश सरकार ने सात जिलों में तीन दिनों के लिए इंटरनेट बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट बंद करने से किसानों की समस्याओं का समाधान नही होगा। सरकार को बातचीत के माध्यम से किसानों की मांगों का हल निकालना चाहिए। इंटरनेट बंद करने व रास्ते बंद करने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में सभी प्रकार के लेन-देन, व्यवसाय आदि इंटरनेट पर ही निर्भर है। इंटनेट बंद होने से लोगों के कामकाज ठप हो गए है। दुकानों पर अधिकतर लोग नेट बैंकिंग अथवा अन्य मोबाइल एप से ही पेमेंट करते है। वही रास्ते बंद करने से भी यात्रियों को खासी परेशानी हो रही है। कई यात्रियों को कई-कई किलोमीटर पैदल चलकर गंतव्य की ओर जाना पड़ रहा है। इसके अलावा वाहन चालकों को लंबी दूरी का रास्ता तय करना पड़ रहा है जिससे उनके समय व पैसे की बर्बादी हो रही है। प्रवीन ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सात जिलों का इंटरनेट बंद करने इन सातों जिलों के लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। वहीं एचसीएस परीक्षा देने के लिए जिला में पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को रास्ते बंद होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। रास्ता बंद होने के चलते कई परीक्षार्थी देरी से परीक्षा केंद्र में पहुंचे जिस कारण उन्हें परीक्षा देने से वंचित होना पड़ा।



कांग्रेस ओबीसी सेल के प्रदेश संयोजक प्रवीन कश्यप दयालपुर।

### पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर झिंझरपुर में 486वां



स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। ग्राम सरपंच गुरदास सिंह के कुशल नेतृत्व में पंच अशोक कुमार, कुलवंत राय, गुरबचन सिंह, अजय आदि ने शिविर को सफल बनाने में योगदान दिया। 166 बार रक्तदान के साथ ही 80 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके, राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा शिविर के मुख्य संयोजक थे। शिविर में ग्राम सरपंच गुरदास सिंह मुख्यातिथि के रूप में पधारे और उनका स्वागत किया गया। उन्हें सम्मानित करते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि है। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिन्तक और संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। पंच अशोक कुमार ने रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान से कोई भी नहीं। लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल रक्त कोष प्रभारी डॉ. रमा की अध्यक्षता में 21 इकाई रक्त संग्रहण हुआ। शिविर में प्रदीप कुमार, सरपंच गुरदास सिंह, पंच अशोक कुमार, गुरबचन सिंह, ग्राम की बेटी नीरू, सतबीर, नरेश कुमार, राहुल, जसवंत, शुभम शर्मा, संजीव कुमार, बीर सिंह, बलवान सिंह, राकेश कुमार, मनोज कुमार, प्रदीप कुमार, सलिंद्र कुमार, संदीप कुमार, सुरेंद्र सिंह, नसीब सिंह, रविंद्र कुमार आदि ने रक्तदान किया।

### महा उपकार माह में साध संगत ने जरूरतमंद परिवारों को बांटा राशन

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** डेरा सच्चा सौदा के ब्लाक शाहाबाद/यारा की साध



संगत द्वारा महा उपकार माह और हजूर महाराज जी के शुभ आगमन की खुशी में राम-नामचर्चा कार्यक्रम का आयोजन कर जरूरतमंद परिवारो को राशन वितरित किया। इससे पहले शहरी प्रेमी सेवक मंगल सिंह इन्सां (डिंपल), प्रेमी हर्ष इन्सां, बहन सन्तोष इन्सां व उनके परिवारों ने मिल कर पुली के नजदीक मोहल्ला माजरी में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाहाबाद के शहरी प्रेमी सेवक डिम्पल इन्सां ने गुरु चरणों में बेनती का शब्द लगा कर किया। तत्पश्चात प्रेमी राम कुमार एडवोकेट, गुरनाम चौपड़ा, किरण रावा, सुरेश सैनी, गुरप्रीत, जीत सिंह, मोहित, समर, संजय गुप्ता, गुरमेज, दुर्जन, प्रवीण मोहड़ा, अमित, मुकेश बतरा, तेजपाल, जसमेर, सुखविंदर भसीन, रवि, सोमनाथ, कुलदीप व गौरव ने एक के बाद एक सुंदर भजन प्रस्तुत कर समां बांध दिया। ब्लॉक शाहाबाद के ब्लाक प्रेमी सेवक अवतार इन्सां और ब्लाक यारा से ब्लाक प्रेमी सेवक रामेश्वर इन्सां ने बताया कि साध संगत के सहयोग से आज 3 जरूरतमंद परिवारो को राशन वितरण किया गया है। इस दौरान 15 मैबर जनक राज इन्सां ने बताया कि हजूर महाराज जी के पावन हुक्म अनुसार साध संगत निरंतर मानव भलाई कार्यों में जुटी हैं। समापन पर बहन बिमला, अनीता, गीतिका, सोनम, सुषमा, दर्शना देवी इन्सां, वीणा शूगर मिल, रजनी बतरा, सुदेश, सुरजीत कौर, सुनीता, पूनम कश्यप ने भजन प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान जसवंत इन्सां, राम कुमार इन्सां, गांव यारा से प्रेमी सेवक दविन्द्र इन्सां, आईटी विंग मैंबर गौतम इन्सां, रविन्द्र इन्सां सहित साध संगत मौजूद रही। सभी ने इस कार्य में भरपूर सहयोग दिया।

# मोदी ने विश्व मंच पर सम्मान दिलाने का काम किया : शाह

भाजपा का हरेक कार्यकर्ता समाज में सुत्तूर मठ के योगदान को सम्मान देगा

एजेंसी। मैसुरु

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और अन्य महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों के पुनरुद्धार का हवाला देते हुए रविवार को भारत की सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर सम्मान दिलाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया।



मैसुरु के समीप सुत्तूर जात्रा (मेला) समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने योग, आयुर्वेद और भारतीय भाषाओं के संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाने के लिए मोदी की प्रशंसा की। शाह ने कहा, नरेन्द्र मोदी ने देश की सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर सम्मान दिलाने का काम किया है। मोदी ने अयोध्या के राम मंदिर, काशी में काशी विश्वनाथ गलियारा, महाकाल गलियारा (उज्जैन में महाकाल लोक गलियारा) और केदारनाथ एवं बद्रीनाथ जैसे सांस्कृतिक केंद्रों के पुनरुद्धार के लिए काम किया है।

मैसुरु जिले के नंजनगुड तालुक में कपिला नदी के किनारे स्थित सुत्तूर मठ राज्य में प्रमुख आध्यात्मिक केंद्रों में से एक है, जो वीरशैवालिंगायत आस्था का प्रचार करता है। इस कार्यक्रम में सुत्तूर मठ के जगद्गुरु श्री शिवरात्रि देशीकेंद्र महास्वामीजी, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र भी उपस्थित रहे।

शाह ने अयोध्या में सुत्तूर मठ की एक शाखा खोलने का फैसला करने और वहां काम शुरू करने के लिए श्री शिवरात्रि देशीकेंद्र महास्वामीजी की प्रशंसा की। उन्होंने 12वीं सदी के समाज सुधारक और दार्शनिक बसवेश्वर को श्रद्धांजलि देते हुए समाज के कल्याण में सुत्तूर मठ और उसके संतों के योगदान को भी स्वीकार किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, मैं महास्वामीजी को बताना चाहता हूं कि मैं और भाजपा का हरेक कार्यकर्ता समाज में सुत्तूर मठ के योगदान को हमेशा सम्मान देंगे और आने वाले दिनों में इसे लोगों के बीच ले लाने के प्रयासों को हर तरीके से समर्थन देंगे। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला की मूर्ति बनाने वाले मैसूरु के मूर्तिकार अरुण योगीराज को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

## उत्तर प्रदेश के बांदा में हर्ष फायरिंग के दौरान बच्चे की मौत

**बांदा।** बांदा जिले में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) लक्ष्मी निवास मिश्रा ने बताया कि शनिवार की रात करीब आठ बजे मटौंध कस्बे में सुरेंद्र सिंह नामक व्यक्ति के बेटे का तिलकोत्सव था, उसी दौरान प्रतीक शुक्ला ने देसी पिस्तौल से हर्ष फायरिंग कर दी। उन्होंने बताया कि पिस्तौल की गोली बच्चे शंभू शुक्ला के गले में जा लगी। परिजन बच्चे को इलाज के लिए कानपुर लिए जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

## विदर्भ क्षेत्र में बारिश और ओलावृष्टि से फसलें हुईं प्रभावित

एजेंसी। मुंबई

**महाराष्ट्र** के विदर्भ क्षेत्र में ओलावृष्टि के साथ बेमौसम बारिश होने से कपास सहित विभिन्न फसलें प्रभावित हुई हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। विदर्भ क्षेत्र के नागपुर, यवतमाल, वर्धा और अमरावती जिलों में शनिवार को तेज़ हवाओं और ओलावृष्टि के साथ भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को क्षेत्र में बेमौसम बारिश का पूर्वानुमान जारी किया था। वर्धा जिले के एक राजस्व अधिकारी ने बताया, बारिश और हवा के कारण कपास, गेहूं, चना, अरहर जैसी फसलें बर्बाद हो गईं हैं, राज्य के राजस्व अधिकारी जल्द ही नुकसान का आकलन करेंगे, क्योंकि खेत अभी गीले हैं। मौसम विभाग ने रविवार को भी विदर्भ के अधिकांश हिस्सों के लिए एलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर आंधी और बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, विदर्भ क्षेत्र में बारिश की 51 से 75 प्रतिशत संभावना है।

# कुछ नेताओं के पाला बदलने से इंडिया पर असर नहीं पड़ेगा : पायलट

एजेंसी। नई दिल्ली

**इंडियन** नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के कुछ घटक दलों के पाला बदलकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के बीच कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने रविवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन मजबूत है और इसकी सामूहिक ताकत से चिंतित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजनीतिक परिदृश्य में उन्मत्त बदलाव लाने की कोशिश कर रही है। पायलट ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं और उन्होंने विश्वास जताया कि उनके (बनर्जी के) साथ सीट-बंटवारे को लेकर बातचीत के दौरान आगे का कोई रास्ता निकलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा स्वयं को 370 सीट और राजग को 400 से अधिक सीट मिलने का दावा कर रही है, जो जमीनी स्तर पर व्यावहारिक आकलन के बजाय डींग हांकने वाला बयान और शब्दाडम्बर है।



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ से गुजर रही है। ऐसे में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की छत्तीसगढ़ इकाई के प्रभारी महासचिव ने इन बातों को खारिज कर दिया कि यह यात्रा पार्टी की चुनावी तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। पायलट ने कहा, यात्रा जारी है और अन्य चीजें एआईसीसी नेतृत्व और राज्य प्रभारी संभाल रहे हैं। इन सभी बैठकों और बातचीत पर कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खड़गे) खुद नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि हम एकजुट होकर लड़ें। हां, कुछ लोगों ने हमारा गठबंधन छोड़ दिया है, लेकिन मोटे तौर पर गठबंधन बरकरार है और बहुत जल्द हम सीट के बंटवारे और गठबंधन के भविष्य के खाके की घोषणा करेंगे। यह पूछे जाने पर कि जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) प्रमुख नीतीश कुमार के राजग में जाने, रालोद (राष्ट्रीय लोक दल) के जयंत चौधरी के पाला बदलने संबंधी कयासों और बनर्जी के कांग्रेस पर हमला करने से क्या इंडिया गठबंधन पर असर पड़ रहा है, पायलट ने कहा, राजग छोड़ने वाले सहयोगियों की संख्या देखिए- अकाली दल, शिवसेना, पीडीपी, अन्नाद्रमुक। राजग छोड़ने वालों की संख्या इंडिया छोड़ने वालों की तुलना में कहीं अधिक है।

पायलट (46) ने कहा, लेकिन इंडिया गठबंधन मजबूत है और ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। हम तृणमूल कांग्रेस के साथ बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के राजग में जाने से उनकी विश्वसनीयता पर भी सवाल उठता है और जब वह चुनाव लड़ेंगे तो उन्हें बिहार के लोगों को जवाब देना होगा। पायलट ने दावा किया कि इंडिया और राजग के बीच आमने-सामने के मुकाबले में विपक्षी गठबंधन का पलड़ा भारी होगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत है और बहुत जल्द विभिन्न राज्यों में सीट-बंटवारे की व्यवस्था की घोषणा की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी दलों का यह गठबंधन लोकसभा चुनावों में भाजपा के लिए कड़ी चुनौती पेश करेगा।

पायलट ने कहा कि अंकगणितीय गणना से पता चलेगा कि 2019 के चुनावों में इंडिया का मत प्रतिशत 60 प्रतिशत से अधिक और राजग का लगभग 35 प्रतिशत था, इसलिए सत्तारूढ़ दल केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करके, दुष्प्रचार करके या दबाव बनाने जैसे तरीके अपनाकर यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि इंडिया गठबंधन एकजुट नहीं हो। उन्होंने कहा कि भाजपा की यह कोशिश बेकार रहेगी। पायलट ने कहा कि भाजपा के चिंतित होने की वजह है और इसलिए राजनीतिक परिदृश्य में उन्मत्त बदलाव लाने की कोशिश की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में संसद में दावा किया था कि भाजपा को 370 सीट मिलेंगी और राजग को 400 से अधिक सीट मिलेंगी। मोदी के इस बयान पर पायलट ने कहा कि संसद नीति और कानून पर चर्चा के लिए होती है, लेकिन इस मंच का इस्तेमाल पूरी तरह से राजनीतिक भाषण देने के लिए किया गया।

## कांस्टेबल भर्ती परीक्षा पहली बार 13 क्षेत्रीय भाषाओं में कराई जाएगी



एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्रीय** रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) जैसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में पहली बार कांस्टेबल भर्ती परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में कराई जाएगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह परीक्षा 10 फरवरी से सात मार्च तक आयोजित की जाएगी और देशभर के 128 शहरों के करीब 48 लाख अभ्यर्थी परीक्षा इसमें शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय ने एक जनवरी 2024 से सीएपीएफ में भर्ती के लिए कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में कराने का फैसला किया है।

इसमें कहा गया है कि यह ऐतिहासिक फैसला केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में स्थानीय युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए गृह मंत्री की पहल पर लिया गया है। हिंदी और अंग्रेजी के अलावा अब प्रश्न पत्र असमी, बंगाली, गुजराती, मराठी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, उड़िया, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी और कोंकणी भाषाओं में भी तैयार किए जाएंगे। कांस्टेबल परीक्षा कर्मचारी चयन आयोग (एसएसी) द्वारा आयोजित प्रमुख भर्ती परीक्षाओं में से एक है, जिसमें देशभर से लाखों युवा भाग लेते हैं।

गृह मंत्रालय और कर्मचारी चयन आयोग ने हिंदी तथा अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा कराने के लिए एक समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अनुसार, एसएससी ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। इस फैसले के परिणामस्वरूप लाखों युवा अपनी मातृ भाषा या क्षेत्रीय भाषा में परीक्षा देंगे और इससे उनके चयन की संभावनाएं बढ़ेगी। बयान में कहा गया है कि केंद्र सरकार की इस पहल से देशभर के युवाओं को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में एसएससी द्वारा आयोजित कांस्टेबल (जीडी) परीक्षा में अपनी मातृभाषा में भाग लेने और राष्ट्र की सेवा में करियर बनाने का स्वर्णिम अवसर मिलेगा।

## मंत्रियों और सरकारी कर्मचारियों को सब्सिडी वाली बिजली नहीं : हिमंत

एजेंसी। गुवाहाटी

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य के मंत्रियों, अधिकारियों और सरकारी कर्मचारियों को सब्सिडी वाली बिजली नहीं दी जाएगी।



उन्होंने बिजली विभाग को निर्देश दिया कि मंत्रियों की कॉलोनी सहित सरकारी क्वार्टर में प्रीपेड मीटर लगाए जाएं। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि हालिया संवाद के दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के वेतन से बहुत ही मामूली राशि बिजली बिल के मद में काटी जाती है। उन्होंने कहा, तत्काल, मैंने विभाग को निर्देश दिया कि मंत्रियों की कॉलोनी सहित सभी सरकारी क्वार्टर में प्रीपेड मीटर लगाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी मंत्री, अधिकारी या सरकारी कर्मचारी को सब्सिडी पर बिजली नहीं मिले।

## पत्नी पर तेजाब फेंकने वाला पति गिरफ्तार

**ठाणे।** झगड़े के बाद पत्नी पर तेजाब फेंकने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ नवी मुंबई पुलिस ने एक मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शनिवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 326 (ए) के तहत एक मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी रमजान सिद्दीकी गाजी ने 20 जनवरी को पनवेल स्थित अपने घर पर अपनी पत्नी अमीना खातून (28) पर एक बहस के बाद कथित तौर पर तेजाब फेंक दिया। उन्होंने कहा कि अमीना का चेहरा जल गया है और उसका पश्चिम बंगाल में उसके गृहनगर में उपचार किया जा रहा है।

## जेल में सजायाफ्ता कैदी की इलाज के दौरान मौत

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर के जिला कारागार में एक सजायाफ्ता कैदी की रविवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। कारागार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कारागार अधीक्षक एके गौतम ने बताया कि अमेठी जिले के मुसाफिरखाना का निवासी तौफीक (77) हत्या के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद से सुलतानपुर के जिला कारागार में बंद था और लंबे समय से सांस की बीमारी से ग्रस्त था। उन्होंने बताया कि सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज में रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नगर कोतवाल श्रीराम पांडे ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# महामंत्री ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या की, जांच शुरू

एजेंसी। भदोही

**उत्तर** प्रदेश के भदोही में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा की जिला महामंत्री ने कथित तौर पर कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। नगर क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अजय कुमार चौहान ने बताया कि पुलिस को शनिवार की देर शाम पता चला कि शहर कोतवाली इलाके के कंसराय पुर निवासी मदन गौतम की पत्नी सविता गौतम (45) अपने घर के पास बनी एक झोपड़ी में अचेतावस्था में मिलीं। चौहान ने बताया कि महिला के परिजन पास के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद परिजन शव को घर लेकर आ गए। सीओ के अनुसार, इस सूचना पर पुलिस ने घर से शव को अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने पूछताछ में मिली



पुलिस ने घर से शव को अपने कब्जे में ले लिया

जानकारी के हवाले से बताया कि अक्सर पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। चौहान ने बताया कि सरिता अपनी बेटी को शनिवार देर शाम चिकित्सक को दिखाकर लौटीं थीं और काफी देर बाद उन्हें परिजन खोजते हुए कबाड़ रखने के लिए बनी झोपड़ी में गए तो उन्हें अचेतावस्था में पाया था। उन्होंने बताया कि मृतका की जैकेट से हाथ से लिखा एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है, मैं अब जीना नहीं चाहती हूं और खुद यह कदम उठा रही हूं। इसके लिए कोई दोषी नहीं है और किसी को परेशान न किया जाए। सीओ ने बताया कि मौके पर देर रात फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिसकी विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पुलिस ने आत्महत्या से पहले लिखे गए पत्र की हैंडराइटिंग एक्सपर्ट से जांच कराने को भी कहा है। सविता गौतम कई साल से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी थीं एवं छोटे-बड़े सभी कार्यक्रमों में काफी सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। मौत की खबर मिलने के बाद अस्पताल और उनके घर पर देर रात नेताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी था। भाजपा जिला इकाई के प्रवक्ता गोवर्धन राय ने दुःख प्रकट करते हुए बताया कि सविता गौतम भदोही भाजपा जिला महिला मोर्चा की महामंत्री थी और पार्टी में बहुत सक्रिय थीं।

## लोस चुनाव के दौरान वोट पाने के लिए कर्पूरी ठाकुर को दिया भारत रत्न : उद्धव

एजेंसी। मुंबई

**शिवसेना** (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने रविवार को दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार से वोट हासिल करने के लिए नरेन्द्र मोदी की सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया है। शिवसेना के यहां एकत्रित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ठाकरे ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्ववर्ती संगठन भारतीय जन संघ ने सरकारी नौकरियों में अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) को 26 प्रतिशत आरक्षण देने के ठाकुर के फैसले का विरोध किया था। उन्होंने कहा, लेकिन अब भाजपा लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार से वोट हासिल करना चाहती है, इसलिए उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की है। मुझे खुशी है कि उनके (ठाकुर के) काम को इतने सालों के बाद मान्यता दी जा रही है। ठाकरे ने आगे कहा कि भाजपा ने डॉ. एमएस स्वामीनाथन के नाम को भारत



रत्न के लिए नामित किया है लेकिन उनकी अध्यक्षता में गठित आयोग द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए की गई सिफारिशों को लागू करने में असफल रही है। उन्होंने कहा कि जनता इस खोखलेपन को देख रही है।

केंद्र सरकार ने इस साल पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक और भारत में हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन, समाजवादी नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता लालकृष्ण अडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की है।

## राजस्थान में हेड कांस्टेबल ने खुद को गोली मार कर जान दी

**जयपुर।** राजस्थान के झुंझुनू जिले में एक हेड कांस्टेबल ने रविवार को खुद को गोली मार कर कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। झुंझुनू के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि कृष्ण कुमार (45) जिला कारागार में हथियार खाने प्रभारी के पद पर तैनात था। उन्होंने बताया कि उसने हथियार खाने में खुद को गोली मार ली। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि सुबह अपने साथियों से बातचीत करने के बाद कुमार हथियार खाने में गया था। थोड़ी देर बाद अंदर से गोली चलने की आवाज आई, जिसके बाद साथियों ने वहां जाकर देखा तो कुमार जमीन पर अचेत पड़ा था। कोतवाली थानाधिकारी राम मनोहर ने बताया कि मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## बच्चे से प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे आपका प्यार मिल गया



एजेंसी। झाबुआ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश के झाबुआ में आदिवासी रैली के दौरान एक बच्चे को हाथ में दर्द से बचने के लिए उसे हाथ हिलाकर अभिवादन न करने की सलाह दी। सभा में उनकी ओर देखकर लगातार हाथ हिला रहे एक बच्चे से प्रधानमंत्री मोदी ने अपील की, मुझे आपका प्यार मिल गया बेटा। कृपया अपना हाथ नीचे कर लो, नहीं तो दर्द होने लगेगा। बच्चे को एक व्यक्ति ने पकड़ हुआ था जो कि संभवत: उसके पिता होंगे। बच्चा भीड़ खुशी से चिल्ला रहा था।

बच्चे की भावना की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उससे बार-बार कहा कि अगर वह लगातार उनकी ओर हाथ हिलाकर अभिवादन करता रहेगा तो उसका हाथ दर्द करने लगेगा। प्रधानमंत्री मोदी मध्य प्रदेश में 7,550 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद झाबुआ जिले में जन जातीय महासभा को संबोधित कर रहे थे।

## कन्यादान राशि बढ़ाकर 25,000 रुपये की जाएगी : मुख्यमंत्री शिंदे

**पालघर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि राज्य सरकार की कन्यादान योजना के तहत वित्तीय सहायता 10,000 रुपये से बढ़ाकर 25000 रुपये की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को विवाह के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है। मुख्यमंत्री शिंदे ने शनिवार को पालघर में एक सभा के दौरान कहा कि इस संबंध में एक सरकारी प्रस्ताव जल्द ही जारी किया जाएगा।

## पंजाब, हरियाणा में ठंड का प्रकोप जारी कई जगह पारा सामान्य से नीचे

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**पंजाब** और हरियाणा में रविवार को ठंड का दौर जारी रहा और कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के बुलेटिन के अनुसार बठिंडा पंजाब में सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से एक डिग्री कम है। बुलेटिन के अनुसार लुधियाना और पटियाला में न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस और 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम है। मौसम विभाग के अनुसार पठानकोट, अमृतसर, फरीदकोट और गुरदासपुर में ठंड का दौर जारी रहा जहां तापमान क्रमश: 6.1 डिग्री सेल्सियस, 4.6 डिग्री सेल्सियस, 4.5 डिग्री सेल्सियस और 6.5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। आईएमडी के अनुसार हरियाणा



में हिसार सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से चार डिग्री कम है। बुलेटिन के अनुसार अंबाला में न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अनुसार करनाल, नारनौल, रोहतक, भिवानी और सिरसा में न्यूनतम तापमान क्रमश: 6.3 डिग्री सेल्सियस, 9.3 डिग्री सेल्सियस, नौ डिग्री सेल्सियस, 8.9 डिग्री सेल्सियस और सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कहा कि पंजाब और हरियाणा की साझा राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से एक डिग्री कम है।

## भारत में कोविड-19 के 114 नए मामले सामने आए

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 114 नए मामले सामने आए हैं। इसी के साथ उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 870 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे अद्यतन किए आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में महाराष्ट्र में कोरोना वायरस संक्रमण से एक मरीज की मौत हुई है। पिछले साल पांच दिसंबर तक कोविड-19 के दैनिक मामलों की संख्या दोहरे अंकों तक सिमट गई थी, लेकिन कोरोना वायरस के नए स्वरूप और ठंड की वजह से संक्रमण के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई। भारत में पूर्व में कोविड-19 की तीन लहर देखी गई। डेल्टा स्वरूप के कारण अप्रैल-जून 2021 में प्रतिदिन नए संक्रमित और मौत के मामले चरम पर थे। सात मई 2021 को देश में एक दिन में संक्रमण के सबसे अधिक 4,14,188 नए मामले सामने आए थे और 3,915 लोगों की मौत हुई थी। देशभर में 2020 की शुरुआत से अब तक लगभग चार वर्ष में कोविड-19 से साढ़े चार करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा इनसे 5.30 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है।

# गोडसे पर एनआईटी प्रोफेसर की टिप्पणी की जांच पड़ताल के लिए समिति का गठन

उच्च अधिकारियों द्वारा उचित कार्रवाई की जाएगी

एजेंसी। कोझिकोड

**राष्ट्रीय** प्रौद्योगिकी संस्थान-कालीकट (एनआईटी) ने एक महिला प्रोफेसर की हालिया उस विवादास्पद टिप्पणी की जांच पड़ताल के लिए एक समिति का गठन किया है, जिसमें महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे का कथित तौर पर महिमामंडन किया गया था।




समिति का गठन प्रोफेसर ए शैजा के खिलाफ उनकी फेसबुक टिप्पणी के लिए पुलिस द्वारा मामला दर्ज किए जाने के एक सप्ताह बाद किया गया है। शनिवार को यहां एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि संस्थान ने समिति के निष्कर्षों के आधार पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसमें कहा गया है कि संस्थान के अधिकारियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि संस्थान किसी भी ऐसी टिप्पणी का समर्थन नहीं करता है जो महात्मा गांधी के सिद्धांतों और मूल्यों के खिलाफ हो। बयान में कहा गया है, संबंधित टिप्पणी से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए, संस्थान ने घटना के विभिन्न पहलुओं की गहन जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। इसमें कहा गया है, समिति एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करेगी और इसके निष्कर्षों के आधार पर उच्च अधिकारियों द्वारा उचित कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि एनआईटी-कालीकट शुचिता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उसके संकाय सदस्य सिद्धांतों का पालन करें। अधिकारियों ने यह भी कहा कि संस्थान एक सामंजस्यपूर्ण और समावेशी शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के लिए समर्पित है। यहां संस्थान में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की एक वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रोफेसर ए शैजा ने 30 जनवरी को फेसबुक पर टिप्पणी पोस्ट की थी, भारत को बचाने के लिए गोडसे पर गर्व है।

उन्होंने यह टिप्पणी एक वकील कृष्णा राज की पोस्ट पर की थी, जिन्होंने गोडसे की तस्वीर पोस्ट करते हुए शीर्षक दिया था, हिंदू महासभा कार्यकर्ता नाथूराम विनायक गोडसे, भारत में कई लोगों के नायक। एसएफआई, केएसयू और एमएसएफ सहित विभिन्न छात्र संगठनों द्वारा शहर के कई पुलिस थानों में प्रो. शैजा के खिलाफ कई शिकायतें दर्ज कराई गईं थी, जिसके बाद उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रोफेसर के खिलाफ आईपीसी की धारा 153 लगाई गई है।

# गौतमबुद्ध नगर सीट को लेकर बीजेपी में घमासान

## आगामी लोकसभा चुनाव के लिए वर्तमान सांसद, आईएएस और कई नेता ठोंक रहे ताल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

लोकसभा के चुनाव नजदीक आते ही जनपद गौतमबुद्ध नगर में बीजेपी की सीट को लेकर घमासान मचनी शुरू हो गई है। गौतमबुद्ध नगर सीट से मौजूद सांसद डॉक्टर महेश शर्मा के अलावा कई नेताओं ने यहां सीट के लिए दावेदारी की है।

दूसरे दल को छोड़कर आए नेताओं ने यहां राजनीतिक गर्मी ज्यादा बढ़ा दी है। हालांकि कई नेताओं ने जनपद के बाहर लेकिन पश्चिम यूपी की सीटों के दावेदारी की है। जिसकी बानगी पीएम मोदी की रैली में देखने को मिली थी। नोएडा में सीट की दावेदारी भरने वाले भाजपा नेता लोगों के बीच पहुंच रहे है।

अपने कामों और मतदाताओं के पहुंच की लॉग बुक भी शीर्ष नेताओं तक पहुंचाई जा रही है। बताते है कि जितनी पकड़ उनकी है और किसी नेता की नहीं है। बता दे गौतमबुद्ध नगर सीट भाजपा के सुरक्षित और वीआईपी सीट मानी जाती है।



दरअसल, गौतमबुद्ध नगर की लोकसभा सीट पहले खुर्जा के नाम से थी। तब यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित थी। नए परिसीमन के बाद गौतमबुद्ध नगर नाम से ये सीट सामान्य हुई। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा से सुरेंद्र नागर ने भाजपा के मौजूदा सांसद डॉक्टर महेश शर्मा को हराकर यहां के पहले सांसद बने, 2014 के चुनावों में सुरेंद्र नागर चुनाव नहीं लड़े।

भाजपा के डॉक्टर महेश शर्मा यहां के सांसद चुने गए। 2019 में भी वो रिकार्ड मतों से जीतकर लगातार दूसरी बार सांसद बने। वह अब चौथी बार भी दावेदारी कर रहे है। इसका प्रमाण गृह मंत्री अमित शाह ने उनके आवास पर पहुंचकर उनके कामों की सराहना करना भी है। त्रिपुरा प्रभारी रहते हुए भाजपा की जीत ने उनके दावेदारी को और प्रबल कर दिया है।

लेकिन इस बार उनकी दावेदारी के बीच कई और नेता भी सामने आ चुके है। ये सभी जनता के बीच पहुंचकर अपनी पकड़ बनाते दिख रहे है। इसमें आईएएस बीएन सिंह भी है। वो नोएडा के डीएम रह चुके है।

यहां से ट्रांसफ र के बाद से लगातार गौतमबुद्ध नगर की जनता के बीच आ रहे है। यहां सार्वजनिक कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे है और अपने कार्यों को वीडियो और फोटो के जरिए सोशल मीडिया पर जबरदस्त तरीके से सार्वजनिक कर रहे है। इसी के चलते डॉक्टर महेश शर्मा के पक्ष के कई संगठन भी अब बीएन सिंह के पक्ष में जाते दिख रहे है। बताया गया कि बीएन सिंह का भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ अच्छी पकड़ है। यही वजह है नोएडा महानगर अध्यक्ष इस मामले दो बार आला कमान से शिकायत भी कर चुके है। इसी तरह पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल भी लोगों के बीच पहुंच रहे है।

वहीं जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह भी इस लाइन में है। धीरेंद्र सिंह जेवर से सिटिंग विधायक है। जेवर एयरपोर्ट से लेकर एक दिन पहले लिफ्ट एक्ट और अन्य कार्य में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। उनके अपने क्षेत्र में बेहतर पकड़ के साथ गौतमबुद्ध नगर में उनकी अच्छी पकड़ भी है। उनकी दावेदारी काफी प्रबल मानी जा रही है।

वहीं, नोएडा विधायक पंकज सिंह का नाम भी सामने आ रहा है। इसके अलावा 2009 में सांसद बने सुरेंद्र सिंह नागर वर्तमान में राज्य सभा सांसद है। यदि वे राज्य सभा की सीट छोड़ते है तो भाजपा का शीर्ष खेमा उन पर अपना दाव चल सकता है।

# व्यापारी पुत्र वैभव सिंघल का शव बरामद, 30 जनवरी से था लापता

● **यमुना नदी में चल रही थी तलाश**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के किराना व्यापारी अरुज सिंघल के बेटे वैभव का शव पुलिस ने बरामद कर लिया है। कोतवाली प्रभारी समेत कई पुलिस कर्मी पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे है।

बिलासपुर में धरनास्थल के आसपास के थानों से पुलिस बल की तैनाती की गई है। आपको बता दें कि 30 जनवरी से लापता बिलासपुर के व्यापारी अरूण सिंघल के पुत्र वैभव सिंघल का शव सुबह नहर में मिल गया है। आरंभिक जानकारी के अनुसार शव चचूरा गाँव की नहर मे मिला है। स्मरण रहे की पुलिस लगातार पिछले दो दिनों से शव की तलाश कर रही थी। यूपी गंग नहर के बाद ड्रोन और एनडीआरएफ की मदद से मथुरा और आगरा में यमुना नदी में सब की तलाश की जा रही थी। इसके अलावा तीन दिन से पुलिस की पांच टीम बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा की गंग नहर में वैभव के शव की तलाश कर रही थी इसके बाद चचुरा गांव की नहर में वैभव सिंगल का शव पुलिस को मिल गया है शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



शव का नदी से निकालती गोताखोर में शामिल टीम

बिलासपुर में रहने वाला वैभव सिंघल 30 तारीख को लापता हो गया था। परिवार के अनुसार वह शाम को अपने दोस्तों के साथ मिलने गया था।

जिसके बाद को लापता हो गया परिवार जिन्होंने उसके दो मुस्लिम दोस्तों पर शक जताया था। जिन्हें पुलिस ने भारी दबाव के बाद गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद कोई कार्रवाई न होने से नाराज परिवार ने 5 दिन से आंदोलन शुरू किया हुआ था। इस हत्याकांड के विरोध में आसपास के सभी बाजार पूर्णतया बंद थे जिसके बाद पुलिस पर लगातार दबाव बढ़ रहा था।

# गाजियाबाद में डीएसपी का पूर्व पति गिरफ्तार

● **पुलिस अधिकारी के नाम पर लोगों से अवैध वसूली करने का आरोप**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश पुलिस में डीएसपी श्रेष्ठा ठाकुर के पूर्व पति को गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोप है कि लोगों से अवैध काम कराने के बदले वसूली शुरू कर दी थी। डीएसपी ने गाजियाबाद पुलिस में एफ आईआर कराई। गाजियाबाद पुलिस ने आरोपी पूर्व पति रोहित राज को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। श्रेष्ठा ठाकुर फि लहाल जिला शामली में बतौर डीएसपी तैनात हैं। डीएसपी ने एफआईआर कॉपी में बताया, रोहित राज ने उनके पद का दुरुपयोग करते हुए कुछ लोगों से पैसे वसूलने शुरू कर दिए। इसके बावजूद रोहित राज ने मेरा पीछा नहीं छोड़ा।



वो गाजियाबाद के कौशांबी एरिया में आकर रहने लगा और फिर से ठगी शुरू कर दी। उसने अपनी पोस्टिंग इनकम टैक्स दिल्ली में बतौर कमिश्नर बताई। इस दौरान उस व्यक्ति ने 2 साल पहले दूसरी शादी भी कर ली। अब वो पूरे समाज में दुष्प्रचारित कर रहा है। इसलिए मुझे मुकदमा दर्ज कराना पड़ा।

9 फरवरी को उन्होंने पूर्व पति रोहित राज सिंह सहित वकील शरण सिंह और संजीत सिंह के खिलाफ सेक्शन-323, 498ए, 420, 467, 468, 471, 506 और आईटी एक्ट 67सी में गाजियाबाद के थाना कौशांबी में एफआईआर कराई थी। श्रेष्ठा ठाकुर के अनुसार, उनकी शादी 2018 में रोहित राज सिंह से पटना में हुई थी। रोहित राज से फैमिली का परिचय मेट्रिमोनियल साइट पर हुआ था। इसमें रोहित राज ने खुद को 2008 बैच का आईआरएस अधिकारी डिप्टी कमिश्नर और रांची में पोस्टेड बताया था। शादी के बाद पता चला कि रोहित राज कोई आईआरएस अधिकारी नहीं है।

डीएसपी ने एफआईआर कॉपी में बताया, रोहित राज ने पदनाम का दुरुपयोग करते हुए कुछ लोगों से पैसे वसूलने शुरू कर दिए, जब उन लोगों ने कॉन्टेक्ट किया तो रोहित की सच्चाई सामने आने लगी। डीएसपी के मुताबिक, रोहित राज ने दो बैंकों के कार्ड चोरी कर लिए और बैंक में मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी चेंज करा दी। इसके बाद वो तमाम लोगों से इन खातों में पैसे डलवाता रहा।

# अलग-अलग स्थानों पर गैस सिलेंडर से लगी आग, 8 झुलसे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

रबूपुरा कस्बे के मोहल्ला शहीद नगर में एक घर में गैस सिलेंडर में रिसाव की वजह से आग लग गई। पूरा घर आग की लपटों से घिर गया। आग में घिरे पूरे परिवार को ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला।

हादसे में दो बच्चे एक महिला व एक पुरुष आग से बुरी तरह झुलस गए। उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला शनिवार देर रात का है। रविवार को तहसील प्रशासन की टीम नुकसान का आकलन करने के लिए घटनास्थल पर पहुंची। शनिवार की शाम करीब 9 बजे मूलचंद शर्मा के घर में जैसे ही खाना बनाने के लिए जैसे ही रसोई गैस चूल्हा चालू किया गया, इसी दौरान रेगुलेटर में गैस रिसाव होने के चलते सिलेंडर में आग लग गई। और पास खड़ी बाइक ने आग पकड़ ली। बाइक की टंकी फटने से सारा पेट्रोल घर में फैल गया और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घर में लगी आग को देखकर सैकड़ो की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। पानी डालने से आग और विकराल होती जा रही थी। इसी दौरान चौहान पब्लिक स्कूल से आग बुझाने के सिलेंडर लाकर आग पर काबू पाया। परिवार के सदस्य अंदर ही फंस गए।



ऊपरी मंजिल में फंसे धीरज शर्मा उनकी पत्नी आशा पुत्री रिया व पुत्र विराट आग की लपटों में घिरकर झुलस गए। कोतवाली प्रभारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि रसोई गैस सिलेंडर से घर में आग लगने की सूचना मिली थी आग पर काबू पाकर घर के सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं सेक्टर 121 स्थित गढ़ी चौखंडी के एक घर में खाना बनाते समय सिलेंडर फटने से चार लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फेज 3 कोतवाली पुलिस केस मुताबिक गोरंग सरकार गढ़ी चौखंडी में परिवार सहित किराए के मकान में रहते है। रविवार सुबह खाना बनाते समय सिलेंडर आग लगने के बाद फट गया। घटना की सूचना मिलने पर तत्काल फायर ब्रिगेड और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन फायर ब्रिगेड के आने से पूर्व ही स्थानीय लोगों द्वारा आग को बुझाया जा चुका था। घटना में बंगाल के गौरंग सरकार 39, उनकी पत्नी, एक बेटी और पड़ोसी प्रदीप विश्वास झुलस गए।

## संक्षिप्त समाचार



पीडीए जन सम्मलेन में पहुंचे समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी।

### पीडीए सम्मलेन में सपा ने भाजपा पर साधा निशाना

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में समाजवादी पार्टी ने रविवार को दादरी क्षेत्र के चिटैहरा गांव में पीडीए जन सम्मलेन का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के कोने.कोने से भारी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। सपा के इस जन सम्मलेन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीति और तानाशाही के चलते आज देश एवं प्रदेश बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। भाजपा अपनी राजनैतिक लाभ के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व विधान परिषद सदस्य महेश आर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष इंदर प्रधान, पूर्व चेयरमैन गजराज नागर, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव वचन भाटी, मेहंदी हसन, विजेंद्र चौहान, सुदेश भाटी, जुगती सिंह, राहुल आर्यन, संजय भाटी, हुकम सिंह भारती, हरेंद्र लाला, महेश जाटव, बादशाह प्रधान, रिजवान हैदर आत्म प्रकाश जाटव, शोएब खान, मुरारी लाल गौतम आदि मौजूद रहे।

### अब राजेश पायलट के लिए मांगा भारत रत्न

**गाजियाबाद।** चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और एमएस स्वामीनाथन के बाद अब राजेश पायलट को भी भारत रत्न देने की मांग उठने लगी है। गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र से विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने 10 फरवरी को एक लेटर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा है। इस लेटर में विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा, श्राजेश पायलट विपरीत परिस्थितियों में भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर बने। अदम्य शौर्य.वीरता का परिचय देकर पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बांटने में उनका योगदान स्मरणीय है। 1971 की लड़ाई में सेना ने उन्हें सैन्य सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल, पूर्वी स्टार, संग्राम पदक से नवाजा। इसके बाद राजेश पायलट राजनीति में आए। भारत सरकार में गृहमंत्री रहते हुए पूर्वोत्तर भारत, जम्मू कश्मीर समेत पंजाब में शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान उन पर प्राणघातक हमले भी हुए। एक संदिग्ध दुर्घटना में राजेश पायलट का निधन हो गया। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इस केस की गहनता से कभी जांच.पड़ताल तक नहीं की। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करते हुए कहा कि राजेश पायलट से करोड़ों अनुयायियों व किसानों की जनभावना जुड़ी हुई हैं। इसलिए राजेश पायलट को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए।

### मोदीनगर में विवाहिता की मौत

**गाजियाबाद।** मुरादनगर की नगर की मलिक नगर कॉलोनी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। नगर की आदर्श नगर कॉलोनी निवासी यूनूस मलिक की पुत्री शबाना की शादी 20 अगस्त 2018 में मलिक नगर कॉलोनी निवासी कासिम के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही महिला से दहेज लाने की मांग की जाने लगे। परिजनों ने बताया कि शबाना अक्सर मारपीट के वीडियो भेजती रहती थी। डर के कारण महिला ने कोई कार्रवाई नहीं की। सूचना मिली कि महिला शबाना की हालात खराब है। जब परिजन मलिक नगर कॉलोनी पहुंचे तो शबाना मर चुकी थी। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता युनूस मलिक ने इस संबंध में पति सहित कई लोगों के खिलाफ मुरादनगर थाने में तहरीर दी। एसीपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।


# नोएडा में चेन लुटेरों से पुलिस की मुठभेड़, घायल

● **एक बदमाश के लगी गोली, दूसरा अंधेरा का लाभ उठाकर फरार**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**सेंट्रल** नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में पुलिस और चेन लुटेरों के बीच में मुठभेड़ हो गई। इस पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया तो वहीं दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

यह लोग बड़े ही शातिर किस्म के लुटेरे हैं, जो आए दिन चेन लूट की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। दरसअल शनिवार रात्रि में थाना बिसरख पुलिस द्वारा भगत मार्केट के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान स्कूटी पर सवार दो युवकों को चेकिंग के लिए रोका गया। जिस पर उन्होंने स्कूटी को वापस दौड़ा दिया। पुलिस द्वारा उनका पीछा किया गया तो स्कूटी सवारों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस के द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई, जिससे बदमाशों की स्कूटी फिसल कर गिर गई। गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल हुई बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया।



बदमाश की पहचान सन्नी उर्फ सिद्धार्थ निवासी ग्राम नारा नारी थाना सेक्टर 5 सोनीपत हरियाणा हालपता रोहिणी सेक्टर 5 दिल्ली के रूप में हुई। घायल बदमाश को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा, खोखा कारतूस व चोरी की स्कूटी व नकदी बरामद की।

वहीं घायल बदनाश का दूसरा साथी ब्रहमदत्त उर्फ कमल निवासी नन्द नगरी थाना नंद नगरी दिल्ली अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए बिसरख पुलिस द्वारा कॉम्बिंग की जा रही है। सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक बदमाश मौके से फरार हो गया। यह बदमाश बड़े ही शातिर किस्म के चैन लुटेरे हैं। अभी कुछ दिन पहले ही इन लोगों के द्वारा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से चैन लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। इन लोगों से बरामद हुई नगदी इस चैन को बेचकर इन्होंने ली थी। वहीं बदमाश के कब्जे से बरामद हुई स्कूटी भी थाना क्षेत्र से ही चोरी की गई थी।

# अवैध निर्माण पर चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुल्डोजर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

बादलपुर थाना क्षेत्र के छपरौला स्थित सहारा सिटी में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बुलडोजर चला। सवा लाख वर्ग मीटर से अधिक एरिया पर हुए अवैध निर्माण को तोड़ दिया गया।

प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन में अवैध रूप से कालोनिया काटी जा रही थी। दरअसल, छपरौला का सहारा सिटी एरिया ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आता है। कुछ कॉलोनाइजर इस जमीन पर कॉलोनी काटने की कोशिश कर रहे थे। वह छोटे.छोटे प्लॉट काटकर लोगों को बेच रहे थे। प्राधिकरण की तरफ से पूर्व में धारा.10 की नोटिस जारी करते हुए इन कॉलोनाइजरों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उनकी तरफसे नोटिस पर कोई अमल नहीं किया गया।

सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण और पुलिस-प्रशासन की डेढ़ सौ सदस्यों की टीम ने मिलकर अतिक्रमण के खिलाफबड़ी कार्रवाई की। ग्रेनो के परियोजना विभाग के महाप्रबंधक व ओएसडी हिमांशु वर्मा और एसीपी हेमंत उपाध्याय के नेतृत्व में वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# हत्या के मामले में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

● **पचास हजार रुपये के लेने-देने को लेकर था विवाद**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**थाना** निवाड़ी के जंगलों में 8 फरवरी को मिली अधजली लाश का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। पुलिस के मुताबिक मृतक हिस्ट्रीशीटर था।

मृतक की हत्या दूसरे हिस्ट्रीशीटर ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर की थी। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि हिस्ट्रीशीटर बदमाश से 50 हजार रुपए छीन लिए थे और मांगने पर मार पिटाई करता था। इसी को लेकर हिस्ट्रीशीटर ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। गाजियाबाद में डीसीपी ग्रामीण विवेक यादव ने बताया की थाना निवाड़ी क्षेत्र में 8 फरवरी को एक अज्ञात व्यक्ति का जला हुआ शव मिला था। बाद में मृतक की पहचान विपिन उर्फटोनु के नाम हुई थी। जिसकी पहचान उसके पिता ने की थी। पिता वीरपाल ने तहरीर दी थी कि उनका पुत्र विपिन 6 फरवरी को अपने दोस्तों के साथ शादी में गया था और उसके बाद वापस नहीं लौटा।

इस मामले के लिए पुलिस ने चार टीम बनाई थी। सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके नाम अमित, विनय और अर्जुन है। विनय भी हिस्ट्रीशीटर है और मृतक विपिन भी हिस्ट्रीशीटर था। पूछताछ में सामने आया की कुछ दिन पहले विपिन ने विनय से 50 हजार रुपए छीन लिए थे।

विनय जब भी पैसे मांगता तो विपिन उसके साथ मारपीट करता। 6 फरवरी को यह लोग एक शादी में गए। उसके बाद एक ट्यूबवेल पर जाकर शराब पीने लगे। वहां तीनों ने मिलकर विपिन की गला घोट कर हत्या कर दी। पहचान ना हो इसके लिए मोटरसाइकिल पर शव रखकर जंगलों में ले गए और मोटरसाइकिल से पेट्रोल निकाल कर आग लगा दी।

## ग्रेनो वेस्ट के लिए मेट्रो की मांग पर प्रदर्शन

**नोएडा।** मेट्रो की मांग को लेकर रविवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के अलग.अलग सोसाइटियों के निवासियों ने जमकर प्रदर्शन किया। निवासियों का जोश काफी बढ़ा हुआ था और भारी संख्या में लोगों का जमावड़ा एक मूर्ति चौक पर हुआ और जमकर हल्ला बोला।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि प्रदर्शन में शामिल सदस्यों ने पहले तो आपस में विचार किया एवं प्रदर्शन आगे भी जारी रखने के निर्णय को दोहराया क्योंकि पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं घट चुकी है कि डीपीआर को अप्रूव करके भेज तो दिया जाता है, परंतु उसके बाद केंद्र सरकार के द्वारा इसे लटका दिया जाता है।



मेट्रो की मांग को लेकर ग्रेनो वेस्ट की कई सोसाइटियों ने प्रदर्शन किया।

## चाकू बरामद करने गई पुलिस की पिस्टल छीनकर भागा बदमाश

**गाजियाबाद।** मुरादनगर पुलिस और गौकशी की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों के बीच रविवार सुबह तीन बजे के आसपास मुठभेड़ हो गई। पैर में गोली लगने से एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए।

पुलिस ने बदमाश के पास तमंचा व गो तस्करी का सामान बरामद किया है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि गांव सरना के जंगल में गत 22 जनवरी को पशुओं के अवशेष मिले थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सुबह तीन बजे के आसपास बदमाश को छुरा बरामद करने के लिए खेत में ले लेकर गए थे। जब पुलिस खेत में पहुंची तो बदमाश एक दरोगा से पिस्टल छीन ली।

# गौतमबुद्धनगर में करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण

● **मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत बनाई जाएंगी सड़कें**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सांसद गौतमबुद्धनगर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने सांसद निधि द्वारा किये गये कार्यो का शिलान्यास एवं मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत निर्मित सड़क का लोकार्पण किया।

इस मौके पर नोएडा के विधायक पंकज सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों को चोटपुर कालोनी के परशुराम वाली गली में मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत इण्टरलॉकिन्ग मार्ग का लोकार्पण किया जिसकी अनुमानित लागत 85.35 लाख एवं अनुमानित लंबाई 620 मीटर का निर्माण कार्य जनता को समर्पित किया।



नए विकास कार्यों का शिलान्यास करते नोएडा सांसद महेश शर्मा व साथ में विधायक पंकज सिंह।

उसके उपरान्त लगभग 18 नए इंटरलॉकिन्ग व नाली के निर्माण कार्यो को सांसद निधि योजना के माध्यम से शुभ आरंभ कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। जिसमें तिगडी कालोनी, छिजारसी कालोनी, चोटपुर कालोनी, युसूफपुर चकशाहबेरी, खाटू श्याम वाली गली, 25 फुटा रोड, सलारपुर शिवनगर कालोनी इत्यादि गलियों का शिलान्यास कर, जिनकी अनुमानित लागत 01 करोड़ 3 लाख व अनुमानित लंबाई 1,5 किलोमीटर तक रही, जो जनता के बीच समर्पित किया। उसके उपरान्त सुपरटेक ईको विलेज-2, ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, सांसद प्रतिनिधि संदीप शर्मा, दीपक यादव विधायक प्रतिनिधि, रोहित ठाकुर, प्रमोद बहल, मण्डल अध्यक्ष निर्मल सिंह, डिम्पल आनंद, चंदगीराम यादव, मनोज उपाध्याय, बब्लू यादव, राकेश शर्मा, धीरेन्द्र शर्मा, रंजन, राजेष मास्टर, रवि यादव, ओमवीर अवाना, मुकेश चैहान मण्डल अध्यक्ष, लोकेष त्यागी, जैनेन्द्र चैरसिया, जितेन्द्र शर्मा, संगीता तिवारी, सुमित बैसोया, कमल जैन, दुष्यंत, गौरव पटेल संदीप गुर्जर, पंकज गुप्ता, निषांत शेखर, संदीप गुप्ता, निषु चैहान, संतोष झा, ममता तिवारी, आदि काफी संख्या में वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।

# आपके बाल चुकाते हैं हेयर वॉश से जुड़ी इन गलतियों की कीमत



**आज के समय में हर व्यक्ति को बालों से जुड़ी किसी न किसी समस्या का सामना करना पड़ता है। फिर चाहे बात हेयर फॉल की, बालों के सफेद होने की समस्या या फिर रूसी की। अमूमन लोग इसके लिए भागदौड़ भरी जिंदगी, तनाव व गलत खान-पान को ही जिम्मेदार ठहराते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपका गलत तरीके से बालों को धोना भी उसे प्रभावित कर सकता है। इसलिए यह बेहद आवश्यक है कि आप बालों को सही तरह से धोएं। तो चलिए जानते हैं बालों को धोते समय होने वाली गलतियों के बारे में-**

### जरूरी है ऑयलिंग

**अमूमन** लोग शैंपू करने को ही हेयर वॉश करने का पहला स्टेप मानते हैं, जबकि यह बेहद आवश्यक है कि आप शैंपू करने से दो-तीन घंटे पहले ऑयलिंग अवश्य करें। कभी-कभी हेयर वॉश के दौरान शैंपू के कारण आपके बालों का प्राकृतिक तेल भी निकल जाता है, जिससे आपके बाल रूखे-रूखे नजर आते हैं, लेकिन अगर आप ऑयलिंग करते हैं तो यह आपके बालों के तेल को मेंटेन रखेगा। साथ ही ऑयलिंग से आपके बालों को पोषण व मजबूती मिलती है। जिसके कारण आपको बालों के झड़ने, रूसी व उनके असमय सफेद होने की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता।

### बालों को करें ब्रश

हेयर वॉश से पहले बालों को ब्रश करना भी काफी जरूरी होता है। इसके लिए आप चौड़े दांतों वाली कंघी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपके सिर में ब्लड सर्कुलेशन तो बेहतर होता है ही, साथ ही आपके सिर के पोर्स भी ओपनअप हो जाते हैं, जिसके कारण शैंपू के दौरान सारी गंदगी आसानी से निकल जाती है।

### इस तरह करें शैंपू

बालों को शैंपू करते समय कभी भी उसे जोर-जोर से न रगड़ें। इससे आपके बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं। आप बालों को वॉश करने के लिए हमेशा अपनी उंगलियों के अग्र भाग का इस्तेमाल करें। साथ ही जब भी शैंपू करें तो उसे सीधे ही बालों पर अप्लाई न करें। बेहतर होगा कि आप पानी में शैंपू डालकर उस पानी से बालों को वॉश करें। इससे शैंपू के केमिकल माइल्ड हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त शैंपू का चयन भी सही तरह से करें। आजकल मार्केट में कई तरह के शैंपू अवेलेबल हैं। आप अपने बालों की प्रकृति के हिसाब से ही शैंपू का चुनाव करें और उसे इस्तेमाल करें।

### कंडीशनर भी है जरूरी

बालों को वॉश करना सिर्फ शैंपू करने तक ही सीमित नहीं है। बालों की कंडीशनिंग भी उतनी ही अहम है। इससे आपके बालों को एक स्मूद लुक मिलता है। लेकिन बालों की कंडीशनिंग करते समय हमेशा याद रखें कि आप इसे अपनी स्कैल्प पर इस्तेमाल न करें। इससे बालों की जड़ें कमजोर हो जाती हैं और आपके बाल तेजी से टूटने लगते हैं। साथ ही कंडीशनर का इस्तेमाल करने के बाद उसे 3-4 से मिनट तक अवश्य रखें और फिर हेयर वॉश करें। हेयर वॉश भी बेहतर तरीके से करें ताकि उसमें कंडीशनर न रह जाए।

### ठंडे पानी का इस्तेमाल

जब आप हेड वॉश करें तो अंत में हमेशा ठंडे पानी का इस्तेमाल करें। ठंडे पानी के कारण आपके पोर्स बंद हो जाते हैं और फिर बाहर की गंदगी उसमें नहीं आती। जहां हेड वॉश की शुरूआत में हल्के गर्म पानी का इस्तेमाल किया जाता है ताकि पोर्स ओपन हो जाए और सारी गंदगी अच्छी तरह निकल जाए। वहीं अंत में हमेशा ठंडे पानी का इस्तेमाल करना चाहिए।

### ऐसे सुखाएं बाल

कुछ लोग इस स्टेप को जरूरी नहीं समझते। जबकि वास्तव में यह भी उतना ही जरूरी होता है। हेड वॉश के बाद कभी भी बालों को सुखाने के लिए हेयर डॉयर का प्रयोग न करें। इस दौरान आपके बाल काफी कमजोर होते हैं और हेयर डायर आपके बालों को रूखा बना सकता है। बेहतर होगा कि आप तौलिए की मदद से अपने बालों को झाड़कर अतिरिक्त पानी सुखाएं या फिर कुछ देर के लिए अपने बालों को तौलिए में लपेटकर रखें। अंत में बालों को खुद ही सूखने दें।



# रात की बची सब्जी को बनाएं स्वादिष्ट



**भारतीय** घरों में खाना बिना सब्जी के पूरा नहीं होता लेकिन ऐसा जरूरी नहीं है कि रात में बनाई हुई सब्जी पूरी खत्म हो जाये। ऐसे में समस्या यह उत्पन्न होती है कि उस बची हुई सब्जी को कोई भी खाने के लिए तैयार नहीं होता और उसे फेंक कर खराब नहीं किया जा सकता। अब इस परेशानी से निपटने का एक सबसे अच्छा तरीका यह होता है कि उसे नए अंदाज में पेश किया जाए। शायद आपको पता न हो कि सिर्फ खाने का स्वाद ही नहीं, बल्कि उसका प्रेजेंटेशन भी लोगों को आकर्षित करता है। तो आइए जानते हैं रात की बची हुई सब्जियों को नए तरीके से पेश करने की कुछ अद्भुत रेसिपी के बारे में-

---

**पराठे की पेशकश :** अगर आपने रात में सूखी सब्जी बनाई थी तो उसे आप सुबह के समय बतौर पराठे की स्टफिंग बनाकर तैयार कर सकती हैं और नाश्ते की तैयारी कर सकती हैं। अगर आपके घर में नाश्ते में पराठे नहीं खाते तो उसी सब्जी को ब्रेड के बीच में भरकर वेजीटेबल सैंडविच बनाना भी एक अच्छा आईडिया हो सकता है। सैंडविच में आप चाहें तो चीज का इस्तेमाल भी करें। इस तरह आप पराठे या बतौर सैंडविच आलू, बीन्स, गोभी, मटर, गाजर व पनीर की भुरजी से एक बेहद स्वादिष्ट नाश्ता तैयार कर सकती हैं। वहीं अगर आपकी सब्जी सूखी हुई नहीं है तो भी आप सब्जियों के पानी को सुखाकर एक ड्राई स्टफिंग तैयार कर सकती हैं। साथ ही सब्जियों के फ्लेवर को बढ़ाने के लिए आप बारीक कटे प्याज, हरी मिर्च, हरा धनिया आदि का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।

**कटलेट :** रात की बची हुई सब्जी से कटलेट बनाने के लिए आपको सबसे पहले सब्जी करी या ग्रेवी को ड्राई करना होगा। ग्रेवी को ड्राई करने के लिए आप उसमें चीज और ब्रेड क्रम्स मिला दें। इससे आपके कटलेट और भी अधिक क्रिस्पी व स्वादिष्ट बनेंगे। अब सब्जी, चीज और ब्रेड क्रम्स को अच्छे से मिक्स करें व उनसे कुछ छोटी-छोटी बाल्स तैयार कर लें। अब उसे अपना मनपसंद आकार दें। अब एक पैन में ऑयल गर्म करें व कटलेट को फ्राई करें। आपके गर्मागर्म कटलेट तैयार हैं। इसे कैचअप के साथ सर्व करें।

**सूप :** आपकी सब्जी चाहे जो भी हो, उसे सूप के रूप में पेश करके आप सबका दिल खुश कर सकती हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले लहसुन को कुछ हल्का सा भूनना है। फिर बची हुई सब्जी से वेजीटेबल स्टॉक बना लें। अब इस स्टॉक को अपने पैन में डालकर उबाल आने दें। आप बाद में अपने स्वादानुसार इसमें नमक, काली मिर्च व हरा धनिया आदि भी मिक्स कर सकती हैं।

**रोल्स व रैप्स :** अगर आपको सुबह के समय जल्दी है तो बेहतर होगा कि आप अपनी रात की बची हुई सब्जी से रैप्स बना लें। यह आपकी बोरिंग सी रोटी को तो मजेदार बनाएगा ही, साथ ही जल्दी के कारण आप इसे रास्ते में भी खा सकती हैं या बच्चों के लंच में पैक कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए आप अपनी पालक पनीर, आलू मटर या बैंगन का भर्ता जैसी सब्जियों को अपनी रोटी के बीच में भरकर एक स्वादिष्ट रोल तैयार करें।

**चना पास्ता :**अक्सर घरों में शाम के समय छोले या चने बनते हैं, लेकिन उन चनों को सुबह नाश्ते में खाना काफी मुश्किल होता है। ऐसे में आप इन बचे हुए चनों से चना पास्ता तैयार कर सकती हैं। इसके लिए आप सबसे पहले किसी भी तरह के पास्ता को लेकर उसे पैक पर लिखे निर्देशों के अनुसार पका लें। अब एक भारी तली वाली कड़ाही में चना डालें व अपने स्वादानुसार इसमें कुछ मसाले भी मिलाएं। यह चना आपके पास्ते का बेस होगा। अब पास्ता को भी इसी कड़ाही में डालकर अच्छी तरह टॉस करें। आपका चना पास्ता तैयार हैं। आप सर्व करते समय इसमें कटा हुआ हरा धनिया में डाल सकती हैं।

# वेज़ नूडल्स

**ज़रूरी सामग्री :** नूडल्स-एक पैक (200 ग्राम), सब्जियां बारीक कटीहुई गाजर -1, शिमला मिर्च-1,पत्ता गोभी-1 छोटी, तेल या मक्खन-2 टेबल स्पून,नमक-एक छोटी चम्मच (स्वादानुसार),काली मिर्च-एक चौथाई छोटी चम्मच, अदरक-एक इंच लम्बा टुकड़ा बारीक कटा, चिल्ली सास-2 छोटी चम्मच, सोया सास-2 छोटी चम्मच, सिरका-2 छोटी चम्मच।

**बनाने की विधि:** एक बर्तन पानी लें, 1 छोटी चम्मच नमक,एक छोटी चम्मच तेल डाले पानी में डालें, नूडल्स को तोड़ कर पानी में डालें/ 8-10 मिनट तक इन्हें उबाल नूडल्स को नरम होने के बाद छान लें, फिर ठंडा पानी डाल कर धो लें। एक कढ़ाई में मक्खन गर्म करें, अब अदरक, गाजर, शिमला मिर्च और पत्ता गोभी डाल कर चलाते हुए 2 मिनट पकाएं. फिर नूडल्स, नमक, सोया सास, काली मिर्च, चिल्ली सास और सिरका डाल कर तेज़ आंच पर लगातार चलाते हुए 2 मिनट तक अच्छे से मिला लें और पकाएं। इसे गर्मा-गर्म परोसें।



# पसीने की दुर्गंध को कैसे भगाएं

**जब** आप किसी से मिलने जाएं और आपके शरीर से स्मेल आए तो आपको काफी बुरा लगता है। ऐसे में आप किसी के भी नजदीक जाने से कतराने लगते हैं। कुछ लोगों को तो बहुत अधिक पसीना आता है और फिर आपके द्वारा लगाया पाउडर या फिर परफ्यूम भी काम नहीं करता। हालांकि परफ्यूम आपकी बॉडी की गंध को नियंत्रित करने का काम करते हैं लेकिन फिर भी उन कारणों पर प्रभाव नहीं डालते, जिनके कारण आपको शरीर की दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। शायद आपको जानकर हैरानी हो लेकिन हेल्दी डाइट आपके शरीर की प्राकृतिक खुशबू को बनाए रखने का काम करती है। तो चलिए जानते हैं ऐसे ही कुछ आहार के बारे में-



**नींबू :** नींबू की अम्लीय प्रवृत्ति आपके शरीर के पीएच लेवल को मेंटेन करने का काम करती है, जिसके कारण शरीर में दुर्गंध पैदा करने वाले बैक्टीरिया नहीं पनपते। आप नींबू को कई तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं। सबसे पहले तो आप सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में नींबू निचोड़कर पीएं। इसके बाद आप नींबू के छिलकों को अपने शरीर के उस स्थान पर रगड़ें। जहां सर्वाधिक पसीना आता है। कुछ देर बाद नहा लें। इससे आपके शरीर से बदबू नहीं आएगी।

**ग्रीन टी :** नींबू की तरह ही एंटीऑक्सिडेंट युक्त ग्रीन टी भी शरीर की गंध को काफी हद तक कम करने का काम करती है। दरअसल, ग्रीन टी आपकी बॉडी को डिटाक्सीफाई करने का काम करती है और जब आपके शरीर में से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं तो शरीर में से आने वाली गंध भी काफी हद तक कम हो जाती है।

**टमाटर :** टमाटर एक ऐसा खाद्य पदार्थ है जो आपके भोजन के स्वाद को बढ़ाता है। साथ ही यह शरीर की दुर्गंध को कम करने का भी काम करता है। दरअसल, इसमें प्राकृतिक जीवाणुरोधी और एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं और यही गुण शरीर में बैक्टीरिया को पनपने से रोकते हैं। इतना ही नहीं, अगर आप टमाटर के रस का सेवन करते हैं तो इससे आपके शरीर का तापमान कम होता है और आपको पसीना भी काफी कम मात्रा में आता है। आप इसे सलाद के रूप में खाने या फिर जूस पीने के अतिरिक्त बॉडी पर लगा भी सकते हैं। इसके लिए आप नहाने से करीबन आधा घंटा पहले इसका पल्प या रस अपने शरीर पर लगा लें और कुछ देर लगाने के बाद नहा लें। इससे आपको पसीना भी कम आएगा और कुछ ही दिनों में आपकी स्किन भी दमकने लगेगी।

# देखने लायक है कसौली की प्राकृतिक छटा

**कसौली से रात में शिमला की छटा देखते ही बनती है। असंख्य टिमटिमाती बत्तियों से दीप्तिमान यह शहर रात में किसी परीलोक से कम नहीं लगता। इससे थोड़ा नीचे सबातू और उसके दायीं ओर दंगराई तथा सनावर में टिमटिमाती बत्तियां जुगनुओं की उपस्थिति का भ्रम पैदा कर देती हैं। इसके दक्षिण में स्थित चंडीगढ़ तथा अंबाला की विस्तृत बिजलियां भी दिखती हैं। खुले और साफ मौसम में इन दृश्यों को दिन में भी देखा जा सकता है। यहां पर एक छोटा सा बाजार भी है जो सड़क की ढलान पर स्थित है।**

**चंडीगढ़** से शिमला जाने वाली सड़क की आधी दूरी पर स्थित है, खूबसूरत हिल स्टेशन-कसौली। कालका से करीब 20 किमी ऊपर पहाड़ी की ओर सड़क पर मोड़ है और यहीं इस मोड़ के दूसरी ओर से आता पहाड़ की पहली हवा का झोंका यात्रियों को मंत्रमुग्ध कर देता है। प्रकृति की अनुपम छटा को देखकर पर्यटक अभिभूत हो जाता है।

यह मधुर हवा का झोंका कहीं ओर से नहीं बल्कि पर्वतीय स्थल कसौली की तरफ से आ रहा होता है। उसी मोड़ पर नैरोगेज की रेलवे क्रॉसिंग है जो कई बार बंद मिलती है। नैरोगेज की यह रेल की पटरियां पहाड़ के चारों ओर बिखरी पड़ी हैं और उस पर दूर से ही रेंगती हुई दिखलाई पड़ती हैं। लाल, पीले, नीले और सफेद डिब्बे वाली रेलगाड़ी जिसे 'ट्वॉय ट्रेन' के नाम से पुकारा जाता है, आपको यहां पर दौड़ते हुए दिखाई पड़ेंगी। बस के अलावा इस 'ट्वाय ट्रेन' से धरमपुर तक जाया जा सकता है जोकि कसौली का सबसे ही नजदीकी रेलवे स्टेशन है। फिर यहां से किसी भी बस द्वारा कसौली पहुंचा जा सकता है और जो पर्यटक पैदल जाना चाहते हैं वे सड़क मार्ग से करीब तीन घंटे में कालका से कसौली पहुंच सकते हैं। वैसे पैदल जाने का अपना ही मजा है। पूरे रास्ते में चीड़ के पेड़ों की कतार है और पक्षियों का कलरव आपका मन बहलाता रहता है। कसौली समुद्र तल से 1927 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जो शिमला से मात्र 280 मीटर कम है। अतः यहां की जलवायु शिमला जैसी ही है। परंतु यहां शिमला जैसा बड़ा बाजार, भीड़-भाड़, दुकानदारों की लूट और महंगाई नहीं है। जो लोग रोज की भागदौड़ की जिंदगी से ऊबकर कुछ दिन आराम करना चाहते हैं, उनके लिए कसौली एक आदर्श जगह है।

यहां संगठित क्रियाकलाप का पूर्णतया अभाव है। इसलिए ऐसा लगता है मानो समय ठहर गया हो। शांति ही यहां की खासियत है। कुछ दिनों तक दुख-दर्द और तकलीफ को भुलाकर केवल आराम करने के लिए इससे अच्छी जगह नहीं हो सकती। कसौली की दो प्रमुख सड़कें हैं- अपर माल और लोअर माल। इन सड़कों के दोनों किनारों पर चीड़, ओक और देवदार के वृक्षों से घिरे मकान हैं। पुराने फैशन के ये हवादार मकान या तो सेना के अधिकारियों के हैं या फिर लम्बे समय से रह रहे वहां के निवासियों के। इस क्षेत्र में वाहन के आने का समय निर्धारित है जिसके कारण अन्य समय में पर्यटक स्वच्छंद रूप से वादियों का लुत्फ उठाते रहते हैं।

कसौली से रात में शिमला की छटा देखते ही बनती है। असंख्य टिमटिमाती बत्तियों से दीप्तिमान यह शहर रात में किसी परीलोक से कम नहीं लगता। इससे थोड़ा नीचे सबातू और उसके दायीं ओर दंगराई तथा सनावर में टिमटिमाती बत्तियां जुगनुओं की उपस्थिति का भ्रम पैदा कर देती हैं। इसके दक्षिण में स्थित चंडीगढ़ तथा अंबाला की विस्तृत बिजलियां भी दिखती हैं। खुले और साफ मौसम में इन दृश्यों को दिन में भी देखा जा सकता है। यहां पर एक छोटा सा बाजार भी है जो सड़क की ढलान पर स्थित है। प्रत्येक वर्ष, अक्टूबर माह के प्रथम चार दिनों में कसौली में मेले जैसी हलचल नजर आती है क्योंकि इस समय सनावर में स्कूल का स्थापना दिवस मनाया जाता है। यहां बच्चों के माता-पिता कोने-कोने से आते हैं। मानसून के दिनों में वर्षा की बौछार पड़ते ही कसौली की हरियाली और भी बढ़ जाती है। बारिश थमी नहीं कि कुहासे का साम्राज्य हो जाता है और पर्यटक उसमें घूमने निकल पड़ते हैं। रास्ते में जगह-जगह भुट्टे पकाने वाले भुट्टे बेचते हुए मिलते हैं जिनको पर्यटक बड़े ही चाव से खाते हैं। कसौली में सबसे ऊंची जगह है, मंकी प्वाइंट। यहां से प्रकृति की दूर-दूर तक फैली अनुपम छटा दिखाई पड़ती है। मंकी प्वाइंट तथा दूसरी ओर गिलनर्ट पहाड़ी पर लोग सुबह-शाम टहलने निकलते हैं। इन दोनों जगहों पर पिकनिक मनाने वालों की हमेशा भीड़ लगी रहती है। कसौली की अच्छी आबोहवा के चलते यहां पर क्षय रोगियों के लिए सेनटोरियम बनाया गया है। यहां एक चर्च है जिसमें पुराने जमाने के विभिन्न प्रकार के बूंदीदार रंगीन ग्लास वाले दरवाजे तथा खिड़कियां लगी हुई हैं, जो देखते ही बनती हैं। कसौली क्लब तथा प्राइवेट होटलों के अलावा हिमाचल पर्यटक विभाग ने भी यहां एक होटल बनवाया है जहां पर्यटकों की भीड़ हमेशा रहती है। सर्दियों में होटल के बाहर भी लंच परोसा जाता है जिसे लोग वादियों का नजारा लेते हुए आपस में हिल-मिलकर बड़े चाव से खाते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### गुकेश तीन राउंड हारे छठे स्थान पर रहे

**वांगल्स (जर्मनी)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को वीसेनहाउस फ्रीस्टाइल शतरंज चैलेंज के रैपिड प्लेऑफ में आखिरी तीन राउंड हारने के कारण छठे स्थान से संतोष करना पड़ा। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने रैपिड स्पर्धा में अपना दबदबा बनाया तथा 5.5 अंकों के साथ जर्मनी के विंसेंट कीमर से आधा अंक आगे रहे। गुकेश के लिए दिन अच्छा नहीं रहा और उन्हें शुरू में ही फैबियानो कारुआना से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद अब्दुसत्तारोव के खिलाफ उन्होंन कुछ चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें हार मिली। कीमर ने भारतीय खिलाड़ी को केवल 22 चाल में पराजित किया। रैपिड स्पर्धा का आयोजन नॉकआउट चरण के लिए जोड़ियां तय करने के लिए किया गया था। गुकेश क्वार्टर फाइनल में कारुआना से भिड़ेंगे। नॉकआउट चरण के मुकाबले क्लासिकल प्रारूप में खेले जाएंगे। क्वार्टरफाइनल चरण में प्रत्एक जोड़ी तो बाजियां खेलेगी तथा परिणाम बराबर होने की स्थिति में विजेता का निर्णय कम समय के नियंत्रण वाली बाजी से किया जाएगा।

### डलास ओपन: पॉल-गिरोन में होगा फाइनल

**डलास।** अमेरिका के दूसरे वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने बेन शेल्टन को हराकर डलास ओपन के फाइनल में प्रवेश किया जिसमें उनका सामना गैर वरीय हमवतन खिलाड़ी मार्कोस गिरोन से होगा। पॉल ने सेमीफाइनल में तीसरे वरीय हमवतन बेन शेल्टन को 6-2, 6-4 से शिकस्त दी जबकि गिरोन ने फिर एक वरीय खिलाड़ी को हराया। तीस वर्षीय गिरोन ने चौथे वरीय फ्रांस के एड्रियन मानारिनो को 6-1, 6-3 से पराजित किया ।

### सेतु एफसी ने ईस्ट बंगाल को हराया

**वास्को (गोवा)।** काजोल डिसूजा के दो गोल की मदद से सेतु एफसी ने रविवार को यहां तिलक मैदान पर ईस्ट बंगाल को 2-0 से हराकर इंडियन वुमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) 2023-24 में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। मदुरई की टीम सेतु एफसी के अब आठ मैच में 10 अंक हो गए हैं। वह तालिका में पांचवें स्थान पर है। काजोल ने सातवें मिनट में पेनल्टी किक पर पहला गोल दागा जबकि दूसरा गोल 82वें मिनट में किया।

# सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने लगातार दूसरी बार जीता एसए20 खिताब




## फाइनल में डरबन सुपर जाइंट्स को हराया, यानसेन ने झटके पांच विकेट

**एजेंसी।** केपटाउन

**मार्को** यानसेन के पांच विकेट के दम पर सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने डरबन सुपर जाइंट्स को 89 रन से हराकर लगातार दूसरी बार साउथ अफ्रीका 20 खिताब अपने नाम कर लिया। लीग के पहले सत्र में भी सनराइजर्स विजई रहे थे। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 204 रन बनाए।

जवाब में डरबन टीम शनिवार देर रात हुए इस मैच में 17 ओवर में 115 रन पर आउट हो गई। तेज गेंदबाज यानसेन ने चार ओवर में 30 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने लीग में सर्वाधिक 20 विकेट अपने नाम किए। खचाखच भरे न्यूलैंड्स स्टेडियम पर पहले सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कप्तान एडेन



मार्कराम ने 26 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाए। वहीं प्लेयर आफ द मैच बने टॉम एबेल ने 34 गेंद में 55 रन का योगदान दिया जिसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल थे।

ट्रस्टिान स्टब्स ने 56 रन बनाए जिन्होंने 30 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। डरबन के लिए कप्तान और बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज ने चार ओवर में 33 रन देकर दो विकेट लिए लेकिन उनके अलावा बाकी गेंदबाज विकेटों के लिए तरसते रहे। सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाज जोर्डन हर्मान (26 गेंद में 42 रन) और एबेल ने दूसरे विकेट की साझेदारी में 90 रन जोड़े। बड़े लक्ष्य के जवाब में डरबन की शुरूआत ही बहुत खराब रही और उसके तीन बल्लेबाज चौथे ओवर में पवेलियन लौट चुके थे जब स्कोर बोर्ड पर सात ही रन टंगे थे।

डिकॉक (तीन) को तीसरे ओवर में डेनियल वॉरेल ने पवेलियन भेजा जबकि मैथ्यू ब्रीज्के 18 रन बनाकर ओट्निेल बार्टमैन का शिकार बने। जेजे स्मट्स को यानसेन ने आउट किया। डरबन के लिए वियान मूल्डर (38), ड्वेन प्रेटोरियस (28) और जूनियर डाला (15) को छोड़कर कोई बल्लेबाज दोहरे अंक में नहीं पहुंच सका।

# टीम इंडिया का सपना तोड़ आस्ट्रेलिया फिर चैंपियन

## अंडर 19 विश्वकप के फाइनल में 79 रन से हारा भारत

**एजेंसी।** बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका)

**सीनियर** स्तर पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 फाइनल और वनडे विश्व कप 2023 फाइनल में भारत को हराने के बाद अब कंगारू टीम ने अंडर-19 स्तर पर भी भारतीय फैंस का दिल तोड़ दिया है। आस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के बेनोनी में खेले गए खिताबी मुकाबले में भारतीया टीम को 79 रन से शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में सात विकेट पर 253 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम 43.5 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। फाइनल में आस्ट्रेलियाई बॉलर भारतीय बल्लेबाजों पर कहर बनकर टूटे।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन हरजस सिंह (64 गेंद पर 55 रन, तीन चौके, तीन छक्के) को छोड़कर उसका कोई अन्य



बल्लेबाज अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाया। लिंबानी ने और 38 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने सलामी बल्लेबाज सैम कोन्स्टास (00) को अंदर आती गेंद पर बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को शुरू में ही झटका दिया। इसके बाद हैरी डिक्सन (56 गेंद पर 42 रन) और कप्तान ह्यू वीबगेन (66 गेंद पर 48 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी की। डिक्सन ने पारी के दूसरे ओवर में ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज तिवारी पर दो चौके और एक छक्का लगाया। तिवारी ने नौ ओवर में 63 रन देकर दो विकेट लिये।

डिक्सन और वीबगेन जब पारी को अच्छी तरह से आगे बढ़ा रहे थे तब भारतीय कप्तान उदय सहारन ने फिर से तिवारी को गेंद सौंपी और उन्होंने इन दोनों बल्लेबाजों को लगातार ओवरों में आउट करके अपने कप्तान को निराश नहीं किया। वीबगेन ने तिवारी की गेंद को ड्राइव करने के प्रयास में प्वाइंट पर खड़े मुशीर खान को कैच दिया जबकि अगले ओवर में उन्होंने धीमी गेंद पर डिक्सन को गच्चा देकर अभिषेक मुरूगन के हाथों कैच कराया। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तक तीन विकेट पर 99 रन था। इसके बाद हरजस और रियान हिक्स (20) ने चौथे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की।

### बुमराह की उपलब्धि पर बोले आर. अश्विन

# अद्भुत थी बूमबॉल

**एजेंसी।** चेन्नई

**भारत** के सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने साथी जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उनकी बूमबॉल ने कमाल कर दिया और इस तेज गेंदबाज का तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना बहुत बड़ी उपलब्धि है।

बुमराह के गेंद से शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में 106 रन की जीत से श्रृंखला1-1 से बराबर करने में सफल रही। इस तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड की पहली पारी में रिवर्स स्विंग से बेहतरीन प्रदर्शन किया और 45 रन देकर छह विकेट झटके। इसके बाद दूसरी पारी में तीन विकेट से मैच में 91 रन देकर कुल नौ विकेट प्राप्त किए। इस प्रदर्शन की बदौलत बुमराह टेस्ट रैंकिंग सूची में शीर्ष पर पहुंच गए और वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज भी बने। बुमराह ने इससे पहले वनडे और टी-20 में भी शीर्ष स्थान हासिल किया था। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, सबसे शानदार प्रदर्शन बूमबॉल था। जसप्रीत बुमराह ने असाधारण गेंदबाजी की।

उन्होंने कहा, वह 14 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और साथ ही नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बन गए। सभी प्रारूपों में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज। मैं उनका बड़ा प्रशंसक हूं और यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। अश्विन ने कहा कि दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खिलाड़ियों में जो उत्साह और ऊर्जा थी, उससे भारत को मनमुताबिक नतीजा




हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा, हम चौथे दिन बराबरी पर थे। लेकिन टीम के खिलाड़ियों में शानदार उत्साह, ऊर्जा और प्रदर्शन से श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में मदद मिली।

पांच मैच की श्रृंखला हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में खेली जा रही है। अश्विन ने कहा कि ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों ने इन स्थानों पर टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। इस अनुभवी स्पिनर ने कहा, 2017 में हम आस्ट्रेलिया से धर्मशाला, रांची, पुणे और बेंगलुरु में खेले थे। आमतौर पर अगर 4-5 मैच की टेस्ट श्रृंखला होती है तो कम से कम एक या दो बड़े शहरों में होती है। उन्होंने कहा, लेकिन इस बार यह उन स्थान पर हो रही है जो विश्व कप मैच का हिस्सा नहीं थे।

### बडोनी का शतक, दिल्ली ने हिमाचल के सामने 327 रन का लक्ष्य रखा

**धर्मशाला।** आयुष बडोनी के शानदार शतक की मदद से दिल्ली ने अपनी दूसरी पारी छह विकेट पर 381 रन के स्कोर पर समाप्त घोषित करके रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में रविवार को यहां हिमाचल प्रदेश के सामने 327 रन का लक्ष्य रखा। बडोनी ने 115 गेंद पर 111 रन बनाए जिसमें 12 चौके और एक छक्का शामिल है। अनुज रावत (32 गेंद पर 54 रन) और यश ढुल (81 गेंद पर 82 रन) ने दिल्ली को आक्रामक शुरूआत दिलाई। इनके अलावा कप्तान हिम्मत सिंह ने 45 और जोंटी सिद्धू ने 46 रन का योगदान दिया। हिमाचल प्रदेश ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर एक विकेट पर 31 रन बनाए थे। उसने प्रशांत चोपड़ा (05) का विकेट दूसरे ओवर में ही गंवा दिया था। हिमाचल को जीत दर्ज करने के लिए मैच के चौथे और आखिरी दिन 296 रन बनाने होंगे। स्टंप उखड़ने के समय शुभम अरोड़ा 15 और अंकित कालसी सात रन पर खेल रहे थे। उधर थुथीपेट में बाएं हाथ के स्पिनर वंशज शर्मा ने अपने पदार्पण मैच में ही दस विकेट लेने का कारनामा दिखाया जिससे जम्मू कश्मीर ग्रुप डी मैच में पुडुचेरी के खिलाफ 19 रन से जीत दर्ज करने में सफल रहा।पुडुचेरी ने सुबह अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 35 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 35.3 ओवर में 67 रन पर आउट हो गई। वंशज ने पुडुचेरी के बाकी बचे तीनों विकेट हासिल किए। वंशज ने पहली पारी में 74 रन देकर पांच विकेट लिए थे जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 16 रन देकर पांच विकेट हासिल किए।

### इंग्लैंड के स्पिनर लीच शेष तीन टेस्ट से भी बाहर



**लंदन।** इंग्लैड के बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच घुटने की चोट के कारण भारत के खिलाफ बचे हुए तीन टेस्ट मैच से बाहर हो गए। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने यह घोषणा की। लीच के स्थान पर किसी और खिलाड़ी को अभी शामिल नहीं किया गया है। इससे संकेत मिलता है कि टॉम हार्टले, रेहान अहमद और शोएब बशीर की स्पिन तिकड़ी ही बचे हुए दौरे में जारी रहेगी। जो रूट इंग्लैंड के चौथे स्पिन विकल्प हैं। लीच को हैदराबाद में इंग्लैंड के पहले टेस्ट दौरान बाएं पैर के घुटने में चोट लगी थी जिससे वह विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। ईसीबी ने कहा, वह अगले 24 घंटे में अबुधाबी से घर के लिए रवाना होगा, जहां इंग्लैंड की टीम 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले रूकी हुई है।

### तेजस्विन शंकर ने सत्र की शुरुआती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता

**एजेंसी।** नई दिल्ली




**भारत** के ऊंची कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एथलीट तेजस्विन शंकर ने बेल्जियम के हेस्ट-ऑप-डेन-बर्ग में इंटरनेशनल हाई जम्प गाला एल्मोस 2024 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 2.23 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता।

पिछले साल अक्टूबर के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे 25 वर्षीय शंकर शनिवार को विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर चैलेंजर टूर्नामेंट में यूनान के एंटोनियोस मर्लोस (2.20 मीटर) से आगे रहे। शंकर के नाम पुरुषों की ऊंची कूद और डेकाथलॉन दोनों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। लेकिन वह अपने 2.29 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर नहीं कर पाए।

शंकर डेकाथलॉन पर भी ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैम्पियनशिप में इस स्पर्धा का कांस्य पदक और एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। उनकी निगाहें पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं लेकिन इसके लिए उन्हें 2.33 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को हासिल करना होगा। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे अन्य भारतीयों में जेसे संदेश 2.09 मीटर की कूद से संयुक्त 10वें स्थान पर रहे। शंकर अब 20 फरवरी को चेक गणराज्य में होने वाली एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे।

### नागल और रामकुमार बेंगलुरु ओपन के पहले दौर में फ्रांस के प्रतिद्वंद्वियों से भिड़ेंगे

**बेंगलुरु।** भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार से यहां शुरु होने वाले बेंगलुरु ओपन के पुरुष एकल मुख्य ड्रा में ज्योफ्रे ब्लांकानॉक्स से भिड़ेंगे जबकि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले रामकुमार रामनाथन का सामना मैक्सिम जानवियर से होगा।

विश्व रैंकिंग में 121वें स्थान पर काबिज नागल फ्रांस के ब्लांकानॉक्स को तीन बार हरा चुके हैं जिसमें आस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफायर में उन्हें पराजित करना भी शामिल है। भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी रामकुमार का फ्रांस के जानवियर के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 1-1 की बराबरी का है और अगर वह पहले दौर की बाधा पार कर लेते हैं तो उनके इटली के शीर्ष वरीय लुका नार्डी से भिड़ने की उम्मीद है जिन्हें पहले दौर में क्वालीफायर से भिड़ना है। आस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन को तीसरी वरीयता मिली है और वह अपने अभियान की शुरूआत भारतीय वाइल्ड कार्डधारी प्रज्वल देव के सामने होंगे। युगल के मुख्य ड्रा में नौ भारतीय हैं। फाइनल 18 फरवरी को खेला जाएगा।

# मैक्सवेल का तूफानी शतक, आस्ट्रेलिया ने सीरीज जीती

## दूसरे टी-20 में विंडीज को 34 से दी शिकस्त

**एजेंसी।** एडीलेड

**आलराउंडर** ग्लेन मैक्सवेल (नाबाद 120 रन) के रिकॉर्ड बराबरी वाले शतक से आस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।

मैक्सवेल ने 55 गेंद की पारी के दौरान आठ छक्के और 12 चौके जमाए। उन्होंने टिम डेविड (14 गेंद में 31 रन) के साथ 92 रन की साझेदारी करके आस्ट्रेलिया को चार विकेट पर 241 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में मदद की। यह मैक्सवेल का पांचवां टी-20



टी-20 में 5वां शतक ठोंक कंगारू बल्लेबाज ने भारतीय कप्तान रोहित की बराबरी की

अंतरराष्ट्रीय शतक है जिससे उन्होंने भारतीय स्टार रोहित शर्मा के रिकॉर्ड की बराबरी की।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने पहले सात ओवर में पांच विकेट गंवा दिए। कप्तान रोवमैन पावेल (36 गेंद में 63 रन) और आंद्रे रसेल (16 गेंद में 37 रन) ने उम्मीद जगाई। लेकिन लक्ष्य इतना पड़ा था कि टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 207 रन ही बना सकी। मार्कस स्टोइनिस ने 36 रन देकर तीन और पदार्पण कर रहे स्पेंसर जॉनसन ने 39 रन देकर दो विकेट झटके। आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को होबार्ट में पहले टी20 में वेस्टइंडीज को 11 रन से हराया था।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आस्ट्रेलिया का स्कोर भी हालांकि 6.4 ओवर के बाद तीन विकेट पर 64 रन था। पर मैक्सवेल ने स्टोइनिस (15 गेंद में 16 रन) के साथ 82 रन की भागीदारी निभाने के बाद टिम डेविस के साथ 92 रन जोड़े। आंद्रे रसेल के अंतिम ओवर में 25 रन बने। मैक्सवेल ने 50 गेंद में शतक जड़ दिया जो आस्ट्रेलिया में किसी टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक है।

# अफीफ अकरम की हैट्रिक से कतर बना एशियाई कप चैंपियन

## खिताबी मुकाबले में जॉर्डन को 3-1 से दी मात, अकरम बने शीर्ष स्कोरर

### मेरे साथियों को मुझ पर पूरा भरोसा था

**एजेंसी।** लुसैल (कतर)

**कतर** ने अकरम अफीफ की पेनल्टी पर की गई हैट्रिक की बदौलत यहां जोर्डन को 3-1 से हराकर लगातार एशियाई कप खिताब अपनी झोली में डाला। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और आठ गोल से शीर्ष स्कोरर अफीफ ने यहां लुसैल स्टेडियम में तीनों स्पॉट किक को गोल में तब्दील करने में जरा भी गलती नहीं की।

पिछले साल इसी स्टेडियम में विश्व कप का फाइनल खेला गया था जिसमें लियोनल मेस्सी और किलियान एमबापे ने इसे रोमांचक



बना दिया था। लेकिन शनिवार को अफीफ आकर्षण का केंद्र रहे और वह एशियाई कप फाइनल में हैट्रिक लगाने वाले पहले फुटबॉलर बने। जापान ने 2000 और 2004 में लगातार एशियाई कप खिताब जीता था। इसके बाद से कतर लगातार खिताब जीतने वाला पहला देश बन गया। स्टेडियम में 86,000 से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। अफीफ ने 22वें मिनट में पहली पेनल्टी को गोल में बदला, जिसके बाद यजान अल नेमत ने 67वें मिनट में गोल कर जोर्डन को बराबरी पर ला दिया।

अफीफ अकरम ने फिर 73वें मिनट में स्पॉट किक से और स्टॉपेज टाइम (95वें मिनट) मिनट में स्पॉट किक से गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने कहा, मैं इन पेनल्टी को गोल में बदल सका क्योंकि मेरे साथियों को मुझ पर पूरा विश्वास था। यह तकनीक के बारे में नहीं बल्कि उस अहसास के बारे में है कि लोग यानी मेरी टीम मेरे पीछे समर्थन के लिए खड़ी है।

### अफ्रीका कप में तीसरे स्थान पर रहा द. अफ्रीका

**अबिदजान।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान रोनवेन विलियम्स ने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाकर कोंगो पर 6-5 की जीत से अपनी टीम को अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स में तीसरा स्थान दिलाने में मदद की। निर्धारित समय में दोनों टीम कोई गोल नहीं कर सकी थीं जिसके बाद कोई एक्स्ट्रा टाइम नहीं खेला गया। विलियम्स ने क्वार्टरफाइनल में भी चार पेनल्टी बचाई थी। दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में नाईजीरिया से हार गया था जबकि कोंगो को आइवरी कोस्ट से पराजय मिली थी।

### हांगकांग में मेसी के नहीं खेलने पर अर्जेंटीना का चीन दौरा रद्द

**एजेंसी।** हांगकांग

**बीजिंग फुटबॉल संघ ने दी जानकारी**

**स्टार** फुटबॉलर लियोनेल मेसी के हांगकांग में प्रदर्शनी क्लब मैच में नहीं खेलने के कारण स्थानीय फुटबॉल अधिकारियों ने चीन दौरे पर अगले महीने होने वाले अर्जेंटीना के दोनों मैत्री मैच को रद्द कर दिए।

बीजिंग फुटबॉल संघ ने कहा कि वह मार्च में बीजिंग में आइवरी कोस्ट के खिलाफ अर्जेंटीना का मैत्री मैच आयोजित नहीं करेगा। संघ ने स्थानीय मीडिया से कहा, बीजिंग की इस समय वो मैच आयोजित कराने की योजना नहीं है जिसमें लियोनल मेसी को हिस्सा लेना था। वहीं एक दिन पहले चीन के खेल अधिकारियों ने नाईजीरिया के खिलाफ अर्जेंटीना का प्रदर्शनी मैच रद्द कर दिया था। मेसी की कप्तानी में विश्व कप चैम्पियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था। इस दौरे पर अर्जेंटीना को बीजिंग में आइवरी कोस्ट और हांगझोउ में नाईजीरिया के खिलाफ मैच खेलने थे। लेकिन मेसी ने अपने इंटर मियामी क्लब के साथ दौरे पर हांगकांग में प्रशंसकों को नाराज कर दिया था।

वह पिछले रविवार को ग्रोइन चोट के कारण यहां आयोजित क्लब के मैत्री मैच में नहीं खेले और बेंच पर बैठे रहे थे। वहीं बुधवार को वह तोक्यो में विसेल कोबे के खिलाफ मैच में 30 मिनट तक मैदान पर उतरे थे जिससे खेल प्रेमी काफी नाराज हो गए थे।